वर्ष- 12 अंक - 32
लखनऊ, मंगलवार 17 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



समय से फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करें अफसर : केशव 03

जम्मू में जड़ से खत्म होगा आतंकवाद : शाह 12

# ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनने को प्रयासरत है भारत

**हमने दुनिया को लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट का विजन दिया**

एजेंसी



**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए भारत ने 20 हजार करोड़ रुपये का ग्रीन हाइड्रोजन मिशन लॉन्च किया गया है। देश में वेस्ट टू एनर्जी का बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। क्रिटिकल मिनरल से जुड़ी चुनौतियों के लिए पहचान के लिए सर्कुलर एप्रोच को प्रमोट किया जा रहा है। रियूज और रिसाइकिल से संबंधित बेहतर तकनीक के लिए स्टार्टअप को स्पोर्ट किया जा रहा है।

प्रो प्लानेट पिपुल का सिद्धांत हमारा कमिटमेंट है। भारत ने दुनिया को मिशन लाइफ यानी लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट का विजन दिया है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में चौथे ग्लोबल री-इन्वेस्ट रिनेबल एनर्जी इनवेस्टर्स समिट का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा कि गुजरात की जिस धरती पर श्वेत क्रांति का उदय हुआ, मधु क्रांति हुआ, सूर्य क्रांति का उदय हुआ। गुजरात भारत का वह राज्य है, जिसने भारत में सबसे पहले अपनी सोलर पावर पॉलिसी बनाई। पहले गुजरात में पॉलिसी बनी इसके बाद हम राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़े। क्लाइमेट के लिए भी अलग से मिनिस्ट्री बनाने में भी गुजरात बहुत आगे था। मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी ने दुनिया को सचेत किया था। महात्मा गांधी का यह विजन भारत की महान परंपरा से निकला है। हमारे लिए ग्रीन फ्यूचर, नेट जीरो कोई फैंसी वर्ड नहीं है, यह भारत की जरूरत है, सरकार का कमिटमेंट है। आज का भारत सिर्फ आज का नहीं बल्कि आने वाले एक हजार साल का बेस तैयार कर रहा है। हमारा मकसद सिर्फ टाप पर पहुंचना नहीं है, वहां टिके रहने की है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी जरूरत के लिए सोलर पावर, विंड पावर, न्यूक्लियर और हाइड्रो पावर के आधार पर भविष्य तैयार करने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने सोलर पावर संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

**गांव-गांव में अमृत सरोवर से जल संरक्षण हो रहा**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने इंटरनेशनल सोलर एलायंस का प्रयास कर दुनिया के सैकड़ों देशों को जोड़ा है। भारत ने अपने रेलवे को भी इस दशक के अंत तक नेट जीरो बनाने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनोल के लक्ष्य को हासिल करेंगे। गांव-गांव में अमृत सरोवर से जल संरक्षण हो रहा है। मां के नाम पर लोग पेड़ लगा रहे हैं। भारत का प्रयास पूरी तरह से मेड इन इंडिया सॉल्युशन के रूप में है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने 60 साल बाद लगातार किसी सरकार को तीसरा टर्म दिया है। आज 140 करोड़ भारतवासियों को भरोसा है, युवाओं को भरोसा है, महिलाओं को भरोसा है कि उनकी आशाओं को पिछले 10 साल में जो पंख लगे हैं, वे इस थर्ड टर्म में एक नई उड़ान भरेंगे। देश के गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित और वंचित को भरोसा है कि हमारा थर्ड टर्म उसके गरीमापूर्ण जीवन जीने की गारंटी बनेगा। भारतीय जनता देश को तेजी से टाप थ्री इकोनॉमी में पहुंचाने का संकल्प लेकर काम कर रहे हैं। यह 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के हमारे एक्शन प्लान का हिस्सा है। हम यह काम कैसे कर रहे हैं, इसका ट्रेलर थर्ड टर्म के हमारे पहले 100 दिनों के फैसलों में दिखता है। कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। देश में 7 करोड़ घर बना रहे हैं। यह दुनिया के कई देशों की आबादी से भी ज्यादा है। सरकार ने अपने दो टर्म में 4 करोड़ घर बना दिए हैं।

**सवा तीन लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का काम पूरा**

प्रधानमंत्री ने रूफटॉप स्कीम को यूनिक स्कीम बताते हुए कहा कि भारत का हरेक घर पावर प्रोड्यूसर बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कहा कि इस योजना के तहत सवा तीन लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का काम पूरा भी हो चुका है। इसके परिणाम अद्भुत है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को बिजली बिल बचेगा और जो बचाएंगे उससे उन्हें 25 हजार रुपये कमाएंगे। 20 साल बाद 10-12 लाख रुपये की कमाई होगी। यह पैसा बच्चों की पढ़ाई से लेकर शादी-ब्याह में काम आएंगे। यह 20 लाख रोजगार का जनक और पर्यावरण के संरक्षण का काम करेगा। पीएम मोदी ने मोढेरा का जिक्र कर सूर्य मंदिर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह से सौर ऊर्जा गांव है। उन्होंने अयोध्या को सोलर मॉडल सिटी बनने की जानकारी दी।

## समुद्र में मछली पकड़ने गए 49 मछुआरे लापता

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर के सुल्तानपुर मछली बंदरगाह से समुद्र में मछली पकड़ने गए 49 मछुआरे तीन ट्रॉलरों के साथ लापता हो गए हैं। प्रशासन की ओर से हेलीकॉप्टर द्वारा सोमवार सुबह से ही इन मछुआरों की तलाश की जा रही है लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। मछुआरों के परिवार वाले चिंतित होकर प्रशासन से जल्द से जल्द जानकारी देने की मांग कर रहे हैं। मछुआरों के परिजनों के अनुसार पिछले मंगलवार को सुल्तानपुर मछली बंदरगाह से एक दल गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए निकला था और उन्हें रविवार तक लौटना था। बाकी मछुआरे लौट आए लेकिन इन तीन ट्रॉलरों में सवार 49 मछुआरों का कोई पता नहीं चल पाया। पहले नाव और ट्रॉलरों से तलाशी अभियान शुरू किया गया था लेकिन सोमवार को प्रशासन ने हवाई मार्ग से तलाशी के लिए हेलीकॉप्टर भेजा। मछुआरों के मुताबिक 'मा रिया' और 'श्री हरी' नाम के दो ट्रॉलरों सहित कुल तीन ट्रॉलरों के इंजन खराब हो गए थे, जिससे ट्रॉलरों के प्रोपेलर भी काम करना बंद कर दिए। अन्य मछुआरों ने इन ट्रॉलरों को खींचकर वापस लाने की कोशिश की लेकिन तेज समुद्री धाराओं के कारण वे सफल नहीं हो सके।

## सड़क किनारे बैठे लोगों को पिकअप ने रौंदा, चार की मौत, पांच घायल

**मौके पर थाना प्रभारी अमरपाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे**

समृद्धि न्यूज




**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में सोमवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां रजपुरा थाना क्षेत्र में सड़क किनारे बैठे नौ लोगों को एक अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने रौंद डाला। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोगों की हालत गम्भीर बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, वहीं शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा।

पुलिस उपाधीक्षक गुन्नौर गणेश कुमार ने बताया कि जनपद के रजपुरा थाना क्षेत्र में अनूपशहर गवां मार्ग पर सोमवार सुबह कुछ लोग सड़क किनारे बैठे थे। इस दौरान अनूपशहर की तरफ आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने उन्हें रौंद दिया। यह हादसा इतना जबरदस्त था ?कि मौके पर चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना के मिलते ही थाना प्रभारी अमरपाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने भोपतपुर पक्के की मढैया निवासी लीलाधर पुत्र यादराम, ओमपाल पुत्र प्रेमपाल, पूरन पुत्र सुखराम, धारामल पुत्र अमर सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि छह माह के मासूम बच्चे समेत पांच लोगों को गम्भीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस अधीक्षक कृष्णा विश्नोई ने बताया कि एक बोलेरो पिकअप द्वारा सड़क किनारे बैठे एक ही परिवार के लोगों पर टक्कर मार दी गई है। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। एक मासूम बच्चे समेत परिवार के पांच लोग घायल हैं जिनका बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर में भर्ती कराया है। जिलाधिकारी ने घायलों का हालचाल जाना है। चिकित्सकों की निगरानी में उपचार जारी है। हादसे में चालक को पकड़ लिया गया है। हादसे में वह भी चोटिल हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीप व टैंकर के टकराने से आठ की मौत, पन्द्रह घायल

**जयपुर।** राजस्थान में सिरोही जिले के पिंडवाड़ा क्षेत्र में रविवार रात एक जीप और टैंकर के टकरा जाने से एक बच्चा एवं दो महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई जबकि पन्द्रह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उदयपुर जिले के ओगणा के रहने वाले ये श्रमिक एक जीप में बैठकर बालोतरा जिले के नाकोडाजी में मजदूरी के लिए जा रहे थे कि रात करीब साढे आठ बजे पालनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 पर सामने से आ रहा टैंकर और उनकी जीप टकरा गए। मृतकों में ओगणा निवासी धनपाल (24), हेमंत (21),राकेश (25), मुकेश (25), जीप चालक सुमेरपुर निवासी कानाराम, ठेकेदार शिवगंज निवासी वरदाराम शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि घटना में गंभीर रूप से घायल चार लोगों को उदयपुर रेफर किया गया है जबकि अन्य को सिरोही के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं।

### पीएम को भेंट की गई स्मृति चिन्हों की ई-नीलामी आज से

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेंट मे मिले स्मृति-चिह्नों और उपहारों की एक शानदार श्रृंखला को प्रदर्शित करते हुए एक ई-नीलामी मंगलवार से शुरू हो रही है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित इस नीलामी में इस बार 100 से अधिक स्मृति चिन्ह और उपहार रखे गए हैं। यह नीलामी में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलेगी। इस नीलामी से जमा राशि को नमामी गंगे परियोजना में भेंट की जाएगी। सोमवार को राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) में केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रख्यात सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक द्वारा बनाई कलाकृति का उद्घाटन किया। पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को उपहार में दिए गए स्मृति चिन्हों की ई-नीलामी में करीब 100 से अधिक उपहारों को रखा गया है।

### दिल्ली के नये मुख्यमंत्री पर आज होगा फैसला

**नई दिल्ली ।** आप विधायक दल की बैठक में मंगलवार दोपहर दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंपेंगे। वहीं, आप विधायक दल के नेता के साथ नई सरकार के गठन का दावा भी पेश करेंगे। इसके बाद दिल्ली में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी। उधर, सोमवार मुख्यमंत्री ने राजनीतिक मामलों की समिति के साथ बैठक की। इसमें हर सदस्य से एक-एक करके दिल्ली की मौजूदा सियासी स्थिति में नए मुख्यमंत्री के बारे में उनकी राय जानी।

## यूपी के पश्चिमी इलाके में तेज बारिश की संभावना

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में मानसून की सक्रियता बराबर बनी हुई, जिससे बारिश का दौर जारी है। सोमवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित मध्य क्षेत्र के कई जनपदों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिससे तापमान लगभग सामान्य की स्थित में पहुंच गया और लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी हद तक राहत मिल रही है। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पश्चिमी इलाके में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि बांग्लादेश के ऊपर बना डिप्रेशन पश्चिम उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ गया है।

## धर्म परिवर्तन कराने के मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज



**सुल्तानपुर ।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने झाड़ फूँक और लालच की आड़ मे गरीब, दलित लोगों को अपने जाल मे फंसा कर धर्म परिवर्तन कराने वाले नामजद चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन के नामजद-वांछित आरोपित अच्छेलाल पुत्र श्यामलाल निवासी पखरौली, राजीव कुमार पुत्र राजाराम निवासी केनौरा, मुकेश पुत्र प्रमोद कुमार निवासी बैनी थाना लम्भुआ, सुभाष कुमार पुत्र स्व. मिट्ठूलाल निवासी सरायअचल को थाना कोतवाली देहात की पुलिस टीम ने बीती रात ग्राम पखरौली से गिरफ्तार किया है। पुलिस विवेचना में यह तथ्य सामने आया है कि अच्छेलाल उपरोक्त जिसका धर्मान्तरण कन्हैयालाल पुत्र छोटेलाल निवासी भदैयां थाना लम्भुआ द्वारा कराया गया था। जिसके बाद अच्छेलाल ने अपने अन्य उपरोक्त सहयोगियों के साथ मिलकर क्षेत्र के गरीब दलित व छोटे बच्चे और पुरूष महिलाओं को अन्ध विश्वास में लेकर धर्म परिवर्तन करा रहा था।

## आरजी कर मामले में सीबीआई संदीप व अभिजीत मंडल से करेगी पूछताछ

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच एजेंसी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के एक्स स्टेशन ऑफिसर अभिजीत मंडल से एक साथ पूछताछ करेगी। दोनों पर संदेह तब गहराया, जब जांच अधिकारियों को संदीप घोष और अभिजीत मंडल के बीच 9 बार फोन पर बात करने की जानकारी मिली। रविवार 15 सितंबर को सीबीआई के वकील ने कोलकाता की एक विशेष अदालत को 9 अगस्त की सुबह दोनों के बीच कई टेलीफोन कॉल के बारे में भी जानकारी दी। संदेह की दूसरी सबसे बड़ी वजह यह है कि मंडल अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति थे।

## मुख्तार की विसरा रिपोर्ट में जहर की पुष्टि नहीं

**डीएम ने पांच माह तक जांच के बाद शासन को भेजी रिपोर्ट**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बांदा जेल में बंद बाहुबली मुख्तार अंसारी की मौत दिल का दौरा पड़ने से ही हुई थी विसरा रिपोर्ट में भी ये बात स्पष्ट हो गई है। बांदा के डीएम ने इससे संबंधित जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। बांदा डीएम राजेश कुमार ने करीब 5 महीने तक चली जांच करने के बाद शासन को रिपोर्ट भेजी है।

लखनऊ भेजी गई विसरा रिपोर्ट में जहर की पुष्टि नहीं हुई है। सीसीटीवी फुटेज और बैरक की जांच के अलावा खाने की जांच रिपोर्ट का भी अध्ययन किया गया। इसकी जांच के लिए जेल अधिकारियों और डॉक्टरों समेत 100 से ज्यादा लोगों के बयान लिए गए। जांच में परिजनों के स्लो पॉइजनिंग के आरोपों को खारिज कर दिया गया है।

बांदा जेल में बंद बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी की मौत की वजह हार्ट अटैक थी। इससे पहले पोस्टमार्टम और विसरा जांच में किसी भी तरह के जहर की पुष्टि नहीं हुई थी। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने कहा था कि तीन सदस्यीय समिति मौत की जांच करेगी।

**28 मार्च को बांदा जेल में हुई थी माफिया की मौत**

बता दें कि उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को मौत हो गई थी। इस घटना के बाद परिजनों ने जेल प्रशासन पर धीमा जहर देने का गंभीर आरोप लगाया था। हालांकि, तब भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई थी। इसके बाद विसरा जांच के लिए भेजा गया था। 20 अप्रैल को आई विसरा रिपोर्ट में भी जहर की मौजूदगी नहीं पाई गई। उत्तर प्रदेश सरकार ने 29 मार्च को मुख्तार अंसारी की हत्या की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए थे।

## युवाओं को हर माह 3500 भत्ता व भूमिहीन किसानों को 4000 रुपए आर्थिक सहायता देगी कांग्रेस

**जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र**

एजेंसी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस घोषणा पत्र में कांग्रेस ने बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3500 रुपये बेरोजगार भत्ता और भूमिहीन किसानों को हर साल 4000 रुपये की अतिरिक्त आर्थिक सहायता देने का वादा किया गया है।

पार्टी ने इस मेनिफेस्टो का नाम 'अब बदलेगा हालात' रखा है। कांग्रेस ने खाली पड़े एक लाख सरकारी पदों को भरने का भी वादा किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता पवन खेड़ा और प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने पार्टी मुख्यालय में घोषणा पत्र जारी किया। पवन खेड़ा ने कहा, 'हम भूमिहीनों, जोतदार और भू-स्वामी कृषक परिवारों को हर साल 4,000 रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता मुहैया कराएंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में किसानों के लिए 100 प्रतिशत सिंचाई सुनिश्चित करने के लिए सभी जिला स्तरीय सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2,500 करोड़ रुपये का कोष स्थापित किया जाएगा। बीजेपी की तरह कांग्रेस भी वोटरों को अपनी तरफ मोड़ने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है। घोषणापत्र में महिलाओं को विशेष महत्व दिया गया है। कांग्रेस ने सत्ता में आने पर हर गरीब परिवार की महिला मुखिया को हर महीने 3,500 रुपये दिए जाने की बात कही है।

## एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के फाइनल में पहुंची भारतीय टीम

**खिताबी मुकाबले में होगा चीन से सामना**

एजेंसी



**हुलुनबुइर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के फाइनल में पहुंच गई है। भारतीय टीम ने यहां सोमवार को सेमीफाइनल 2 में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हरा दिया। मैच में भारत की ओर से उत्तम सिंह (13वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (19वें, 45वें मिनट) और जरमनप्रीत सिंह (32वें मिनट) ने गोल दागा, जबकि दक्षिण कोरिया की ओर से एक मात्र गोल जिहुन यांग (33वें मिनट) ने किया। अब भारतीय टीम मंगलवार को फाइनल में मेजबान चीन के खिलाफ खेलने उतरेगी। चीन ने सेमीफाइनल 1 मैच में पाकिस्तान को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है।

मैच में भारतीय टीम पहले क्वार्टर से ही दक्षिण कोरिया पर हावी दिखी। 13वें मिनट में उत्तम सिंह ने गोल कर भारतीय टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 19वें मिनट में गोल कर भारतीय टीम की बढ़त 2-0 कर दी। पहले हॉफ तक भारतीय टीम 2-0 से आगे रही। भारतीय हॉकी टीम ने तीसरे क्वार्टर में भी दक्षिण कोरिया के खिलाफ बढ़त बरकरार रखी। जरमनप्रीत सिंह ने 32वें मिनट पर शानदार गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। हालांकि अगले ही मिनट दक्षिण कोरिया ने वापसी की और गोल दागा। जिहुन यांग ने 33वें मिनट में गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया। भारत को तीसरा क्वार्टर खत्म होने से पहले एक पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसका फायदा उठाते हुए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने इस मैच का दूसरा गोल दाग दिया। इससे भारतीय टीम ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ 4-1 की बढ़त बना ली। चौथे एवं अंतिम क्वार्टर में दक्षिण कोरिया ने वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने उनके हर प्रयास को विफल कर दिया।

## हरियाणा में कांग्रेस को समर्थन करेगी सपा, बीजेपी को रोकना पार्टी का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** हरियाणा असेंबली इलेक्शन को लेकर सपा ने कांग्रेस को समर्थन का ऐलान किया है। सपा हरियाणा प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों का समर्थन व सहयोग करेगी।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी एडवोकेट ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने इंडिया गठबंधन का प्रमुख घटक होने के नाते कांग्रेस से शुरू में 17 सीटें मांगी थी। ज्यादा बताने पर पार्टी ने 11 सीटों पर लड़ने की इच्छा जाहिर की थी। फिर पार्टी 5 सीटों पर भी लड़ने को तैयार हो गयी मगर उनको भी कांग्रेस द्वारा ज्यादा बताने पर समाजवादी पार्टी मात्र 3 सीटों पर लड़ने के लिए सहमत हो गयी थी। कांग्रेस पार्टी ने गठबंधन धर्म न निभाते हुए समाजवादी पार्टी के लिए कोई सीट नहीं छोड़ी। कांग्रेस पार्टी के महासचिव वेणुगोपाल ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को व्हाट्सअप मैसेज भेज सीटें देने की सूचना दी थी जिसे पार्टी ने गंभीरता से लिया, फिर भी समाजवादी पार्टी अपने मूल्यों व सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को सहयोग व समर्थन करेगी क्योंकि पार्टी नहीं चाहती कि सत्ताधारी भाजपा के खिलाफवोटों का बिखराब हो। यह फैसला सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पार लिया गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का पार्टी संगठन चुनाव प्रचार के लिए बुलाएगा तो वहां जाएंगे। उनका नाम प्रचारकों की लिस्ट में भी शामिल है लेकिन हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए जाने के सवाल पर कुछ नहीं बोले।

**फोकस**

**योगी सरकार प्रदेश को पंप स्टोरेज प्लांट्स का बनाना चाहती है हब**

## पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बनने जा रहे हैं सोनभद्र, चंदौली-मीरजापुर

**कुल छह पंप प्लांट्स की स्थापना को लेकर तेजी से होगा काम**

विकास तिवारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में भी उत्तम प्रदेश बने, इसके लिए योगी सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों और रिकॉर्ड ऊर्जा खपत जरूरतों के बीच सीएम योगी के विजन अनुसार क्लीन एनर्जी सेक्टर पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इस क्रम में, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही अब योगी सरकार हाइड्रो बेस्ड पंप प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री योगी का विजन है कि उत्तर प्रदेश पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बने, ऐसे में प्रदेश में मीरजापुर, चंदौली और सोनभद्र इस दिशा में भूमिका निभाने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि इन पंप प्लांट्स का प्रदेश में सबसे बड़ा हब मीरजापुर बनने जा रहा है।



**मीरजापुर में चार प्लांट्स से 3480 मेगावॉट ऊर्जा का होगा उत्पादन**

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मीरजापुर में पंप स्टोरेज प्लांट्स के प्रोजेक्ट के जरिए योगी सरकार 3480 मेगावॉट ऊर्जा उत्पन्न करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। परियोजना के अंतर्गत 26 जून से 29 अगस्त के बीच कुल चार पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स की स्थापना को हरी झंडी मिली है। इनमें अवाडा ग्रुप द्वारा कटरा में 4410 करोड़ रुपये की लागत से 630 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन करने में सक्षम पंप स्टोरेज प्लांट का निर्माण व विकास कार्य किया जाएगा।

**सोनभद्र में होगा सबसे बड़ा प्लांट, 1250 मेगावॉट होगी कैपेसिटी**

सीएम योगी के विजन अनुसार, परियोजना के अंतर्गत सबसे पहले इसी वर्ष 30 मई को सोनभद्र के गर्हावा में 1250 मेगावॉट कैपेसिटी का हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट लगाने की स्वीकृति मिली थी। एक्वाग्रीन इंडीनियरिंग मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसे डेवलप किया जा रहा है और यह ऑफ स्ट्रीम लूप पंप प्रोजेक्ट होगा। यहां दो रिजर्वयर में सोन नदी का पानी पंप करके स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ाई जाएगी जिसके बाद रिजर्वॉयर से 4.6 किलोमीटर दूर पंप इनटेक वेल की स्थापना की जाएगी। 6100.62 करोड़ रुपये की धनराशि के जरिए सभी निर्माण व विकास कार्यों को परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा।

**छह प्लांट्स के जरिए होगा 4730 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन**

योगी सरकार इन सभी छह प्लांट्स के जरिए प्रदेश में कुल मिलाकर 4,730 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। खास बात यह भी है कि इन सभी प्लांट्स को अगस्त के बीच में क्लीयरेंस दे दी गई है और अब इनकी स्थापना, निर्माण व विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होने वाली है। उल्लेखनीय है कि इन छह प्लांट्स के अतिरिक्त सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर में अन्य पंप स्टोरेज प्लांट्स को लेकर भी एक्मे, अवाडा व ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम के पास इन प्रिंसिपल अप्रूवल है और इन सभी परियोजनाओं पर तेजी से कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए योगी सरकार द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं।

# शारदा में अधिक पानी आने से खतरे के निशान पर कई गांव

- कट रही हरी भरी फसलें आशियानो तक भरा पानी



इस संबंध उप जिलाधिकारी धौरहरा द्वारा अवगत कराया गया क्षेत्रीय लेखपालों को निर्देशित किया गया है अपने क्षेत्र की हर ग्राम पंचायत पर नजर बनाए रखें कही पर कोई भी असुविधा न होने पाए प्रबल समस्या होने पर हमे अवगत कराते रहे।
राजेश कुमार उप जिलाधिकारी धौरहरा

हम लोगों की फसल पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुकी हैए घरों के अंदर पानी पहुंच चुका है खाना बनाने से लेकर बैठने उठने तक की भी समस्याएं उत्पन्न हो रही है हम लोगों ने छोटी समस्या पर ही अधिकारियों को अवगत कराया था लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया कार्य धीमी गति से चलता रहा नतीजा आज बच्चो से लगाकर बड़े तक परेशान हो रहे है।
–शिवकुमार सिंह, क्षेत्रीय निवासी

अभी तक कोई अधिकारी कर्मचारी ग्राम पंचायत में प्रवेश नहीं हुआ हैए पिछली बार आई बाढ़ में हम सबकी फसल बर्बाद हुई थी जिसका आज तक मुआवजा नहीं मिला है आज घरों में पानी भर जाने से खाने तक के संकट हो रहे हैं।
–दुलारे भार्गव खडवा

**क्या कहते है जिम्मेदार ...**

समस्या से पूर्व संबंधित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया था जिसपर संबंधित विभाग द्वारा कार्य भी चालू किया गया लेकिन कुछ समस्या आने पर कार्य बाधित हुआ उसके बाद पुनः कार्य को प्रगति नहीं मिली जिससे कहीं ना कहीं समस्याएं हुई हैंस हम अपनी ग्राम पंचायत के लिए पूरा प्रयास करेंगे हर संभव सुधार होगा। संबंधित विभागीय अधिकारियों से बात हो गई है उनके द्वारा आश्वासन मिला है पानी कम होते ही कार्य चालू होगाए ग्राम पंचायत के साथ हम तथा तहसील प्रशासन पूर्ण रूप से खड़ा है स किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होगी। – सरस्वती प्रताप तिवारी प्रधान ग्राम पंचायत लखपेड़ा

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र धौरहरा के अधिकांश गांव शारदा नदी के कहर से प्रभावितए ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लखपेड़ा, खड़वा, खनवापुर टीकनपुरवा, फत्तेपुरए रोटिहा सहित धौरहरा क्षेत्र के अधिकांश गांव शारदा के कहर से प्रभावित है। ग्राम पंचायत लखपेड़ा में धीरे धीरे कटता बांध आज पूरी तरह कुछ हिस्सा कटकर साफ हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बहुत पहले ही अधिकारियो को प्रार्थना पत्र देकर बांध सुधारने का निवेदन किया गया था। आरोप है कि अधिकारियो ने कागजों पर ही कार्य कर दियाए जमीनी हकीकत वही की वही रही। लखपेड़ा तथा खड़वा गांव में घरों के अंदर बाढ़ का पानी भर जाने से ग्रामीणों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जीव जंतु सहित बीमारियो के बढ़े खतरे से ग्रामीण भयभीत हो गए हैं।



## धूमधाम से निकाला गया बारावफात का जुलूस

**बिजुआ खीरी।** कोतवाली भीरा क्षेत्र के अन्तर्गत जगह जगह बड़े ही धूमधाम से ईद मिलादुन्नबी हुजूरे सरकारे दोआलम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में बड़ी ही अकीदत के साथ धूमधाम से जालूसे निकाला गया। जुलूस में इस्लामी झंडे के साथ तिरंगा झंडा भी फहराया गया।मुस्लिम समाज के लोगो ने प्रमुख चौराहो पर जुलूस निकालकर खुशी का इजहार किया देश मे अमन चैन की दुआएं माँगी गई। कई गांव के लोगों ने इस जुलूस में शिरकत फरमाया। जुलूस में बस्तौली, नौसर, गुलरिया, मुड़िया हेमसिंह, परिया तुला, मलूकापुर कला, पहाड़ापुर सवारान, गोंधिया व अन्य गांव के लोगों ने हुजूर सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम बारा वफात रबी उल अव्वल की शान में इस्लामी झंडे के साथ तिरंगा झंडा फहराकर कस्बा पड़रिया तुला में सवाबे दारैन हासिल किया और जुलूस निकाला। इस मौके पर सुरक्षा के दृष्टिगत से बिजुआ व पड़रिया तुला चौकी प्रभारी मय फोर्स मौजूद रहे।

# अंगदपुर गाँव में 12 रबी उल अव्वल का निकला जुलूस

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मैलानी थाना की पुलिस चौकी संसारपुर क्षेत्र के अंगदपुर गाँव मे 12 रबी उल अव्वल का जुलूस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ निकाला गया। इस अवसर पर ईद मिलादुन्नबी के पर्व की खुशी में गांव भर में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मदरसा मदीना तुल उलूम कादरिया से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शुरू हुआ जो पूरे गांव में घुमाया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर गांव को शानदार तरीके से सजाया गया। बल्ली गाड़ने तार झंडा लगाने झालर से गांव की गलियों और मार्गो को सजाया गया। जिसमें आफ्ताब खान के द्वारा लंगर का इंतजाम किया गया। नूरी मस्जिद के मौलाना सफीक रजा खान साहब ने बताया कि मस्जिदों में रोशनी की सजावट पूरी कर ली गई है।

उन्होंने हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश के इस खास मौके पर अमन, चैन, और भाईचारे की अपील की।

रजा मस्जिद के मौलाना जहीन रजा खान ने मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने और भाईचारा व शांति बनाए रखने की सलाह दी गई। इस मौके पर सदर कलीम खानएसदर फारूक खान, फुरकान एडवोकेट ,उस्मान एजगगन, सईद, मेड़ई बनीस सिकंदर, लाल मो. अकरम, सहीक, आकिल, शेर मो. वारिस आदि भारी संख्या में लोग जुलूस में शामिल हुये, पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरती। संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित मोहित पुंडीर कांस्टेबल विकास कुमार, कांस्टेबल गौरव उज्जवल एकांस्टेबल दिनेश कुमार आदि दलबल के साथ सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहे।

# भूमि पूजन संग शारदीय नवरात्र की तैयारियां शुरू

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र में नवदुर्गा पूजा को लेकर ग्राम पंचायत भैंठिया में सोमवार को पंडित राधेश्याम मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन और ध्वज पूजन कराया। भूमि पूजन के साथ ही सेवादारों को भव्य दरबार सजाने हेतु कार्य सौंप दिए गए हैं।

विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत भैंठिया में तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्र के अवसर पर होने वाली दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को पूजा अर्चना के साथ भूमि पूजन व ध्वज पूजन किया गया। दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष हरदयाल वर्मा ने बताया कि भूमि पूजन के साथ आज से ही यहां पर शारदीय नवरात्र के अवसर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को धूमधाम से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सभी सेवादारों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। आगामी तीन अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्र के मौके पर माता रानी के दिव्य दर्शनों के लिए कृत्रिम दुर्गम पहाड़ियां, पेड़ पौधे, सीढ़ियों आदि का निर्माण कर भक्तों द्वारा मां दुर्गा के दरबार को भव्य रूप दिया जाएगा। भूमि पूजन के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। कमेटी प्रबंधक पूर्व प्रधान संतराम वर्मा ने बताया कि गुरुवार तीन अक्टूबर को मूर्ति स्थापना, शुक्रवार 11अक्टूबर को हवन पूजन, शनिवार 12 अक्टूबर को कन्या भोज एवं भंडारा के साथ पवित्र शारदा नदी में मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। साथ ही तीन अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक प्रतिदिन दरबार में कलाकारों द्वारा जागरण एवं सजीव झांकियां दिखाई जाएंगी। इस मौके पर मनोज श्रीवास्तव, अभिषेक वर्मा, कामता प्रसाद चक्रवर्ती, आलोक वर्मा, अनिल शर्मा, रामशरन वर्मा, रमेश चंद्र यादव, प्रेम नारायण शर्मा, रामकिशोर गुप्ता, कामता प्रसाद कश्यप सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बाढ़ग्रस्त ग्राम बड़ा पटवारा से रेस्क्यू की गई गर्भवती महिला

- देर रात सीएचसी पलिया में बच्ची का हुआ जन्म परिजन ने जिलाधिकारी का जताया आभार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



संकट की घड़ी मेंशासन.प्रशासन के हरसंभव सहायता के संकल्प के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन और नेतृत्व में सुरक्षित प्रसव कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी ;पलिया कार्तिकेय सिंह ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया डॉ भरत वर्मा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम को ट्रैक्टर से बाढ़ग्रस्त गांव बड़ा पटवारा भेजा जहां गर्भवती महिला को परिवारीजनों संग ट्रैक्टर के जरिए रात्रि दो बजे सीएचसी पलिया पर लाया गया। करीब रात्रि 3:30 बजे चिकित्सकों के प्रयास से सफलतापूर्वक पुत्री का जन्म हुआ। पारिवारिक जनों ने बेटी के जन्म पर खुशी जाहिर करते हुए संकट की घड़ी में प्रशासन की ओर से की गई मदद के लिए आभार भी जताया।

# पत्रकार हीन भावना छोड़ें और सकारात्मक पत्रकारिता करें: मनोज



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले के युवा पत्रकारों के संगठन खीरी मीडिया क्लब की बैठक में जन सरोकार की पत्रकारिता के लिए संकल्प लिया गया। ष्चलो गांव की ओरष् अभियान के तहत मितौली तहसील के गुलौला गांव में संगठन के लोग जुटे। अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि पत्रकार हीन भावना छोड़ें और सकारात्मक पत्रकारिता करें।

समाज के लिए मिसाल बनने वाली खबरों पर काम हो। पुरानी पद्धति छोड़कर नए ढंग की पत्रकारिता पर फोकस रखें। संगठन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत पांडे ने कहा कि डिजिटिल के इस युग में पत्रकारों के सामने कई चैलेंज हैं। सोशल मीडिया पर सक्रियता दिखाते हुए नए विषयों जैसे वनए पर्यावरण पर भी खबरें लिखी जाएं। कार्यक्रम के दौरान संगठन के नए सदस्यों सुरजीत चानी, इलियास चिश्ती, गोपाल गिरि, शरद मिश्र, सर्वेश गुप्ता, विनीत गुप्ताए धीरज तिवारी, डॉ उमेश तिवारीए सर्वेश शुक्ला का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को महामंत्री प्रतीक श्रीवास्तव, धर्मेंद्र राजपूत शिवम राठौर ने भी संबोधित किया। इस दौरान शायर व पत्रकार इलियास चिश्ती ने शायरी से समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान पवन तिवारी, जिला मंत्री सैयद फैजल, संगठन मंत्री रितेश भसीन मन्त्री, अनिल वर्मा, आनन्द तिवारी ए विवेक सिंह आदि मौजूद रहे। अंत में कोषाध्यक्ष मयंक त्रिवेदी के संयोजन में आयोजित सहभोज कार्यक्रम में सभी ने शुद्ध व देशी भोजन का आनंद उठाया।

## अकीदत के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का पर्व

**मितौली खीरी।** ईद मिलादुन्नबी का पर्व सोमवार को कस्बे में अकीदत के साथ मनाया गया। जुलूस में इस्लामी झंडे के साथ तिरंगा झंडा भी लहराया गया। देश में अमन चैन की दुआएं मांगी गई। मुस्लिम समाज के लोग व नन्हे.मुन्ने बच्चों ने प्रमुख चौराहों पर जुलूस निकाल कर खुशी का इजहार किया। साथ ही पैगंबरे इस्लाम के जन्मदिन की खुशी में लोगों ने मिठाइयां बांटी।

मितौली कस्बे में सोमवार को सुबह नूरी जामा मस्जिद से जुलूस ए मोहम्मदी का शुरुआत की गई। जिसमें मदरसों के बच्चो व मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस नूरी जामा मस्जिद से होते हुए अस्पताल रोड लखीमपुर मैगलगंज मार्ग होते हुए इस्लामनगर मोहल्ला पहुँचा। उसके बाद वहां से जुलूस लखीमपुर मैगलगंज मार्ग होते हुए जामा मस्जिद पहुँचा। वहाँ से जुलूस नूरी जामा मस्जिद वापस पहुँच कर सम्पन्न हुआ। जुलूस के दौरान लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी और जुलूस में लोग या रसूलल्लाह सरकार की आमद मरहबा, नारे तकबीर अल्लाहु अकबर के नारे भी लगाते रहे। जुलूस में जगह-जगह लोगों ने एक दूसरे को बिस्किट पानी व मिठाई भी बांटी।

## वयोवृद्ध भाजपा नेता ठाकुर जोगेंद्र सिंह का निधन

**अमीरनगर खीरी।** जनसंघ पार्टी से लेकर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने में सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले भारतीय जनता पार्टी के ठाकुर जोगेंद्र सिंह का 95 वर्ष की आयु में रविवार को लम्बी बीमारी से निधन हो गया। अंतिम संस्कार में पहुंचे भाजपाइयों ने उनके सम्मान में भाजपा के झंडे में उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया।गोला विधानसभा के गांव उमरिया निवासी वयोवृद्ध भाजपा नेता ठाकुर जोगेंद्र सिंह के निधन पर क्षेत्र के भाजपाइयों में शोक की लहर दौड़ गईए जिसने भी सुना उनके आवास पर पहुंचे और अपने नेता को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।श्री सिंह कई सालों से लम्बी बीमारी से ग्रस्त थे तथा उनका इलाज चल रहा था।

# कार्यवाही हैण्डपम्प रिबोर मरम्मत में दोषी मिले दो सचिव सस्पेंड

- 13 ग्राम पंचायत से होगी दुरूपयोगित 15. छह लाख की वसूली
- डीएम के निर्देश पर दोनों फर्मों हुई ब्लैकलिस्ट एफआईआर दर्ज




**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक धौरहरा के विभिन्न गांवो में हैण्डपम्प रिबोर, मरम्मत मामले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश पर कड़ी कार्यवाही हुई है। काम करने वाली दोनों फर्मों को ब्लैकलिस्ट करने के साथ ही एफआईआर दर्ज कराई गई। एक-एक ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई हैं। वही अन्य 05 सचिवो पर भी विभागीय कार्यवाही शुरू करने के साथ-साथ वसूली आदेश निर्गत किए गए। वही रामलोक, केशवापुरखुर्द, महाराजनगर, केशवापुरकंला, घुरघुट्टाबुजुर्ग, शाहपुर, डिहुआकंला, जंगलवाली, अमेठी, मिर्जापुरए बबुरी, परसा एवं मटेहनी में दुरूपयोगित कुल धनराशि रू 15,06,975 की वसूली के लिए सम्बन्धित ग्राम प्रधान को वसूली आदेश और सचिव को वसूली आदेश निर्गत कर विभागीय कार्यवाही के आदेश भी दिए है। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने ब्लॉक धौरहरा की ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजर्ग मटेहनी, अमेठी, केशवापुरखुर्द, रामलोक, शाहपुर, बबुरी, हरदी, डिहुआ कलां, परसा, मिर्जापुर, महाराजनगर, देवीपुरवा, हरसिंगपुर, जंगलवाली, केशवापुरकलां व बम्हौरी द्वारा वित्तीय 2023.24 एवं 2024.25 में मरम्मतध्रिबोर कराये गये इण्डिया मार्का हैण्ड पम्पों की जॉच जनपदीय अधिकारियों से करायी गयी।

जॉच अधिकारियों की जॉच आख्या के अनुसार ग्राम पंचायत रामलोक, केशवापुरखुर्द, महाराजनगर, केशवापुर कंला, घुरघुट्टाबुजुर्ग, शाहपुर, डिहुआकंला, जंगलवाली, अमेठी, मिर्जापुर, बबुरी, परसा एवं मटेहनी में हैण्डपम्प रिबोर और मरम्मत कार्य में दुरूपयोगित कुल धनराशि रू 15,06,975 की वसूली के लिए सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं सचिवए ग्राम पंचायत को वसूली आदेश निर्गत करते हुए विभागीय कार्यवाही के आदेश निर्गत कर दिये गये और ग्राम पंचायत अधिकारी रोहिताशं बसंवार, ग्राम विकास अधिकारी नवल किशोर वर्मा का निलम्बन करते हुए विभागीय कार्यवाही की जा रही है। शेष 05 सचिव ग्राम पंचायत के विरूद्व वसूली आदेश के साथ.साथ विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

उक्त के अलावा सम्बन्धित फर्मो मेसर्स अली वारिस कान्ट्रेक्टर एवं अली कान्ट्रेक्टर को काली सूची ;ब्लैक लिस्ट करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई।

# सभी मार्गों पर बसों सहित अन्य बड़े वाहनों का आवागमन शुरू

**रविवार को पलिया में चारों तरफसे आवागमन बंद होने के चलते बाजारों में पसरा है सन्नाटा**

**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



शारदा और सुहेली नदी की बाढ़ का पानी घटने के बाद सोमवार से भीरा पलिया रोड छोड़कर सभी मार्गो पर बसों सहित अन्य बड़े वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया। सोमवार को पलिया निघासन पलिया गौरीफंटा व पलिया सम्पूर्णानगर रोड पर बसें चलाई गई। वहीं बाढ़ के बहाव में क्षतिग्रस्त हुई भीरा पलिया रोड पर यातायात बाधित रहा। वहीं प्रशासन बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री पहुंचाने में जुटा रहा।

बता दें कि पहाड़ी नदी सुहेली और शारदा नदी से आए बाढ़ के पानी के चलते पलिया शहर रविवार को टापू में तब्दील हो गया था। सोमवार की सुबह पलिया भीरा रोड छोड़कर लगभग सभी मार्गों पर बाढ़ का पानी कम हो गया जिसके बाद उक्त रोडों पर बसों का संचालन शुरू कर दिया गया। रविवार को पलिया में चारों तरफ से आवागमन बंद होने के चलते बाजारों में सन्नाटा पसरा है। नदियों की बाढ़ का पानी सोमवार को कम होने के बाद प्रशासन ने पलिया निघासन रोड, पलिया गौरीफंटा रोड व पलिया सम्पूर्णानगर रोड पर यातायात शुरू कर दिया।

लेकिन भीरा पलिया रोड पर अतरिया के आगे निर्माणधीन पुलिया पर शारदा नदी की बाढ़ का पानी अभी भी तेज धार से चल रहा है साथ ही पुलिया भी पूरी तरह कट कर ध्वस्त हो गई है जिसके चलते इस रोड पर और कुछ दिनों तक यातायात बंद रहने की संभावना है।

नदी की बाढ़ का पानी अभी भी दर्जनों गांवों में भरा हुआ है जिसके चलते बाढ़ पीड़ित सड़कों पर गुजर बसर कर रहे हैं।

## संकट की घड़ी में मददगार बना प्रशासन एसडीएम ने गर्भवती महिला को सुरक्षित प्रसव के लिए भेजा सीएचसी

**निघासन, समृद्धि न्यूज।** निघासन तहसील क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त ग्राम बम्हनपुर के मजरा लालभोजी की एक गर्भवती को सुरक्षित प्रसव कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी ;निघासन राजीव कुमार निगम ने गर्भवती महिला और उसके परिवारीजनों को नाव के जरिए सड़कमार्ग तक और सड़क मार्ग से मुख्य मार्ग तक एसडीएम अपने सरकारी वाहन से लेकर पहुंचे जहां एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन भिजवाया। एसडीएम ने टेलीफोन के जरिए अधीक्षक को एंबुलेंस से भेजी गई महिला की सुरक्षित प्रसव कराने के लिए निर्देशित किया।



## ईद मिलादुन्नबी पर निकाला बड़ा जुलूस

**सिंगाही खीरी।** कस्बे में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर एक बड़ा जुलूस निकाला गया जिसमें कस्बे के विभिन्न हिस्सों से लोग बड़ी संख्या में भाग लिया। जुलूस में लोगों ने पैगंबर हजरत मुहम्मद की जयंती मनाई और उनकी शिक्षाओं को याद किया। जुलूस की शुरुआत कस्बे के नूरी मस्जिद से हुई और यह भेरौड़ा से मेन रोड होते हुए पुरानी चुंगी झाला गुजरता हुआ कस्बे में समाप्त हुआ। जुलूस में लोगों ने धार्मिक गीत गाए और पैगंबर हजरत मुहम्मद की जयंती का जश्न मनाया। इस अवसर पर मौलाना इमामत हुसैन हुजेफा ने पैगंबर हजरत मुहम्मद की शिक्षाओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पैगंबर हजरत मुहम्मद की शिक्षां हमें शांति एकता और भाईचारे का संदेश देती हैं।जुलूस के दौरान थानाध्यक्ष अमित कुमार भदौरिया ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे इस दौरान चेयरमैन मोहम्मद य्यूम, हाफिज फारूक, इसरार सहित हजारों की संख्या में लोग जुलूस में मौजूद रहे।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लेखपालों की टीम नुकसान का आंकलन करने में जुटी

**उरई, जालौन।** पिछले दिनों बांधों से पानी छोड़ने से जनपद यमुना, पहूज तथा बेतवा नदी की बाढ़ से जनपद जालौन में लगभग दो दर्जन गांव प्रभावित हुए थे। सोमवार को यमुना नदी का जलस्तर दोपहर 3 बजे 106.60 था जो चेतावनी बिंदु से नीचे पहुंच जाने से बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों को फौरी राहत जरूर मिली हैं लेकिन उनकी मुश्किलें जस की तस बनी हुयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब जल स्तर तेजी से कम हो रहा है। अब तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 2150 हेक्टेयर कृषि भूमि पर तिल, बाजरा, ज्वार तथा धान की फसल प्रभावित हुई है। प्रभावित फसल का सर्वे करने के लिए टीम का गठन कर दिया गया है।

## रंजिशन दो पक्षों में गाली गलौज के बाद हुई मारपीट

**जालौन (उरई)।** रंजिश के चलते विपक्षियों द्वारा गाली, गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कछोरन निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही रिंकू, गौरव व ईशू उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते रहते हैं। जिसके चलते वह परेशान है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि रविवार की शाम जब वह घर जा रहा था। तभी रास्ते में उपरोक्त तीनों ने उसे जबरन रोक लिया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर तीनों ने मिलकर मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। इतना ही नहीं मारपीट के बाद शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर तीनों वहां से भाग गए।

# सत्संग में सैकड़ों अनुनाईयो ने किया प्रतिभाग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी के मझली पुरवा निघासन में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज का तहसील स्तरीय मासिक सत्संग सम्पन्न हुआ जिसमे निघासन के गांव.गांव से संत रामपाल जी महराज के अनुनाइयो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सन्त रामपाल ने बताया कि ऋग्वेद मण्डल 10 सूक्त 90 मंत्र 4 में लिखा है कि यही सर्व सृष्टि रचन हार प्रभु अपनी रचना के ऊपर के हिस्से में तीनो स्थानों में 3 रुप में स्वयं प्रकट होता है उसी परमात्मा के सत्यलोक से बिछुड़ कर नीचे के ब्रह्म और परब्रह्म के लोक उत्पन्न होते हैं और वह पूर्ण परमात्मा खाने वाले ब्रह्म अर्थात काल से तथा न खाने वाले परब्रह्म अर्थात अक्षर पुरुष से भी ऊपर सर्वत्र व्याप्त हैं और जैसे अपने प्रकाश को सर्व के ऊपर फैला कर प्रभावित करता है ऐसे पूर्ण परमात्मा ने अपनी अपनी शक्ति रूपी रेंज को सर्व ब्रह्मांडो को नियुक्ति रखने के लिए छोड़ा हुआ है।अ यह काल को लोक है यहां काल किसके साथ कब क्या घटना घटित कर दे कुछ पता नहीं एकही पुरे परिवार के परिवार काल के द्वारा दुर्घटना में में मार दिए जाते है और कहीं पति से पहले पत्नी और बच्चे मार दे रहा है कही पुरे परिवार कर्मों के कारण लाइलाज बीमारी से परेशान हैं किसी के बताए अनुसार या किसी पुस्तक के मुताबिक साधना करके भी दुखी हैं जबकि अपने सभी पवित्र ग्रंथ का सत्य देखे ही नहीं।

कबीर परमेश्वर की शास्त्र अनुकूल भक्ति करके सभी पापकर्म कट जाते है और मानव जीवन सुखी हो जाता है और शास्त्र अनुकूल साधना करके मोक्ष प्राप्त होगा। जिला कार्डिनेटर रविकुमार ने बताया कि निघासन तहसील के गांव गांव में जगतगुरु तत्वदर्शी सन्त रामपाल जी महाराज के अनुयाई है और सन्त रामपाल जी महाराज द्वारा बताई गई शास्तानुकुल भक्ति करके अपना सुखमय जीवन यापन कर रहे है।आज कई लोगो ने सन्त रामपाल जी महाराज के नियमो का पालन करते हुए संत रामपाल जी महराज जी से नाम दीक्षा ग्रहण की।

# शोभायात्रा के साथ हुआ मूर्ति विसर्जन, खूब उड़े गुलाल

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत भैंठिया में हो रहे गणेश महोत्सव में अंतिम दिन सोमवार को मूर्ति विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने नाचते गाते व अबीर गुलाल उड़ाते हुए उल्ल नदी में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया।

श्री गणेश चतुर्थी के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत भैंठिया में गणपति बप्पा की विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। गणेश उत्सव कमेटी द्वारा मंच के सदस्यों ने गणेश प्रतिमा रखकर विधि विधान से गणेश उत्सव मनाया। सोमवार को गणपति बप्पा की गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। ट्रॉली पर गणपति भगवान की मूर्ति की सुंदर झांकी सजाई गई।भजनों पर थिरकते हुए भक्तों ने खूब गुलाल उड़ाया। गणपति भगवान की शोभा यात्रा देखने को भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई गांवों से गुजरती हुई शोभा यात्रा उल्ल नदी के घाट पर पहुंची जहां गणपति का पूजन अर्चन कर भक्तों ने क्षमा याचना के साथ गणेश प्रतिमा का नदी में विसर्जन किया। इस मौके पर कैलाश वर्मा, सुशील वर्मा, आशीष पटेल, राजेश मौर्य, पुनीत श्रीवास्तव, पंकज वर्मा, अनुपम वर्मा, कन्हैयालाल पुजारी, कमल बांबा, अंकुर मौर्य सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# योगी सरकार महिलाओं के प्रति अपराधों को रोक पाने में विफल

**दुष्कर्म पीड़िता के घर पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अयोध्या के राम मंदिर में सफाई कर्मी के रूप में कार्य करने वाली एक 20 वर्षीय युवती जो कि बीए अंतिम वर्ष की छात्रा भी है। मंदिर परिसर में अपराधियों द्वारा युवती को तीन अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल आज अयोध्या के रौनाही थाना अंतर्गत गांव गोपीनाथपुर पहुंचकर पीड़िता के परिजनों से मिलकर घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा पार्टी की ओर से आर्थिक सहायता के रूप में 25000 रुपये का चेक दिया और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने का आश्वासन दिया। पीड़िता के परिजनों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि भाजपा शासित सभी राज्यों की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

# हर विश्वविद्यालय में टॉप कर रही हैं बेटियां, हम विश्व गुरु बनेंगे : राज्यपाल

**एलयू दीक्षांत समारोह में एक लाख को मिली डिग्री**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का आज 67वां दीक्षांत समारोह मनाया गया। यूनिवर्सिटी परिसर में हुए इस समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने की।

समारोह में कंप्यूटर वैज्ञानिक और शिक्षाविद डॉ. विजय पांडुरंग भातकर मुख्य अतिथि बनकर पहुंचे। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने बटन दबाकर 1 लाख 6 हजार 603 स्टूडेंट्स की डिग्रियां और मार्कशीट डिजी लॉकर में अपलोड किया। कार्यक्रम में 106 मेधावियों को 198 मेडल दिए गए। इनमें सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल छात्राओं ने जीते है। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय में जा रही हूं, तो वहां सबसे ज्यादा मेडल पाने वालों में लड़कियां ही आगे है। यह अच्छी बात है। हम जल्द ही विश्व गुरु बनने वाले हैं। राज्यपाल ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने शिक्षा में नए कीर्तिमान बनाए है। कार्यक्रम में पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय से छात्रों से कहा कि आप जाति में मत बंटिए। वहीं, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छा भविष्य तक करना है। राज्यपाल ने कहा कि पहले यूनिवर्सिटी की स्थिति और आज की यूनिवर्सिटी में जो परिवर्तन आया है, वह सब आपने ही किया है। कमिटमेंट के साथ लक्ष्य बनाकर उसे पाने का उत्तम उदाहरण है लखनऊ यूनिवर्सिटी। एनएएसी की रैंटिंग के लिए सभी विश्वविद्यालय कहते थे कि। बहुत मुश्किल है। आपने उसे हासिल किया है। अंडर 100 एनआईआरएफ रैंकिंग लाना भी बड़ी उपलब्धि है। यूजीसी की कैटेगरी 1 रैंकिंग पाने के बाद प्रधानमंत्री से मिलना वाले 100 करोड़ के फंड का उपयोग रिसर्च के लिए होने जा रहा है। सभी अवॉर्ड पाने वालों को बहुत बधाई। जिनको नहीं मिला उनको भी बधाई। उनके माता-पिता को भी बधाई। मैंने मेडल पाने वाले सभी मेधावियों के माता-पिता को मंच पर बुलाया। इससे उनके मन में मेधावियों के लिए गौरवान्वित महसूस करें। यहां से पढ़कर निकले कितने ही बच्चे वैज्ञानिक, उद्यमी बनकर देश-दुनिया में नाम कर रहे हैं। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि किसी भी यूनिवर्सिटी जाइए, लड़कियां की सबसे ज्यादा मेडलिस्ट हैं। यह अच्छी बात है। इससे ये तय है कि भारत बहुत जल्द विश्व गुरु बन जाएगा।छोटे बच्चे को देखिए, स्कूल में भी उसी तरह पढ़ाया जाता है और घर में भी वैसा ही माहौल रहता हैं। निबंध लेखन प्रतियोगिता में लिखे गए निबंध को मैंने देखा, इतनी सुंदर लिखावट ऐसी ही राइटिंग होनी चाहिए। हेल्दी प्रतिस्पर्धा जरूर होनी चाहिए। हेल्दी प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स और टीचर्स को पुस्तकें गिफ्ट की गई। यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में एक दर्जन से ज्यादा पुस्तकों का विमोचन किया है। यह पुस्तकें शिक्षकों द्वारा ही लिखी गई हैं। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्र में यदि कोई पहला नेता हुआ, तो वह चाणक्य ही थे। जो लोग राष्ट्र को बांटते हैं, उन्हें इसका परिणाम भी भुगतना पड़ता है।

## खबरें एक नजर में

### कार ने बुलेट सवार को मारी टक्कर, एक की मौत दूसरा घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधान लखनऊ के बीबीडी इलाके में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि एक घायल के इलाज चल रहा है। दोनों युवक बाराबंकी से लखनऊ काम से आए थे। लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक धकौली पोस्ट सौमैय्या नगर जनपद बाराबंकी का रहने वाला रिहान अली (23) पुत्र कुर्बान अपने साथी फैजल के साथ लखनऊ निजी काम से आया था। रविवार-सोमवार की बीच रात वापस जा रहा था। तभी करीब 3 बजे अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में दोनों को लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने रिहान को मृत घोषित कर दिया। उसके साथी फैजल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इंस्पेक्टर बीबीडी के मुताबिक शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी।

### राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस की मुहिम चलाएंगे युवा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** युवाओं ने 17 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के मौके पर सोशल मीडिया में बड़े पैमाने पर चलाने का निर्णय लिया है। इसका देशव्यापी स्तर पर विभिन्न छात्र युवा संगठनों के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता भी समर्थन कर रहे हैं। राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस में प्रमुख रूप से बड़े पूंजी घरानों व उच्च धनिकों की संपत्ति पर समुचित टैक्स लगाने, देश खाली करीब एक करोड़ पदों पर तत्काल भर्ती करने, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की गारंटी और हर व्यक्ति की सम्मानजनक जिंदगी सुनिश्चित करने जैसे सवालों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने कहा कि अगर सुपर रिच टैक्स लगा कर आसानी से 15-20 लाख करोड़ अतिरिक्त धनराशि जुटाई जा सकती है जिससे हर व्यक्ति की सम्मानजनक जिंदगी और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना मुमकिन है।

### धूप निकलने के साथ छाए रहेंगे बादल, बारिश का अनुमान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सोमवार सुबह से ही मौसम साफहै। तेज धूप निकली हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिन में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान बारिश की भी संभावना है। दिन का अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहने की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री रहा। अधिकतम आर्द्रता 93 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 67 फीसदी रही। दिन में पूर्वी हवा का असर बना रहा। धूप और छांव के बीच लोग उमस भरी गर्मी से भी परेशान हुए। मानसून का दबाव कमजोर होने के कारण पिछले 24 घंटे में लखनऊ में कोई बारिश नहीं हुई। 1 जून से लेकर अभी तक लखनऊ में 647.6 एमएम बारिश हुई है। जबकि बारिश का औसत 617.8 एमएम है। अभी पूरे सीजन में 5 फीसदी अधिक बारिश हुई है। वहीं, पिछले 24 घंटे में बारिश का औसत 7.4 है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों तक बारिश का अनुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने कहा कि 16 सितंबर से 18 सितंबर तक अधिकतर समय बादल छाए रहेंगे। इस दौरान लखनऊ के कई इलाकों में बारिश भी हो सकती है।

### 60 फीसदी सचिवालय कर्मियों पर होगा एक्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी के सचिवालय ने 1 जुलाई से 15 सितंबर के बीच की बॉयोमैट्रिक हाजिरी का डेटा निकाला है। डेटा के आधार पर, देर से आने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी होगी। सचिवालय ने छुट्टी के दिन भी काम करके नोटिस तैयारी का निर्णय लिया है। इससे पता चला है कि सचिवालय के 60 फीसदी से अधिक कर्मचारी नियमित रूप से समय पर नहीं आते हैं। दफ्तर का समय सुबह 9.30 बजे है, लेकिन कई कर्मचारी 10 बजे के बाद पहुंचते हैं। डेटा से यह भी सामने आया है कि लगभग 30 प्रतिशत कर्मचारी बॉयोमैट्रिक हाजिरी लगाते हैं। इन कर्मचारियों को भी नोटिस जारी होगी। सचिवालय ने यह कदम समय की पाबंदी और कार्यक्षमता में सुधार के लिए उठाया है।

### छात्रा को अगवा करने की कोशिश, आंखों में झोंका लाल मिर्च

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बक्शी का तालाब में कार सवार बदमाशों ने कक्षा छह की छात्रा को अगवा करने का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर नाकाम रहे तो बदमाशों ने छात्रा की आंखों में लाल मिर्च का पाउडर झोंक कर फरार हो गए। यह आरोप लगाते हुए पिता ने बीकेटी थाने में तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है। फुटेज खंगालने पर एक कार दिखाई पड़ी है। गोहना कला निवासी लोहंगपुर स्थित स्कूल में कक्षा छह की छात्रा है। छुट्टी के बाद छात्रा साइकिल से घर लौट रही थी। लोहंगापुर-गोहना कला मार्ग पर कार सवार युवक आ धमके, जिन्होंने चाकू दिखाते हुए छात्रा को कार में घसीटने का प्रयास किया। पीड़िता के मुताबिक बदमाशों ने उसकी आंख में लाल मिर्च पाउडर डाला था, जिससे वह तिलमिला गई और मदद के लिए चिल्ला पड़ी। राहगीरों को आते देख युवक कार में बैठकर भाग निकले। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह के मुताबिक शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।


### समाज के लिए अनुकरणीय है शिव परिवार : चिदंबरानंद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकीपुरम विस्तार में श्री शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी चिदंबरानंद सरस्वती ने कहा कि भगवान शिव ही नहीं, उनके शिव परिवार का सदस्य समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। माता पार्वती श्श्रद्धा विश्वास रुपिणौश् की साक्षात प्रतिमूर्ति हैं। वह समाज में एक आदर्श नारी की भूमिका का प्रतिनिधित्व करती हैं। शिव वाहन नंदी का तो कहना ही क्या है। वह निस्पृह भाव से बिना किसी किन्तु परंतु के स्वामी की सेवा में सन्नद्ध रहते हैं। शिव और शिवा की संतति के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए स्वामी ने स्वामि कार्तिकेय व गणेश की उत्पत्ति की कथा सुनाई। उन्होंने गणेश के स्वरूप का आध्यात्मिक विवेचन तो किया ही उक्त प्रसंग का सूक्ष्म वैज्ञानिक विस्तार किया। भगवान गणेश की संपूर्ण देहयष्टि मानव मात्र को एक विशेष संदेश देती है।गज -शीष को ही ले लीजिए।हाथी जहां अति विशालकाय होता है। उसे अत्यंत बुद्धिमान और गतिशील माना जाता है। बप्पा के बड़े कान बताते हैं कि मानव को अपने आसपास की हर गतिविधि को गम्भीरता से सुनकर विचार करना चाहिए।

### पीड़िता को बहला फुसलाकर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** (उत्तरी) क्षेत्र में थाना मड़ियांव पुलिस को वादी द्वारा वादी की पुत्री 17 वर्ष को अमर निषाद नामक द्वारा बहला फुसलाकर भाग ले जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया, के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया, वांछित वारंटी तलाश जारी थी, कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी अमर निषाद, उसके घर पर पहुंचे तो घर मौजूद मिला, आरोपी अमर निषाद, निवासी ग्राम भरतीपुर थाना पुरा कलन्दर जनपद अयोध्या, को गिरफ्तार कर हाथ लगी बड़ी सफलता प्राप्त हुई, इसी क्रम में, डीसीपी, दिशा-निर्देश पर गठित की कई टीमें लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना मड़ियांव प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

### लूलू माल में चला नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन व हस्ताक्षर अभियान



लखनऊ, आर्य प्रवाह। राजधानी अंतर्गत लूलू माल परिसर में हौसला फ़ाउंडेशन ने यौन उत्पीड़न एवं बलात्कार की शिकार महिलाओं के लिए न्याय और सुरक्षा के संदर्भ में जनजागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन व हस्ताक्षर अभियान आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में आरती शर्मा,नेहा सिंह, रेनू शुक्ला, पूनम सिंह, आलोक तोमर, ऊषा गोस्वामी, मनीष पंडित, मनोज, आरती गूजर, इंद्रभान सिंह, किरण, याकूब, तृप्ति, वर्षा जिंदल आदि लोगों ने भाग लिया।

# समय से फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करें अफसर : केशव

**उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत होए, कठोर कार्यवाही की जाय।

उन्होने एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना । जनता दर्शन मे लगभग 2 दर्जन से अधिक जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुये दिशा निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री की इच्छा गरीब बच्चों को मिलें कॉन्वेन्ट शिक्षा : धर्मपाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/मेरठ ।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन मंत्री व मेरठ के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया में पांच बातें बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा, बेहतर सुरक्षा, साफ गांव-साफ शहर तथा अविरल नदियां-निर्मल नदियां कही है। इन्हीं बातों पर स्वच्छता अभियान केन्द्रित किया जाए। प्रधानमंत्री की इच्छा गरीब बच्चों को कॉन्वेंट जैसी शिक्षा दिलाने की है। उन्होंने कहा कि पार्क, अस्पताल, स्कूल, मलिन बस्तियां, कचहरी, थाना व अन्य सभी सरकारी कार्यालय में संबंधित अधिकारी विशेष रूचि लेकर कार्य को करें।

मेरठ के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विकास भवन सभागार में स्वच्छता पखवाड़ा एवं विकास कार्यों के संबंध में बैठक ली। मंत्री ने कहा कि 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा में सार्वजनिक जनसहभागिता कराई जाए। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता की शपथ दिलाई। मंत्री ने अधिकारियों से उनके विभाग में किए गए नवाचार की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को जल शक्ति मिशन के अंतर्गत सभी घरों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने देशी गायों की नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गृर्भाधान कराने पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने बीएसए को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चे हमारी धरोहर है, उनका तन व मन स्वच्छ हो, इसके लिए विभिन्न गतिविधियां करवाई जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा है कि गरीब बच्चों को भी कॉन्वेन्ट जैसी शिक्षा प्राप्त हो। उन्होंने पीडब्लूडी के अधिकारी को सभी सड़कों की मरम्मत कराने तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सभी अस्पतालों की साफ-सफाई तथा मरीजों को फल वितरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि जनपद के अधिक गंदगी वाले गांवों को चिहिन्त कर लिया गया है।

# नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्रों में अत्याधुनिक मशीनों की स्थापना व पुराने अस्पतालों को किया जा रहा अपग्रेड

**प्रदेश में नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्रों व पुराने अस्पतालों को किया जा रहा अप टू डेट**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्रों में अत्याधुनिक मशीनों की स्थापना एवं पुराने अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है।

यह कहना है प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में व्यापक स्तर पर कार्य चल रहा है।

उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश के नवनिर्मित चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गाजीपुर के मरदह, प्रतापगढ़ के जामताली, बलिया के चितवढ़ागांव एवं कानपुर देहात के मैथा में आधुनिक उपकरणों (डिजीटल एक्स-रे मशीन एवं अन्य उपकरण) को स्थापित करने हेतु 2.77 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं, 100 शैय्यायुक्त चिकित्सालय, सिरौली, गौसपुर (बाराबंकी) में सी आर्म मशीन स्थापित करने के लिए 18.25 लाख रुपए एवं डॉ. श्यामा प्रसाद (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ में अल्ट्रासाउंट मशीन को क्रय कर स्थापित करने हेतु 15 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

जिला महिला चिकित्सालय, बाराबंकी में पैथॉलॉजी के उपकरणों को क्रय किए जाने हेतु 17.69 लाख तथा 100 शैय्यायुक्त चिकित्सालय, सोनबरसा, बलिया को उच्चीकृत किए जाने हेतु 2.10 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# 20 कोच वाली वंदे भारत के साथ उप्र को मिल चुकी 13 वंदे भारत की सौगात

**16 हजार किलोमीटर का रेल नेटवर्क केवल उत्तर प्रदेश में है**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से लोकार्पित भारत की पहली 20 कोच वाली वाराणसी से दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रयागराज जंक्शन पर आज शाम उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मंत्री नन्दी ने कहा कि 20 कोच वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस विश्व स्तर की यात्री सुविधाओं से परिपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दो दिन में 11 वंदे भारत एक्सप्रेस विभिन्न रूटों पर देश को समर्पित की है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा वंदे भारत ट्रेनों को हरी झण्डी दिखाने के साथ ही उत्तर प्रदेश से संचालित वंदे भारत ट्रेनों की संख्या 13 हो गई है, जो रेल यात्रियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आकार ले रहा है। 2014 के पहले जहां रेलवे का इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम काफी खराब था, आज बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं के साथ भारतीय रेल नए रिकार्ड बना रहा है और यात्रियों को बेहतर यात्री सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। नन्दी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में 16 हजार किलोमीटर रेल का नेटवर्क है। 22 एयरपोर्ट के नेटवर्क का गौरव उप्र को प्राप्त होने जा रहा है। वाराणसी से हल्दिया तक देश के पहले जलमार्ग पर आवागमन शुरू हो गया है, जिसे प्रयागराज तक बढ़ाया जा रहा है। वहीं एक्सप्रेसवे की बात करें तो 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया तो पूरे देश के एक्सप्रेसवे का 33.7 प्रतिशत एक्सप्रेसवे अकेले उत्तर प्रदेश में हो गया। मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लम्बे एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसे दिसम्बर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

# छात्रों के लिए सीपीआर, कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस में जूनियर छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण सीपीआर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों, विशेष रूप से हृदयाघात या कार्डियक अरेस्ट के दौरान सी.पी.आर. देने का सही तरीका सिखाना था। यह जानकारी सिटी मोन्टेसरी स्कूल के हेड कम्यूनिकेशन ऋषि खन्ना ने दी। श्री खन्ना ने बताया कि बीते कुछ सालों में कार्डियक अरेस्ट के मामले काफी तेजी से बढ़े हैं। कुछ केस तो इतने अचानक से सामने आये जिसमें कि पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाया ही नहीं जा सका, जबकि सी.पी.आर. की सही जानकारी होने पर कोई भी व्यक्ति जान बचा सकता था। श्री खन्ना ने बताया कि सी.पी.आर. के इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का नेतृत्व सुमित मौर्य, वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, लखनऊ और आपातकालीन प्रबंधन विशेषज्ञ, एन.डी.आर.एफ, अकादमी नागपुर ने किया। उनके साथ मनोज वर्मा, वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक, लखनऊ और संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन, ने भी सत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## इन्दिरा नगर में आज मनेगा पीएम का जन्मदिन

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज और उत्तर प्रदेश भवन निर्माण मजदूर सेवा समिति 17 को पावर हाउस, इंदिरा नगर में श्री विश्वकर्मा पूजा और पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाएगा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री भाजपा धर्मपाल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में गोविन्द शुक्ला और संतोष सिंह, विधान परिषद सदस्य भाजपा, आनंद द्विवेदी, नगर अध्यक्ष भाजपा लखनऊ शामिल होंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भव्य और दिव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मनाया जाएगा। अतिथियों को अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक राम शर्मा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत करेंगे। मजदूर सेवा समिति के सदस्य लालबाबू, भूपेन्द्र शर्मा, पंकज शर्मा, किशन कुमार मौर्य और राम सहाय भी स्वागत में उपस्थित रहेंगे।

# विश्वकर्मा जयंती पर आज 50,000 करोड़ का ऋण वितरित करेंगे सीएम

समृद्धि न्यूज

**स्तशिल्पियों व कारीगरों के सम्मान से प्रदेश की पारंपरिक कला के प्रश्रय का मार्ग होगा सुनिश्चित**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत सीएम योगी राज्य की पारंपरिक कलाओं, हस्तशिल्प, माटीकला व ओडीओपी के हस्तशिल्पियों व कारीगरों की प्रशस्ति की दिशा में एक और मील का पत्थर रखने जा रहे हैं।

मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में वह विश्वकर्मा श्रम सम्मान व ओडीओपी तथा माटीकला के अंतर्गत हस्तशिल्पियों को टूलकिट प्रदान करने के साथ ही 50,000 करोड़ का ऋण वितरित करने जा रहे है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में सायं 4 बजे हो रहे इस वितरण कार्यक्रम में हस्तशिल्पियों व कारीगरों के उचित सम्मान के साथ ही प्रदेश की पारंपरिक कला के प्रश्रय देने का नया मार्ग सुनिश्चित होगा। सीएम योगी प्रदेश की पारंपरिक कलाओं को प्रश्रय देने के साथ ही इसे उद्यमिता से जोड़कर देश विदेश में बड़े स्तर पर प्रमोट करते हैं। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओडीओपी पॉलिसी की देशभर में चर्चा है। इससे न केवल प्रदेश की पारंपरिक कलाओं को एक बड़ा मंच मिलना संभव हो सका है, बल्कि पूरी दुनिया में ओडीओपी प्रोडक्ट्स की धाक जम रही है। सीएम योगी का मौजूदा प्रयास इसी कड़ी को और मजबूत कर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत प्रदेश के सभी हस्तशिल्पियों, कारीगरों को उचित सम्मान व प्रोत्साहन पहुंचाने का जरिया सिद्ध होने जा रहा है।

**कटाक्ष**

**अखिलेश यादव ने चुनाव में जीत के लिए पीडीए परिवार को दिया धन्यवाद**

# बेईमानी न होती तो गठबंधन जीतता 50 से ज्यादा सीटें

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने चुनाव में जीत के लिए पीडीए परिवार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल नारा नहीं था बल्कि भावनाएं थीं। अगर बीजेपी के लोग बेइमानी से न जीते होते, जिस तरह प्रशासन ने व्यवहार किया, उस पर चुनाव आयोग एक्शन लेता तो यूपी में इंडिया गठबंधन की 50 से ऊपर सीटें होतीं। रामपुर, बदायूं, कन्नौज में बीजेपी के लोग सपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहे थे, पूरा प्रशासन उनके साथ था। अयोध्या में भाजपा की हार को लेकर कहा कि अयोध्या में हारना भाजपा की नाकामी थी, जिसकी वजह से वो हारे हैं। अयोध्या के किसान किसी भी विकास के खिलाफनहीं लेकिन वहां विकास के नाम पर जमीन पर खेल हो रहे हैं। बीजेपी हारी है, रेलवे का पहले भी जो अलाइनमेंट था, उसे भी बदलवा दिया। जैसे ही मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा, दर्शन को मैं सीधा जाऊंगा। भगवान सबके थे तो निमंत्रण से बीजेपी सबको क्यों बुला रही थी? उन्होंने कहा कि एसटीएफ स्पेशल ठाकुर फोर्स है। फेक एनकांउटर मे मारे गये लोगों मे 60 फीसदी लोग पीडीए के हैं। कानपुर में गाड़ी पलटाई गई थी। किसी भी मुख्यमंत्री ने अपने खिलाफ केस वापस नहीं लिए होंगे। अखिलेश ने कहा कि प्रदेश सरकार को टॉप टेन अपराधियों की सूची जारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि माफिया और मठाधीश के बयान में मेरा भाव अलग था। यूपी में मेरे 6 पुतले जले, हम चाहे तो 600 पुतले जलवा दें। उन्होंने कहा कि पहले ये मान लीजिए सीएम योगी आदित्यनाथ योगी नहीं है। जिस व्यक्ति को क्रोध नहीं आए, वह योगी नही,जैसी उनकी भाषा है। अगर योगी, योगी हैं, तो उन्हें गुस्सा क्यों आ रहा है? क्या मॉनसून ऑफर अब भी लागू हैं? इस पर उन्होंने कहा कि मॉनसून पीक पर था, तब तक हमारा ऑफर था।

विंटर में किसी और को ऑफर डिस्काउंट के साथ देना होगा। मायावती से गठबंधन-बातचीत पर कहा कि जब उनसे गठबंधन टूट गया तो फोन का कनेक्शन भी टूट गया। हरियाणा में सीट न मिलने पर कहा कि राज्य में सपा मजबूत नहीं है, इसलिए हमने भी बहुत ज्यादा जोर नहीं दिया। हरियाणा में हमारे पास फेस बहुत अच्छे हैं, संगठन मजबूत नहीं है, लेकिन गठबंधन जीतना चाहिए। मायावती या चंद्रशेखर आजाद से गठबंधन पर उन्होंने कहा कि अभी ऐसी कोई स्थिति नहीं कि गठबंधन किया जाए।

# थोड़ी सी मिट्टी पटाई कर आधा अधूरा छोड़ दिया गया कार्य

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

प्रतिदिन मनरेगा की मानीट्रिंग होने के बाद भी मनकापुर ब्लॉक के मास्टर रोल भरने,भराने से बाज नहीं आ रहे है। विकासखंड मनकापुर के सोहास ग्राम पंचायत में कच्चे कार्य पर मास्टर रोल 16 से 18 के आस

**▸ विकासखंड मनकापुर के ग्राम पंचायत सोहास के मास्टर रोल में बड़ा खेल, 16 की जगह मौके पर कोई मजदूर नहीं**

सोहास ग्राम पंचायत में धकाधक फर्जी मास्टर रोल भरा जा रहा है यहां के अधिकारियों कर्मचारियों को सरकार जिले के उच्चाधिकारियों का कोई डर नही है डर दिखे भी क्यों जब पूर्व में मनरेगा में बड़े बड़े घोटाले हुए और कार्यवाही के नाम पर आज तक कुछ नहीं हुआ मुकदमा तक दर्ज नहीं करवाया गया केवल लीपापोती हुई।यही वजह है कि कई मनरेगा कर्मियों के हौसले बुलंद है।फर्जी पास निकाला जा रहा है लेकिन मौके पर एक भी मजदूर कार्य नहीं कर रहे हैं। सिर्फ मास्टर रोल ही भरा जा रहा है। इसका मतलब साफ है कि फर्जी कागजी मास्टर रोल चल रहा है।

वही मनरेगा को लेकर सरकार गंभीर हो गई है मजदूरों की मजदूरी तक आनलाइन हाजिरी तक भेजने का प्राविधान कर दिया गया है फिर भी अनेकों ग्राम पंचायतों में इसका कोई फर्क नहीं है।जिले के



विकासखंड मनकापुर के कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा का पलीता निकाला जा रहा है मास्टर रोल 16 से 18 का निकलेगा लेकिन मौके पर एक भी लेबर काम करते नहीं मिल रहे है। जिला प्रशासन की सख्ती होने के बाद भी यहां के कर्मियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। वहीं मनकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सोहास में मनरेगा योजना के नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। वहीं सबसे बड़ी बात तो ये है जिले के कुछ विकासखंड में अनेकों प्रोजेक्ट पर मास्टर रोल दूसरे का निकाला जाता है और मौके पर जो मजदूर रहते भी है वे दूसरे रहते है क्यों कि कई ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजना के कार्य को ठेका पर कराया जा रहा है।सूत्र बता रहे है कि ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने कही नहीं जाते है केवल कार्यक्रम अधिकारी कितना काम और गाँव चेक कर पाएंगे। पूरे जिले में मोबाइल मानीट्रिंग सिस्टम लागू होने के बाद भी यहां फर्जी हाजिरी लगाने का धंधा बंद न हो इसलिए यहां कहीं कही ही मोबाइल मानी ट्रिंग सिस्टम लागू हो पाया है। यहां कई ग्राम पंचायतों में ब्लॉक कर्मियों द्वारा मनमानी की जा रही है। जबकि कई लोगो द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी से शिकायत भी करते है लेकिन इनको कोई फर्क नहीं पड़ता है।इस प्रकार मनरेगा योजना द्वारा सरकारी धन लूटने में कई ग्राम प्रधान सहित ब्लॉक कर्मी भी लगे हुए है। ताजा मामला विकास खण्ड मनकापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोहास का है जहां कागज में 16 से 18 के लगभग लेबर का मस्टर रोल चल रहा है जिसमे मौके पर कही भी कोई करते नहीं दिखाई दिए हैं।

वही सूत्र बता रहे है कि सोहास ग्राम पंचायत में दुकानदार व घुंघट की आड़ में रहने वाली महिलाएं बनी मनरेगा मजदूर बने है वही राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समृद्धि न्यूज़ की टीम ने मास्टररोल की सच्चाई जानने के लिए सोहास गाँव में पहुंची जहां पर मास्टर रोल में कच्चे कार्य का (छोटकापुरवा) में चकरोड की पटाई शेर अली के घर से रामगुलाम के चक तक मिट्टी की पटाई होनी थी वहां पर सिर्फ नाम मात्र के लिए काम स्टार्ट किया गया था लेकिन फिर दूसरे दिन से सिर्फ मास्टर रोल ही भरा जा रहा है मौके पर एक भी मजदूर नहीं मिले। वही मास्टर रोल में हो रहे फर्जीवाड़े की जानकारी विकासखंड अधिकारी मनकापुर से दूरभाष पर जानने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर बताया और जानकारी नहीं मिल पाई है।

## सिम पोर्ट कराने गये व्यक्ति की आईडी लेकर दूसरा सिम निकालकर की बिक्री

**कर्नलगंज/गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

**▸ सिम का हो रहा दुरूपयोग, एसपी से हुई ऑनलाइन शिकायत**

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को आनलाइन प्रार्थना पत्र भेजकर शिकायत की है। मामले में सिम पोर्ट कराने गये व्यक्ति की आईडी लेकर दुकानदार ने एक और सिम निकालकर किसी व्यक्ति के हाथ बिक्री कर दिया। अब उसी सिम का उपयोग करके व्यक्ति उसके रिश्तेदारों के विरुद्ध आन लाइन शिकायत किया है। मामला कोतवाली कर्नलगंज अंतर्गत ग्राम पाण्डेय चौरा के मजरा शिवलाल मिश्र पुरवा से जुडा है। यहां के निवासी गिरजा शंकर मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को आनलाइन प्रार्थना पत्र भेजा है। जिसमे कहा गया है कि थाना परसपुर अंतर्गत ग्राम पसका स्थित बाराह भगवान मंदिर के एक मोबाइल की दुकान संचालित है। बीते 13 अगस्त को उसने अपनी सिम पोर्ट कराने के लिए दुकानदार को अपनी आईडी दी थी। आरोप है कि वह सिम पोर्ट करवाकर अपने घर चला आया। दुकानदार ने उसकी आईडी पर एक और सिम निकालकर बेंच दिया,जिसका नंबर 8112621442 है। जिसका उपयोग करते हुए व्यक्ति फर्जी नाम से उसके रिस्तेदार मुरली, बंशी, गोकरन, ननके, ओमप्रकाश, जयप्रकाश व कुश के विरुद्ध फर्जी तरीके से आनलाइन शिकायत किया है। पीड़ित व्यक्ति ने आईडी का दुरूपयोग करते हुए उसके नाम से सिम निकाल कर बेंचने वाले दुकानदार के साथ सिम का उपयोग करते हुए फर्जी शिकायत करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## शहर से लेकर गांवों तक लहराता रहा नबी का परचम

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को तारीख अरबी बारह महीना अरबी-रबीउल अव्वल समय सुबह शादिक (भोर) इस वक्त अंधेरे में दिल की चरागे मोहब्बत, ये किसने जलाया सवेरे सवेरे। लिया जब भी मैने,ये नाम-ए-मोहम्मद, बड़ा लुत्फ आया सवेरे सवेरे। मरहबा मरहबा,सरकार की आमद मरहबा, हुजूर की आमद मरहबा चारों ओर गूंजती आवाजों के बीच नबी के अनुयायियों यानि आशिक-ए-रसूल की टोली हाथ में इस्लामी झंडे लिए शहर से लेकर गांवों तक पैगंबर-ए-इस्लाम का परचम ही नज़र आता रहा। मौका था जश्न-ए-ईदमिलादुन्नबी का। नबी-ए-करीम (स0) की यौम-ए-पैदाइश का। इस्लाम अनुयायियों के घरों में जहां इबादत होती रही तो वहीं सड़कों पर नबी की शान में अकीदतमंदों ने



जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला। पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स0) की यौम-ए-पैदाइश को लेकर सोमवार को जिले में जश्न का माहौल रहा। हर तरफ बस आशिक-ए-रसूल की टोली नबी की आमद मरहबा,सरकार की आमद मरहबा, हुजूर की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा के नाते कलाम पर झूमते रहे। जश्न ईदमिलादुन्नबी के मौके पर मदरसा अहले सुन्नत मसऊदुल वलूम रौजा से निकले जुलूस में शामिल बच्चे नात-ए-पाक के तराने गुनगुनाते हुए क्षेत्र में निकले। जुलूस-ए-मोहम्मदी शहर के साथ गांव-गांव में इस्लाम अनुयायियों ने निकाला,जो देर शाम तक चलता रहा। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मदरसा अहले सुन्नत मसऊद उलूम रोजा शरीफ में आमदे सरकार पर जुलूसे मोहम्मदी में बच्चों से लेकर बुजुर्गों और नौजवानों तक सभी लोगों ने अमन और शांति का पैगाम लोगों तक पहुंचाया गया। जिसमें नौजवान कमेटी के दस्तगीर मोहम्मद अयूब व कमेटी के सभी जिम्मेदार मैनेजर अब्दुल मजीद प्रिंसिपल मौलाना फैजान के अध्यक्षता में शानदार प्रोग्राम का आयोजन हुआ और मेहमाने खुससी सैयद महिबुल हक का बयान हुआ। जिसे काजी लोगों ने सुनकर फययुजो बंरकात हासिल की।

### मिश्रौलिया ओवरब्रिज पर छाया रहता है अंधेरा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कहावत है की अंधेरा अपराध की जननी है यह पंक्तियां इसलिए याद आई क्योंकि अभी कुछ ही दिन पहले मिश्रौलिया ओवरब्रिज का उद्घाटन मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा किया गया और ब्रिज पर दोनों साइड में बहुत कायदे से लाइट का इंतजाम किया गया लेकिन बड़े ही अफसोस के साथ यह कहना पड़ रहा है की लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं आ पाया कि ब्रिज पर एक भी लाइट नहीं जल रही है सारी लाइटें खराब है लाइट बंद होने का फायदा चोर उठा रहे आए दिन एक न एक लाइट खोलकर अपने घर ले जा रहे हैं ऐसे में यात्री उस पुल पर अंधेरे में गुजरने को मजबूर हैं कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है और तब जिला प्रशासन शायद इस ओवर ब्रिज की ओर ध्यान देना मुनासिब समझे क्योंकि हादसे बता कर नहीं आते और ऐसे में उस अंधेरे पुल से गुजरने वाला कोई भी यात्री लुटेरों का शिकार बन सकता है।

## खाते की भूमि पर दबंग नहीं करने दे रहे निर्माण

**कर्नलगंज/गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

**▸ पीड़ित की नहीं हो रही सुनवाई**

**▸ हल्का लेखपाल, कानूनगो पर पुराने बने मकान की भूमि को विवादित बताते हुए पैमाईश न करने का आरोप**

तहसील व कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दबंगो की मिलीभगत के चलते हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक द्वारा एक व्यक्ति के खाते की भूमि पर पुराने बने मकान भूमि को विवादित बताते हुए ना तो पैमाईश की जा रही है और ना ही उस पर निर्माण कार्य करने दिया जा रहा है। पीड़ित तमाम थाना दिवस,तहसील व जिला मुख्यालय पर सभी अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दे चुका है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। मजबूर होकर उसने पुनः अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर उसके उसके भूमि गाटा संख्या 182 पर विपक्षीगणों द्वारा किए जा रहे बेजा हस्तक्षेप को रोकवाकर मकान निर्माण कराए जाने की गुहार लगाई है।

पूरा मामला कर्नलगंज तहसील व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुदौलिया से जुड़ा है। यहां के निवासी पीड़ित हनीफ पुत्र जुम्मन ने दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि ग्राम रुदौलिया स्थित भूमि गाटा संख्या 182 का वह संक्रमणीय भूमिधर है और उसके पूर्वजों के जमाने से एक किता कच्चा मकान बना हुआ था। जिसको गिराकर वह नया मकान बनाने लगा तो गांव के ही रहने वाले मेराज पुत्र रहमत अली, इब्राहिम पुत्र गनी, फकीरा पत्नी पीर मोहम्मद, रहमत अली व हसन अली, रज्जब अली पुत्रगण मुन्ना निवासियान





ग्राम रुदौलिया थाना कोतवाली कर्नलगंज जनपद गोंडा उसके मकान पर बेजा हस्तक्षेप करके नव निर्माण नहीं करने दे रहे हैं। उक्त फकीरा पत्नी पीर मोहम्मद के द्वारा एक सिविल वाद संख्या 1542 दायर किया है,जिसमे पैरा 8 में यह स्पष्ट उल्लेख किया है हमे प्रतिवादी संख्या 2 ता 10 जो प्रार्थी व उनके भाई हैं उनसे हमारा कोई विवाद नहीं है और ना ही हमारा उनके कब्जे वाली भूमि से कोई वास्ता सरोकार है। उक्त मुकदमे में विपक्षी मेराज पुत्र रहमत अली निवासी ग्राम उपरोक्त से विवाद है। जबकि वे उपरोक्त गाटा संख्या में ना सह खातेदार हैं और ना ही वो हमारे सेजरा खानदान से आते हैं। केवल प्रस्तुत मुकदमे में मेराज को ही हस्तक्षेप करने से सिविल न्यायालय द्वारा निषेधित किया गया है। उसके बावजूद हल्का लेखपाल नौशाद खां, आयुष मिश्र राजस्व निरीक्षक द्वारा उसके भूमि पर पुराने बने मकान की भूमि को विवादित बताते हुए उसकी ना तो पैमाईश करते हैं और ना ही उस पर निर्माण कार्य करने दे रहे हैं। पीड़ित तमाम थाना दिवस,तहसील व जिला मुख्यालय पर सभी अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। पीड़ित ने उसके भूमि गाटा संख्या 182 पर विपक्षीगणों द्वारा किए जा रहे बेजा हस्तक्षेप को रोकवाकर मकान निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### दोपहर बाद हुई रिमझिम बारिश



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में सोमवार की दोपहर बाद शुरू हुई बारिश ने लोगों को उमस और गर्मी से राहत दी। बीते दो दिनों से लोग भीषण उमस और गर्मी का सामना कर रहे थे लेकिन बारिश ने मौसम को ठंडा कर दिया। बारिश से ग्रामीण इलाकों में किसानों की फसलों को भी लाभ हुआ है जिससे किसान खुशी में है। खेतों में लगी फसल को बारिश से काफी फायदा हुआ है जो किसानों के चेहरे पर खुशी की झलक दिख रहा है। हालांकि बारिश के साथ ही कई इलाकों में जल भराव और कीचड़ की समस्याएं भी सामने आई है। शहर के निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों की सफाई समय पर न होने और पानी के निकास की उचित व्यवस्था के अभाव के कारण हर बार बारिश के दौरान जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति से निजात पाने के लिए जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत है। ताकि आने वाले दिनों में लोगों को इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### शोपीस बनकर रह गया विकासखंड मनकापुर के ग्राम सोहास का सामुदायिक शौचालय



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत मनकापुर विकास खंड की सोहास ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है।शासन का मकसद था शौचालय बनेंगे तो जिनके पास सुविधा नहीं है,वह लोग इनका उपयोग कर सकेंगे।इसके लिए भारी भरकम धनराशि खर्च कर शौचालयों का निर्माण कराया गया था।इनमें महिला व पुरुष के लिए अलग– अलग व्यवस्था की गई थी।लेकिन, जिम्मेदारों की उपेक्षा से शौचालय निर्माण सार्थक नहीं हो रहा।सामुदायिक शौचालय में लगे ताले शोभा बढ़ा रहे हैं। सोहास ग्राम पंचायत में बने शौचालय में बनने के बाद ताला लगा दिया गया है।इसमें एक दिन भी जरूरतमंद को जाने का मौका नहीं मिला।लोग खुले में शौच जाने को विवश हैं। बारिश में तो बाहर जाना खतरनाक भी है, क्योंकि विषैले जीव जंतुओं का खतरा रहता है। वहीं, जिम्मेदार अधिकारी गांवों को जाना और जन सुविधाओं व समस्याओं को जानना नहीं चाहते। लिहाजा ब्लाक में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए शौचालय निरर्थक साबित हो रहे हैं। वही लगभग हर ग्राम पंचायत का यही हाल है।इन शौचालय को बने करीब सालों बीत चुके हैं। वही समृद्धि न्यूज़ की टीम ने सोहास ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय में लगे ताले की हकीकत जानने के लिए सुबह 6 पहुंची तो सामुदायिक शौचालय पर ताले लटक रहे थे।और खुले में लोग शौच जा रहे थे। वही शौच जा रहे एक व्यक्ति ने बताया कि ज़ब से शौचालय बना है तंब से सामुदायिक शौचालय में ताला लटक रहा है।इसे अभी तक लोगों के लिए चालू नहीं किया गया है।लोग रास्ता देख रहे हैं कि चालू हो और इसका लाभ मिले। जिम्मेदार भी गंभीरता नहीं दिखा रहे।वही एक व्यक्ति ने बदला हुआ नाम रामू ने बताया कि सामुदायिक शौचालय बना होने के बावजूद महिलाएं,बच्चे व बुजुर्ग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं।बरसात के मौसम में दिक्कतें होती हैं। अधिकारी इसे चालू कराएं तो लोगों इस सुविधा का लाभ मिल सके और खुले में शौच जाने में असहज महसूस करते हैं लाखों रुपये खर्च कर आखिर किसलिए शौचालय का निर्माण किया गया है।वही सामुदायिक शौचालय में ताला लगे होने की जानकारी एडीओ पंचायत से दूरभाष पर जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उनके फोन की घंटी बजती रहे और फोन नहीं उठा जिससे की जानकारी नहीं मिल पाई है।

## अवैध संबंध में युवक की बांके से काटकर हत्या

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

**▸ पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख पति ने उठाया कदम**

**▸ पत्नी को किया अधमरा, जिला अस्पताल रेफर**

जनपद के उमरी गांव निवासी युवक को पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख पति ने आपा खो दिया। उसने बांके से काटकर प्रेमी की हत्या कर दी। जबकि पत्नी पर चाकू से हमला किया। पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।



**पत्नी ने पुलिस को दिया बयान**

कैसरगंज सीएचसी में भर्ती महिला से पुलिस बयान लेने पहुंची। महिला का कहना है कि उसका पति शनिवार को दिल्ली से आया था। पति के कहने पर घर प्रेमी को बुलाया। इसके बाद प्लान के तहत पति और भांजे ने लाठी, डंडे और बांके से हमला कर मार डाला।

**मौके पर पहुंचे एएसपी सिटी**

घटना की जानकारी होने पर मौके पर फॉरेंसिक टीम व अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। वहीं, प्रेमी के हमले में हत्यारोपी पति भी घायल हो गया, जिसका उपचार चल रहा है।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरई उमरी गांव निवासी गुड्डू (40) का प्रेम प्रसंग हरना हनौरा गांव निवासी महिला से चल रहा था। महिला के बुलाने पर रविवार रात 9.30 बजे के आसपास गुड्डू बाइक से अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा। कोतवाली क्षेत्र के हरना हनौरा गांव में गुड्डू को हलीम ने अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया। इस पर गुड्डू पर हलीम ने अपने भांजे की मदद से बांके से हमला कर हत्या कर दी। जबकि पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किया। इसके बाद सभी फरार हो गए।

आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। आसपास के लोगों की मदद से पुलिस ने महिला सीएचसी पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि अवैध संबंध में हत्या हुई है। उन्होंने बताया कि अपात्तिजनक हालत में देखने पर हमला किया है।

## नहीं रुक रहा भेड़िये का आतंक, अब छत पर सो रहे बालक पर किया हमला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पिपरी मोहन गांव में छत पर परिवार के साथ सो रहे बालक पर भेड़िया ने हमला कर दिया। भेड़िया के हमले में घायल बालक को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महसी तहसील क्षेत्र में दौरा कर हमला करने पर भेड़िया को गोली मारने के निर्देश दिए थे। दो दिन भेड़िया का हमला भी रुका रहा। लेकिन रात में एक बार फिर भेड़िया ने अपनी आमद दिखा दी है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरी मोहन निवासी इमरान (11) परिवार के साथ छत पर सो रहा था। रात में भेड़िया छत पर पहुंच गया। उसने इमरान को दबोच लिया। इमरान के छटपटाहट पर पास में लेटी भाभी ननकई ने किसी तरह भेड़िया से इमरान को छुड़ाया। इसके बाद शोर मचाया।



**▸ घायल बालक का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज**

आसपास के लोग एकत्रित हुए। घायल बालक को सीएचसी में भर्ती करवाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर वन कर्मी मौके पर पहुंचे। सभी ने जांच की। मालूम हो कि सीएम के निर्देश के बाद भी भेड़िया को शूट न करना कई सवाल खड़े कर रहा है।

## सीएचसी में मंडलायुक्त का छापा, कर्मचारियों में हड़कंप

**▸ मरीजों को बाहर की दवा लिखे जाने पर जताई नाराजगी**

**▸ कार्रवाई के दिए निर्देश**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



मंडलायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण में अधीक्षक डॉ. थानेदार जहां नदारद मिले, वहीं सीएचसी पर पिता की जगह पुत्र ड्यूटी करते पाया गया।

देवी पाटन मंडल के मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील द्वारा रविवार देर रात में किये गये सीएचसी के औचक निरीक्षण से हड़कंप जैसी स्थित देखने को मिली। निरीक्षण में साफ सफाई न होने के साथ ही मरीजों को बाहर की दवायें लिखे जाने का मामला भी सामने आया, जिस पर मंडलायुक्त ने कार्रवाई के निर्देश दिये।स्वास्थ्य चिकित्सा की सच्चाई जानने पहुंचे मंडलायुक्त को औचक निरीक्षण में कई खामियां देखने को मिली। मंडल के सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर व अन्य स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के साथ ही मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले, इसी हकीकत को जानने रविवार की देर रात मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने सीएचसी पयागपुर का औचक मुआयना किया, जहां उन्हें चिकित्सक द्वारा बाहर की दवाइयां लिखा जाना तैनात कर्मचारियों के स्थान पर अनाधिकृत व्यक्ति का काम करते मिलना, परिसर में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था न होना आदि अव्यवस्था देखने को मिली। मंडलायुक्त को सीएचसी पर ड्यूटी चार्ट नही मिला, जिसे उन्होंने घोर लापरवाही की संज्ञा देते हुए अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये। मंडलायुक्त के निरीक्षण की सूचना पर उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार भी सीएचसी पहुंचे।

## पलटने के बाद बाइक में हुआ विस्फोट एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

**▸ बाइक से गोला बारूद ले जाते समय हुआ विस्फोट**

जिले के दरगाह थाना क्षेत्र में बहराइच-बलरामपुर हाईवे के डीहा के तेलीपुरवा में सोमवार सुबह तेज रफ्तार बाइक अचानक सामने आए कुत्ते से टकराकर पलट गई। जिसके चलते भीषण विस्फोट हो गया। बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा आंशिक रूप से घायल हो गया।आनन फानन में बाइक सवार रहे दोनों युवको को मेडिकल कॉलेज लाए जाने पर चिकित्सकों ने परीक्षण कर एक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। देहात कोतवाली के बहादुर चक गांव निवासी 30 वर्षीय गुड्डू पुत्र नसीम अपने साथी 28 वर्षीय मोबीन



पुत्र सगीर ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के लिए शहर स्थित बाजार से कुछ खरीददारी कर बाइक से अपने गांव जा रहे थे। दरगाह थाना क्षेत्र के डीहा के तेलीपुरवा के पास अचानक बाइक के सामने कुत्ते के आ जाने पर उसे बचाने के प्रयास में बाइक पलटते ही धमाके के साथ भीषण विस्फोट हो गया। जिसके चलते गुड्डू के पेट कमर का बांया हिस्सा फट जाने से आंतें बाहर आ गई। जबकि मोबीन भी घायल होकर तड़प रहा था। आसपास के लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा गया।चिकित्सकों ने परीक्षण कर गुड्डू को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। त्योहार भी फीका पड़ गया है। इस मामले में थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अस्पताल से हादसे की सूचना आई है। लेकिन बाइक सवार आतिशबाजी का सामान ले जा रहे थे। इसकी जांच की जा रही है।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर आयोजित होगें विभिन्न कार्यक्रम

**▸ आज पीएम के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी भाजपा : बृजेश पाण्डेय**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

आज 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बहराइच द्वारा जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के क्रम में सर्वप्रथम प्रातः 11:00 बजे युवा मोर्चा द्वारा





जिला चिकित्सालय पर ब्लड डोनेशन व सांसद आनन्द गोंड द्वारा फल वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा तत्पश्चात 12 बजे राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय निकट विकास भवन पर स्वच्छता कार्यक्रम जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह के संयोजन मे आयोजित होगा।

इसी क्रम में 12:30 बजे सरस्वती विद्या मंदिर माधव पुरी में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। जिसमें उनके जीवन के विभिन्न शोपनो को दर्शाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे।

साथ ही सभी जनप्रतिनिधि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने बताया कि आज आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के निमित्त सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से जिला महामंत्री डॉ जितेंद्र त्रिपाठी, नन्हेंलाल लोधी, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, सुषमा चौधरी, जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव,युवा मोर्चा जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित उपस्थित रहे।

## जिले में मनाया गया ईद मिलादुन्नबी

**▸ मुस्लिम समाज के लोगों ने निकली झांकियां, जुलूस के रास्ते पर तैनात रही पुलिस**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर इस्लामी त्यौहार ईद मिलादुन्नबी को धूमधाम से मनाया गया। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार चांद की 12 तारीख को हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था और इस दिन को मुस्लिम समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है।ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने शहर में



**सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम**

ईद मिलादुन्नबी के पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। जुलूस के मार्गों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके। प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि जुलूस के दौरान कोई भी अप्रिय घटना न हो और सभी धार्मिक गतिविधियां सुचारू रूप से चल सके।

विभिन्न झांकियो के साथ भव्य जुलूस निकाला। जुलूस की शुरुआत सीरत कमेटी और काजीपुरा स्थित मुलसिम मुसाफिर खाना से हुई। शहर के दरगाह और अन्य इलाकों से भी खूबसूरत झांकियो के साथ हजारों लोगों ने जुलूस में हिस्सा लिया। जुलूस के दौरान सरकार की आमद मरहबा के नारे शहर की सड़कों पर गूंज उठे।इस मौके पर लोग धार्मिक झंडों के साथ तिरंगा लहराते हुए नजर आए।

**कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में भी निकाला गया जुलूस**

जिले के रिसिया, नानपारा, मटेरा, पयागपुर, विशेश्वरगंज, कैसरगंज, जरवलरोड, फखरपुर सहित तमाम इलाकों में ईद मिलादुन्नबी मनाया गया। जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने भव्य झांकी निकाली। और जुलूस के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# कठिन डगर है फिर भी डटे रहे हैं पत्रकार : एमएलसी

रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

पत्रकारों को कई कठिन रास्तों से गुजरना पड़ता है। ऐसे में पत्रकारों और उनके परिजनों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा हम उनके साथ हैं। कोई भी पत्रकार साथी अपने बच्चों की शिक्षा के लिए, हमसे संपर्क कर सकता है मैं उसकी पूरी व्यवस्था करूंगा।

उक्त विचार मुख्य अतिथि माननीय सभापति वित्त एवं प्रशासकी यह विलंब समिति विधान परिषद व एमएलसी सीतापुर पवन कुमार सिंह ने अमर सेनानी राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति की ओर से आयोजित पत्रकार आभार एवं सम्मान समारोह व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति रायबरेली 1857 क्रांति के अमर नायक राना बेनी माधव बक्स सिंह की स्मृतियों को जो संजोने का प्रयास कर रही है इसकी जितनी सराहना की जाए वह काम है। यह पहली ऐसी संस्था जो सामाजिक कार्यों के साथ विकास कार्यों पर भी काम कर रही है। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी समिति के प्रस्ताव पर 50 करोड़ का विकास कार्य रायबरेली में कर रहे हैं। ऐसे कार्यों में हर किसी को सहयोग करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर किसी भी पत्रकार के परिजनों को रोजगार की आवश्यकता है तो वह संपर्क करें, हम उन्हें नौकरी देंगे। साथ ही यदि उनके बच्चे पढ़ रहे हो तो उनको भी सुविधा दी जाएगी। श्री सिंह ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद देते हुए कहा कि राणा बेनी माधव बक्श सिंह सभागार का निर्माण होते देख अपार हर्ष हो रहा है और समिति को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे सेनानी के लिए काम किया जा रहा है।

जिसने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया हो। श्री सिंह ने कहा कि पत्रकार साथी अगर अपने परिवार के साथ अयोध्या या बनारस दर्शन के लिए जाना चाहते हो तो वह समय बता दें आने-जाने की व्यवस्था मेरी तरफ से की जाएगी।

अध्यक्षता कर रहे संरक्षक पूर्व विधायक गजाधर सिंह ने सभी का स्वागत किया। हरिहर सिंह, रविंद्र सिंह, शिवकुमार सिंह, जितेंद्र सिंह केसरिया ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मदन सिंह चौहान ने अंग वस्त्र लेकर सम्मानित किया। समिति के सचिव आशुतोष सिंह सुनील सिंह ने स्मृति चिन्ह लेकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि के साथी समिति के अन्य पदाधिकारी ने सभी पत्रकार साथियों को राजा रामचंद्र जी व राना बेनी माधव बक्श सिंह का चित्र वह अंग वस्त्र देकर सभी पत्रकार साथियों को सम्मानित किया।



चौथा स्तंभ मजबूत रहेगा, तभी बदल सकती है देश की दशा

### सफल आयोजन के लिए बधाई के पात्र हैं समिति के लोग

अमर सेनानी की जयंती पर आयोजित भाव समर्पण समारोह की सफल आयोजन में अपनी सहभागिता करने वाले सभी पत्रकार साथियों को समिति ने आभार जताया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अशोक शर्मा, राज पाल सिंह,आशीष दीक्षित, पुलक त्रिपाठी, सुनील पांडे, अनिल मिश्रा, हरीशानंद मिश्रा, अजीत सिंह, रमेश सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, संजय मौर्य, विवेक श्रीवास्तव, पंकज सिंह, रवींद्र सिंह, अख्तर हुसैन, मोहन कृष्ण, समेत अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में चारपाई पर मिला शव

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



संदिग्ध परिस्थितियों में चारपाई पर अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या किये जाने की अशंका जताई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के पूरे काली तिवारी मजरे उमरी का है। जहां के निवासी नरसिंह यादव का शव सोमवार सुबह चारपाई पर पाया गया। परिजनों ने हत्या किए जाने की अशंका जाहिर की हैं। मृतक ने दो शादियां की पहली पत्नी पुष्पा दूसरी का नाम विमला हैं। दोनों पत्नियों से दो दो बच्चे हैं। मृतक दूसरी पत्नी के साथ रहता था। पहली पत्नी पुष्पा ने बताया पति का दूसरी पत्नी से आएदिन लडाई झगड़ा व मारपीट होती थी। किसी बात को लेकर बीती रात दोनों में लड़ाई हुई और ईट पत्थर चले। रात में मृतक ने पहली पत्नी के घर जाकर बताया कि उसके घर पर कोई पथराव किया हैं। उसके बाद दूसरी पत्नी के घर सोने चला गया। सुबह उसका शव चारपाई पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया शव को पीएम के लिए भेजा गया हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

## खबरें एक नजर में

### बच्चे को जन्म देने के बाद मां की मौत हॉस्पिटल पर लापरवाही का आरोप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बच्चे को ऑपरेशन से जन्म देने के बाद मां की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने निजी हॉस्पिटल के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मामला डीह थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुर मजरे बरावां का है। गांव निवासी अनिल कुमार का कहना है कि उसकी पत्नी संजू देवी (27) गर्भवती थी। आशा बहू को दिखाने पर परशदेपुर के मटियारा चौराहा स्थित ओम गंगोत्री हॉस्पिटल ले जाने को कहा। अनिल कुमार का आरोप है कि हॉस्पिटल ले जाने पर पहले डॉक्टर ने कहा कि डिलीवरी नॉर्मल हो जायेगी, लेकिन बाद में ऑपरेशन करने को कहा गया। अनिल कुमार का कहना है कि ऑपरेशन के लिए पच्चीस हजार रुपये मांगने पर उसने पंद्रह हजार रुपये जमा भी किया। लेकिन ऑपरेशन के बाद हालत खराब होने पर उसकी पत्नी को लखनऊ के निजी हॉस्पिटल भेज दिया गया। जहां पर पत्नी की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजन शव को लेकर वापस गांव चले आए। सूचना पाकर गांव पहुंचे चौकी प्रभारी कृष्ण चंद्र ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। मामले की जांच स्वास्थ्य विभाग ही बेहतर तरीके से कर पायेगा। वहीं हॉस्पिटल के संचालकों ने लापरवाही के आरोप को बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि 11 सितंबर को बच्चे के जन्म के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर उसे लखनऊ के निजी हॉस्पिटल में रेफर किया गया था। लेकिन परिजन उसे वहां से डिस्चार्ज कराकर दूसरे हॉस्पिटल ले गए, जहां पर 15 सितम्बर को महिला की मौत हुई है।

### बड़े ही धूमधाम से निकला ईद मिलादुन्नबी का जलूस

**सादुल्लाहनगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** हर्षोल्लास व अकीदत के साथ मनाया गया पैगम्बर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्मदिन सोमवार को सादुल्लानगर- गौरा चौकी रोड पर स्थित मरकज़ी इदारा अल जामे अतुल हशमतिया मुशाहिद नगर माहिम से जुलूस ईद-ए- मीलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम परम्परा अनुसार 12 बजे मरकज़ी जुलूस निकाला गया जुलूस पिपरा माहिम मुशाहिद नगर से हशमत नगर मदरहवा, गुलजार नगर, होते हुऐ गूमा फातमा जोत रबीउल नूर ग्राउंड में पहुंचा। जहां पर अंजुमन गुलामाने मुस्तफा कमेटी की तरफ से फूल माला पहनाकर पुष्पवर्षा करके जुलूस का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अली अहमद, हाफ़िज़ महमुदुल हसन बेग़, ग्राम प्रधानअहमद अली हशमती, मास्टर ग़ुलाम जीलानी बेग, मुफ्ती गुलाम मुर्तजा हाशमती, मिर्जा सिबतैन रज़ा बेग हशमती,कारी शहजाद रजा हशमती, मौलाना गुलाम जीलानी, शमसुद्दीन चौधरी, कारी फारूक़ अहमद हशमती, मौलाना तसलीम रजा, मुफ्ती अब्दुल रहमान कादरी, मौलाना अली अहमद हशमती,वाजिद अली राईनी,इरशाद अहमद, अबरार अहमद खां हशमती, सुहेल खान, सलीम खान, मौलाना इरशाद अहमद खान हशमती, जमाल अहमद,अनीस अहमद क़ादरी, ग़ुलाम अब्दुल क़ादिर कुरैशी, इरशाद अहमद मिस्त्री, मज़हर बेग, मुजाहिद बेग, एजाज अहमद खान, अफ़जाल अहमद खान, वाजिद अली राईन, ऐजाज़ अहमद अशरफ़ी, अताउल मुस्तफा शाह, जीशान रजा, मोहम्मद हसीन बेग, हबीबुल्लाह बेग, दिलशाद रंगरेज, सद्दाम हुसैन रंगरेज, रव्वाब ठेकेदार, अल्लन ठेकेदार समेत भारी जनसंख्या लोग मौजूद रहे।

### पंखा का प्लक लगाते समय करंट से युवक की मौत

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम भैसमरी में बीती शाम फर्राटा पंखा लगाते समय करंट की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहरा मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेट घटना की जांच पड़ताल शुरू करती है। थाना क्षेत्र सिसोलर के ग्राम भैंसमरी निवासी संत प्रकाश उम्र 24 वर्ष स्वर्गीय चंदन सिंह रविवार की शाम अपने घर में फर्राटा पंखा लगा रहा था तभी अचानक करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। इस घटना से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक अपनी मां का अकेला पुत्र थाण् संत प्रकाश जब एक वर्ष का था तभी उसके पिता की मौत हो गई थी उसकी मां ने मजदूरी कर बड़ी मेहनत के साथ उसे पाल पोस्टसकर बड़ा किया था। बेटे की मौत से उसकी मां बेहाल है। संत प्रकाश अविवाहित था फिलहाल इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

### एकबार फिर टूटा तेज रफ्तार का कहर सड़क हादसे में किसान की मौत, एक गंभीर रूप से घायल




**महोबा, समृद्धि न्यूज।** महोबा श्रीनगर थाना क्षेत्र के बिलरही तिराहे पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो किसानों को पीछे से जोरदार टक्कर मारकर बुरी तरह रौंद दिया। इस सड़क हादसे में एक किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ,जबकि दूसरे को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सड़क दुर्घटना में किस की मौत को लेकर पुलिस प्रशासन ने शव को पंचनामा के लिए भेज किसान परिवार को सरकार की किसान दुर्घटना बीमा योजना के तहत करीब रु. 500000 की आर्थिक मदद देने की पहल शुरू कर दी है । महोबा सदर तहसील के उरवारा गांव में रहने वाले बेटू महाराज उर्फ नारायण दास मिश्रा बाइक पर सवार होकर अपने साथी शेखर सेन के साथ श्रीनगर की ओर आ रहे थे तभी एक ट्रक ने पीछे से दोनों को जोरदार टक्कर मार दी है इस सड़क हादसे में नारायण दास मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि शेखर सेन को गंभीर अवस्था में जिला अवस्था में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मोके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

## रायबरेली शब्दाक्षर साहित्यिक संस्था की जिला समिति का गठन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

पूरे देश में साहित्य सेवा में सक्रिय संस्था शब्दाक्षर की रायबरेली की जिला समिति का बीते दिन गठन हो गया। जिसमें देश के वरिष्ठ नवगीतकार डॉ विनय भदौरिया को अध्यक्ष,कवि उदय बाजपेई को जिला उपाध्यक्ष,डॉ शैलेश प्रताप सिंह को जिला सचिव,प्रियंका तिवारी को साहित्य मंत्री,आनंद सिंह को संगठन मंत्री,दीप अमन को अर्थमंत्री और वाई पी सिंह को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

संवाददाता से बातचीत करते हुए जिलाध्यक्ष विनय भदौरिया ने कहा कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह और प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार हिन्दवी को हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। डॉ भदौरिया ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी संस्था द्वारा सौपी गई है उसे पुरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने की कोशिश करूंगा।




## जनपद के प्रथम डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक शुभारंभ

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में योगी सरकार एक बड़ी पहल की है। इस पहल के तहत प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक खोले जा रहे हैं, अन्य 19 जनपदों की तरह जिले के बछरावां विकास खंड की सुंदौली ग्राम पंचायत में रविवार को परियोजना के नए केंद्र की शुरूआत कंपनी के सीईओ संजय कुमार ने की।

डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक एक तरह से प्राइमरी हेल्थ सेंटर है। जहां न केवल आनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शहर के बड़े डॉक्टर से परामर्श मिलेगा। बल्कि हेल्थ केयर असिस्टेंस के साथ ही लैबोरेटरी की भी सुविधा मिलेगी। निजी निवेश के माध्यम से योगी सरकार यह पहल कर रही है। इसका उद्देश्य गांवों और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारना है, ताकि रियायती दरों पर लोगों को गंभीर से गंभीर बीमारियों में चिकित्सीय परामर्श के साथ ही दवाइयां और पैथोलॉजी टेस्ट की सुविधा मिल सके। ओबदु ग्रुप इस पूरे प्रोजेक्ट को धरातल पर उतार रही है। ग्रुप के फाउंडर और सीईओ संजय कुमार ने बताया, डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा हो रहा है और इस परियोजना को ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र की सभी श्रेणी के लोग स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मात्र 30 से 40 रुपए में खून की जांच और 5 मिनट में इसका रिजल्ट आना, ग्रामीण क्षेत्र वासियों के लिए एक बहुत बड़ा बदलाव है। जिसकी वजह से ग्रामीणों का समय बर्बाद होने से तो बचता ही है बल्कि उनको ज्यादा आर्थिक हानि भी नहीं होती है। डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक में मिलने वाली सुविधाओं में डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक में इलाज के दौरान सभी प्रकार की दवाइयां क्लिनिक के अंदर ही मरीज को बहुत कम रेट पर उपलब्ध कराई जाएंगी। जबकि डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक पर डॉक्टरों द्वारा परामर्श देने पर ब्लड टेस्ट मात्र 3 से 5 मिनट में कर लिया जाएगा। जिसकी कीमत मात्र 30 से 40 रुपए होगी। इसमें सभी प्रकार के फीवर प्रोफाइल टेस्ट शामिल होंगे। जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, पीलिया, शुगर आदि।



### सेंटर पर ऐसे मिलेगा डॉक्टर्स का परामर्श

प्रत्येक डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक में एक हेल्थ केयर असिस्टेंट होगा।जो सेंटर पर आने वाले मरीज के मोबाइल से डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक पर लॉग-इन करेगा। इसके बाद मरीज की बीमारी के मुताबिक उसे बेस्ट एमबीबीएस डॉक्टर से आनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस पर जोड़ दिया जाएगा।डॉक्टरों के परामर्श के अनुसार जरूरी टेस्ट भी 3 से 5 मिनट में करके डॉक्टर्स को एआई की मदद से पहुंचा दिया जाएगा। इससे डॉक्टर मरीज की बीमारी का सही आकलन कर जरूरी दवाइयां का सुझाव दे सकेंगे। गांव में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक खुलने से लोगों में हर्ष का माहौल है।

## टोलकर्मियों ने मैजिक चालक के साथ जमकर की थप्पड़ बाजी, मैजिक का टूटा कांच



लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

आए दिन सुर्खियों में रहने वाला टोल प्लाजा एक बार फिर चर्चा में गर्म हो गया है मामला लालगंज रायबरेली के टूल प्लाजा का है जहां पर सोमवार की दोपहर करीब 1 बजे एक मैजिक चालक सवारियां बैठाकर रायबरेली से लालगंज की तरफ आ रहा था तभी टोल प्लाजा में तैनात कर्मियों ने चालक के साथ मारपीट की जिससे मैजिक में बैठी सवारियां भी घायल हो गई और मैजिक का कांच भी टूट गया जिससे मैजिक चालक का काफी नुकसान हो गया। रोड खराब होने के बावजूद भी टोल टैक्स जनता से वसूला जा रहा है। टोल मैनेजर प्रांशु द्विवेदी का कहना है कि मैजिक वालों से रु. 70 शुल्क वसूला जाता है। पीड़ित धीरज गुप्ता अपनी क्षतिग्रस्त मैजिक लेकर लालगंज कोतवाली पहुंचा जहां पर उसने पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया और बताया कि मैं मैजिक लेकर लालगंज जा रहा था तभी पैसे के लेनदेन को लेकर लगभग आधा दर्जन टूलकर्मियों ने मेरे साथ मारपीट की और मैजिक का कांच तोड़ दिया फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### आए दिन चर्चाओं में बना रहता है टोल प्लाजा

टोल टैक्स में कहीं मारपीट को लेकर कहीं लड़ाई झगड़े को लेकर आए दिन चर्चा में बना रहता है दर्शन एक सीसीटीवी वीडियो पुलिस के पास है जिसमें देखा जा सकता था कि चालक के साथ लगभग आधा दर्जन टोलकर्मियों ने की जमकर थप्पड़ बाजी की और जब टोल मैनेजर से इस पूरी घटना की जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो वह कुछ बताने के लिए उचित नहीं समझा।

## सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जा करने के मामले में पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर तहसील क्षेत्र के पुरैना बुलंद गांव के पांच लोगों के खिलाफ गैंड़ास बुजुर्ग थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मामला हल्का लेखपाल अरुण कुमार गुप्ता की शिकायत पर लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया।

राजस्व निरीक्षक वीरेंद्र कुमार भट्ट ने बताया कि पुरैना बुलंद के आरक्षित खलिहान की भूमि पर गांव के ही दुर्गा प्रसाद, मुन्नालाल, तिलकराम, अनिल कुमार और मायादेवी ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। छह महीने पहले प्रशासन की ओर से इन सभी को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इसके बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया। इस मामले में उप जिलाधिकारी के आदेश पर कार्रवाई की गई और लेखपाल अरुण कुमार गुप्ता ने गैंड़ास बुजुर्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत पांचों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अब प्रशासन जल्द ही अवैध कब्जा हटाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा।




### मायके में रह रही गर्भवती महिला को भगा ले गया

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** एक व्यक्ति द्वारा पांच माह की गर्भवती महिला को अपने साथ जबरन भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पति ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी शंकर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी पांच माह की गर्भवती है। वह अपने मायके रिनियां में रह रही थी। बीती दो सितंबर को वह चेकअप कराने के लिए जालौन आई थी। तबसे वह वापस नहीं लौटी है। जब उसे इसकी जानकारी मिली तो उसने पत्नी की तलाश शुरू की। जिसमें उसे जानकारी हुई है कि उसकी पत्नी को आटा थाना क्षेत्र का एक व्यक्ति जबरन अपने साथ भगा ले गया है। पीड़ित पति ने पुलिस से पत्नी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

## बारह रबिउल अव्वल शानो-शौकत के साथ मनाया गया



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

उत्सव के साथ मनाया गया मोहम्मद साहब का जन्मदिन कस्बे मदरसा अलजामियातुल इस्लामिया स्कूल से हजारों की तादाद में मुस्लिम भाइयों ने जुलूस निकाला जो कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए सुखई का पुरवा में खत्म हुआ।

वही मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर कस्बे भर में जगह-जगह सिन्नी (प्रसाद) वितरण हुआ मदीना मस्जिद मुख्य तिराहा महराजगंज पर कस्बे के कोटेदार एवं हाजी जिया उल हक द्वारा सिन्नी (प्रसाद) का वितरण किया गया जिसमें हजारों की तादाद में जुलूस में चल रहे लोगों ने (सिन्नी) और प्रसाद लिया जुलूस में चल रहे लोगों ने पैगंबर मोहम्मद साहब के नारे लगाए गए तथा एक दूसरे को पैगंबर साहब के जन्मदिवस पर मुबारकबाद दी गई।

कस्बे के हाजी जिया उल हक ने कहा कि आज का दिन हम सभी मुसलमान भाइयों के लिए विशेष दिन है क्योंकि आज ही पैगंबर साहब का जन्म हुआ और उन्होंने संपूर्ण संसार में रोशनी फैलाई और लोगों को जीवन किस तरह जीना चाहिए इसकी राह दिखाई। आज करोड़ों की तादाद में लोग मोहम्मद साहब का जन्म दिवस मना रहे हैं इस मौके पर मौलाना अतिकुर रहमान चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी विधायक समाजवादी पार्टी श्याम सुंदर भारती फैजान अहमद जैनुल हक इमानुल हक (एडवोकेट )ताज मोहम्मद अजगर मदरिया चांद हाफिज कारी इरफान शब्बीर मास्टर ताज मोहम्मद सपा नेता फिरोज अहमद सभासद नूरुल हसन रमजान अली मुस्ताक राइनी साहिल (बल्ला) मोहम्मद आतिफ सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी



**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गयाद्य यह जुलूस क्षेत्र के राजामऊ मैनाहार कटरा, पश्चिम गांव, रामपुर सुदौली, थुलेडी, कुंदनगंज सहित कस्बे में कमनी तालाब वह अन्य तीन चार गुटों के द्वारा निकाला गयाद्य हुजूर की यौमे पैदाइश पर जुलूस हर साल की तरह इस साल भी निकाला गयाद्य जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने या रसूल अल्लाह के जमकर नारे लगाते हुए अपनी खुशी का इजहार किया वही जगह-जगह स्टाल लगा कर लंगर वितरण किया गयाद्य लोगों का कहना है कि यह त्यौहार में हम सभी मुस्लिम समाज के लोग पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म दिन मुबारक मनाते हैंद्य इस लिए इस दिन को खासतौर पर मनाया जाता है और शाम को नियाज़ यानी फतिहा( पूजा अर्चना)कराते हैं। इस मौके पर प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है जगह जगह पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## जुलूस में लगे विवादित नारे, खामोश रहे जुलूस के अलमबरदार

उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

जुलूसे मुहम्मदी के दौरान शांति समिति की बैठक में सर्वसम्मति के समझौते के बावजूद अराजक तत्वों ने न केवल विवादित व देश विरोधी नारेबाजी की बल्कि आरोपियों को पुलिस की पकड़ से छुड़ाने का काम भी हुआ।

जुलूस में शामिल धर्मगुरु राजनेता व संभ्रांत जनों ने भी विवादित नारे लगाने वालों को भी रोकने की जहमत नहीं उठाई। गोंडा मोड़ तिराहे से रामप्रकाश ज्वैलर्स की दुकान तक अराजक तत्वों ने सर तन से जुदा फिलिस्तीन व पाकिस्तान के समर्थन के नारे लगाए। विवादित नारा लगाने वाले एक आरोपी को प्रभारी निरीक्षक ने हनुमान गढ़ी के पास पकड़ा तो कुछ लोगों ने उसे छुड़ा कर भीड़ में भेज दिया। हिंदुस्तान में रहना है तो.... की नारेबाजी का आलम यह था कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर अपर पुलिस अधीक्षक एसडीएम सीओ व प्रभारी निरीक्षक के सामने ही विवादित नारे लगे। हालांकि इस नारेबाजी के बाद पुलिस हरकत में आई और अराजक तत्वों को खदेड़ दिया। शांति समिति के समझौते का उल्लंघन और विवादित नारों से आक्रोशित स्थानीय हिंदू संगठनों व प्रतिमा पांडालों के आयोजकों ने प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन देकर अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग का प्रार्थना पत्र दिया है।

मामले को वायरल होता देख एसपी विकास कुमार ने जुलूस समाप्त होने का बाद कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## अकीदत के साथ मनाया गया बारह रबीउल अव्वल का पर्व

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

बारह रबीउल अव्वल का मुकद्दस पर्व शहर और ग्रामीण इलाकों में बड़े ही अकीदत और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न मदरसों और मोहल्लों से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जो अपने पुराने कदीमी रास्तों से होता हुआ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर पहुंचकर जामा मस्जिद के पेश इमाम अख्तर रजा खां की तकरीर और दुआओं के साथ संपन्न हुआ।



बरदही बाजार से निकले जुलूस ने मोटे शाह बाबा की दरगाह, गोंडा मोड़, जामा मस्जिद, हाटन रोड, चांद मस्जिद और गौशिया अरबी कॉलेज होते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर पड़ाव डाला। जुलूस में हजारों की तादाद में बच्चे, नौजवान, बुजुर्ग और महिलाएं शरीक हुए। अकीदतमंदों ने ÷हुजूर की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा के नारों से पूरे माहौल को रूहानी बना दिया। जुलूस के दौरान जगह-जगह पर समाजसेवियों की ओर से जल प्याऊ और तबर्रुक के स्टॉल लगाए गए। जामा मस्जिद के पास उतरौला विकास समिति के अध्यक्ष विनय कुमार द्वारा पानी की बोतलें, शरबत और खजूर की व्यवस्था की गई, वहीं गौशिया स्कूल के पास अखलाक अहमद ने फल वितरित किए। सुरक्षा के मद्देनजर जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात रहे। सीओ राघवेंद्र सिंह और प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे ने नगर का भ्रमण करते हुए पल-पल की स्थिति का जायजा लिया। इसी क्रम में बढ़या, मझौव्वा, कुरथुवा, बनकटवा, इमलिया बनघुसरा, फकिरापुर, जाफराबाद और पेहर बाजार सहित कई गांवों से भी जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जो बढ़या पकड़ी स्थित मदरसा फैजुन्नबी के परिसर में मौलाना मुलाजिम रजा के खिताब के साथ संपन्न हुआ।

## गणेश महोत्सव पर डांडिया नृत्य में जमकर थिरके बच्चे-महिलाएं

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

नव दिवसीय गणेश महोत्सव के अंतर्गत रविवार की रात नगर में डांडिया नृत्य का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाएं और बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हुई, जिन्होंने गणपति बप्पा का पूजन-अर्चन कर अपनी मन्नतें मांगीं।

गणेश पूजा सेवा समिति, हाटन रोड, उतरौला द्वारा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह से नृत्य किया। प्रतियोगिता के बाद राजन पंडित की अगुवाई में गणेश जी की भव्य आरती की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद डांडिया नृत्य का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने हाथों में डांडिया लेकर जमकर नृत्य किया और रातभर उत्सव का आनंद लिया।



डांडिया नृत्य के दौरान पूरे माहौल में उमंग और उल्लास की लहर दौड़ गई। महिलाओं और बच्चों की खास भागीदारी ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। गणपति पंडाल परिसर में गणपति बप्पा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार लगी रही, जो देर रात तक चलती रही।

इस मौके पर गणेश पूजा सेवा समिति, हाटन रोड उतरौला के प्रमुख सदस्य, जैसे आस्था, माही, सगुन, आयुषी, कोमल, ईशानी, बानी, लवी, शिवानी, पलक, आव्या, श्रीत्ति, ज्योति, अमर सोनी, कुंवर गुप्ता, शनि जयसवाल, हिमांशु गुप्ता, श्याम विश्वकर्मा, कुलवंत गोतम, दिलीप मोदनवाल, छोटू गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, संजय गुप्ता, सूरज मोदनवाल, मनोज कौशल और सागर गुप्ता सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन भक्ति और आस्था के वातावरण में हुआ, जिसमें गणपति बप्पा की जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने उत्सव का आनंद लिया।

## नरेन्द्र मोदी के रूप में विशाल भारत को मिला विश्वदृष्टि सम्पन्न नेतृत्व

**- डॉ. मोहन यादव**

भारत जैसे विशाल देश को विकास के वैश्विक दृष्टि सम्पन्न नेतृत्व की अपेक्षा थी वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में पूरी हो गई है। भारत के हर नागरिक की यही भावना है। इसलिए वे उन्हें मन से चाहते हैं। आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मध्यप्रदेश से मोदी का विशेष अनुराग है। उन्होंने अपने लोकप्रिय कार्यकम मन की बात में प्रदेश में हुए कई नवाचारों का उल्लेख कर मध्यप्रदेश का पूरे देश में सम्मान बढ़ाया है। यह हमारे समय का सत्य है कि हम भारत के नवनिर्माण को अपने सामने होता देख रहे हैं। भारत के नागरिक के रूप में हम नई वैश्विक पहचान के साथ दुनिया के सामने शान से खड़े हैं और गौरवशाली क्षणों को जी रहे हैं। इन मूल्यवान और ऐतिहासिक क्षणों का उपहार देने के लिए हम अपने राष्ट्र नायक नरेन्द्र मोदी को कोटिशः नमन करते हैं। वे ऐसे तपस्वी पथ प्रदर्शक हैं, जिनके नेतृत्व में भारत उजाले की ओर बढ़ रहा है। उदासी और अंधेरे को हम पीछे छोड़ आए हैं। भारत को अब ऐसे प्रतिबद्ध जन सेवक का साथ मिला है, जिसके लिए राष्ट्र सर्वोपरि और नागरिक अमूल्य पूंजी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दीक्षा और भारतीय जनता पार्टी के संस्कारों में रचे-बसे नरेन्द्र मोदी का व्यक्तित्व इतना विशाल है कि उसे शब्दों में बांधना चुनौतीपूर्ण काम है। उनके व्यक्तित्व की ऐसी कई विशेषताएं हैं जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक हैं, चाहे वे किसी भी क्षेत्र में काम करते हों। हम सब उनसे लगातार सीखते रहते हैं। भारत को नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व ऐसे समय मिला जब भारत अवसाद में डूबा हुआ अंधेरे की तरफ चल पड़ा था। वैश्विक परिदृश्य में एक कोने में खड़ा दिखाई देता था और इसे एक स्फूर्तिदायक, नई दृष्टि और नई ऊर्जा से भरे नेतृत्व की आवश्यकता थी।

राष्ट्रवादी प्रधान नायक राष्ट्रवादी प्रधान नायक के रूप में नरेन्द्र मोदी ने देश में जिस प्रकार राष्ट्रवादी मूल्यों का संचार किया है वह अद्भुत है। इसकी अनुभूति प्रत्येक नागरिक को हो रही है। वर्तमान और भविष्य की एक साथ चिंता उनकी दृष्टि में परिलक्षित होती है।

# महान वास्तुकार थे भगवान विश्वकर्मा

**रमेश सर्राफधमोरा**

हर वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। हर साल 17 सितंबर को यह पूजा की जाती है। लेकिन इस बार लोगों के मन में 16 सितंबर को लेकर संशय है। इस बार सूर्य 16 सितंबर की शाम को 7 बजकर 29 मिनट पर कन्या राशि में प्रवेश कर रहे हैं।

विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता। विश्वकर्मा पूजा ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योहार मनाते हैं। कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व ;संसार या ब्रह्मांड और कर्म ;निर्माता से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है. दुनिया का निर्माता यानी दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्यए सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने.अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पंतगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश प्रदान करती है।

यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं। विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होंने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होंने ही देवताओं



**धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है। पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं।**

के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड ;पृथ्वी और स्वर्ग के निर्माता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिवलिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाएं भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं। विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्माता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान.विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन.अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होने वाले औजारों कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है। धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है। पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हें शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था। महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक त्रेता युग की लंका द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र शस्त्रों का निर्माण किया था। विष्णु को चक्र शिव को त्रिशूल इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तो?ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। जिस रथ पर निर्भर रह कर श्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन संसार को भस्म करने की शक्ति रखते थे उसके निर्माता विश्वकर्मा ही थे। पार्वती के विवाह के लिए जो मण्डप और वेदी बनाई गई थी वह भी विश्वकर्मा ने ही तैयार की थी। माना जाता है कि विश्वकर्मा ने ही लंका का निर्माण किया था।

इसके पीछे कहानी है कि शिव ने माता पार्वती के लिए एक महल का निर्माण करने के लिए भगवान विश्वकर्मा को कहा तो विश्वकर्मा ने सोने का महल बना दिया।

**विचार**

# कौन करवाता है योजनाबद्ध धर्मांतरण

**आर.के. सिन्हा**

भारत के प्रत्येक नागरिक को किसी धर्म को मानने या ना मानने या फिर किसी भी धर्म से जुड़ने का अधिकार संविधान देता है, पर किसी प्रलोभन या गलतफहमी में योजनाबद्ध रूप से किसी तरह के धर्मांतरण को अपराध माना गया है। इस आलोक में उत्तर प्रदेश की एक विशेष अदालत का हाल ही में अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी करार दिये गये 12 लोगों को उम्रकैद और चार अन्य दोषियों को 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनाना महत्वपूर्ण है। अदालत ने सभी आरोपितों को दोषी करार दिया। अदालत की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, धर्मांतरण करवाने के धंधे से जुड़े शातिर लोगों को भारतीय दंड संहिता की धारा 121 ए (राष्ट्रद्रोह) के तहत सजा सुनायी गई। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक, उमर गौतम और मामले के अन्य अभियुक्त एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, वैमनस्य और नफरत फैलाकर देशभर में अवैध धर्मांतरण का गिरोह चला रहे थे। उनके तार कई दूसरे देशों से भी जुड़े थे। इसके लिए आरोपित हवाला के जरिए विदेशों से धन भेजे जाने के मामले में भी लिप्त थे। वे आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं



और दिव्यांगों को लालच देकर और उन पर अनुचित दबाव बना कर बड़े पैमाने पर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे थे। उमर गौतम को मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी के साथ 20 जून 2021 को दिल्ली के जामिया नगर से गिरफ्तार किया गया था।

वह ऐसे अवैध संगठन का संचालन कर रहा था जो उत्तर प्रदेश में मूक-बधिर छात्रों और गरीब लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराने में शामिल था। इस बात की पुरजोर आशंका है कि इसके लिए उसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से धन मिलता था। उमर गौतम पहले हिंदू था लेकिन उसने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया और धर्मांतरण कराने के अवैध धंधे में सक्रिय हो गया। उसने करीब एक हजार गैर मुस्लिम लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराया और उनकी मुस्लिमों से दूसरी या तीसरी शादी कराई है। देखिए, भारत में धर्म परिवर्तन को लेकर बहस तो होती रही

**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में धार्मिक स्वतंत्रता और धर्म बदलने के अधिकार की बात तो कही गई है। पर उमर गौतम और उनके साथी तो गरीब-गुरुबा लोगों को लालच और जोर-जबरदस्ती से धर्मांतरण करवा रहे थे। गौतम और उनका गिरोह भूल गया था कि धर्म परिवर्तन सामाजिक एकता को कमजोर कर सकता है और समाज में भयंकर नफरत पैदा कर सकता है। भारत में धर्म परिवर्तन एक संवेदनशील मुद्दा है, जिसमें कानूनी, धार्मिक और सामाजिक सभी पहलू शामिल हैं।**

है, होनी भी चाहिये। भारतीय संविधान धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसमें स्वेक्षा या स्वविवेक से धर्म बदलने का अधिकार भी शामिल है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में धार्मिक स्वतंत्रता और धर्म बदलने के अधिकार की बात तो कही गई है। पर उमर गौतम और उनके साथी तो गरीब-गुरुबा लोगों को लालच और जोर-जबरदस्ती से धर्मांतरण करवा रहे थे। गौतम और उनका गिरोह भूल गया था कि धर्म परिवर्तन सामाजिक एकता को कमजोर कर सकता है और समाज में भयंकर नफरत पैदा कर सकता है। भारत में धर्म परिवर्तन एक संवेदनशील मुद्दा है, जिसमें कानूनी, धार्मिक और सामाजिक सभी पहलू शामिल हैं। कुछ साल पहले केरल के प्रतिष्ठित फ़िल्म निर्माता निर्देशक अली अकबर और उनकी ईसाई पत्नी लूसीअम्मा ने आर्य समाज में हवन के ज़रिए हिन्दू धर्म अंगीकार कर लिया था। आर्य समाज के स्वामीजी द्वारा उनका नया नामकरण भी कर दिया गया है। अली अकबर को नया नाम मिला था राम सिम्हन। हिन्दू धर्म ही क्यों? यह प्रश्न पूछे जाने पर अली अकबर ने कहा था, %क्योंकि हिंदू धर्म कोई धर्म नहीं बल्कि संस्कृति है। यहां नर्क में जाने का डर नहीं है। आप एक इंसान की तरह जी सकते हैं क्योंकि भगवान आपके अंदर हैं। अपने भीतर ईश्वर को देखना एक महान विचार है। कहते हैं कि राम सिम्हन केरल में हिंदू धर्म अपनाने वाले पहले मुसलमान थे।लेकिन, यह राम सिम्हन के स्वविवेकपूर्ण निर्णय को दर्शाता है। इसपर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये। एक बात बहुत साफ है कि किसी को लालच देकर या जोर जबरदस्ती धर्मांतरण करवाना कतई सही नहीं माना जा सकता है। समझ नहीं आता कि कुछ धर्मों से जुड़े लोग क्यों इसी फिराक में रहते हैं कि उनके धर्म से अन्य धर्मों को मानने वाले जुड़े जाएं। गुस्ताखी माफ, कई इस्लामिक और ईसाई संगठन इसी कोशिश में रहते हैं कि दूसरे धर्म को मानने वाले उनके मजहब का हिस्सा बन जाएं। यह कोई बात हुई क्या ? फिर यदि बाकी धर्मों को मानने वाले लोग भी यही करने लगें, तो समाज में भाईचारा कहाँ और कैसे बचा रहेगा। अगर कोई अपने मन से उस धर्म को त्याग देता है, जिसमें उसका जन्म हुआ है तब तो कोई बात नहीं है। उदाहरण के रूप में म्युजिक डायरेक्टर रहमान को ही लेते हैं। उन्होंने खुद ही हिन्दू धर्म को छोड़ कर इस्लाम को स्वीकार कर लिया। उनके परिवार के बाकी सदस्यों ने भी इस्लाम अपना लिया। यहां तक तो सब ठीक है। पर कुछ तत्व सुदूर इलाकों में रहने वालों को अपने पाले में लाने की जुगाड़ में रहते हैं।

हमारा संविधान इसकी अनुमति नहीं देता। जब गौतम जैसों पर एक्शन होता है तो कुछ कथित बुद्धजीवी अलाप करने लगते हैं। पिछले कई सालों से पंजाब से खबरें आ रही हैं कि राज्य में दलित सिखों को लालच देकर ईसाई धर्म से जोड़ा जा रहा है। मेरे संज्ञान में एक सच्ची घटना है जो मैं शेयर कर रहा हूँ। लगभग दस वर्ष पहले मुझे अपने स्कूल के खेल शिक्षक के बारे में पता चला कि उसने त्यागपत्र दे दिया है।

# भारत के आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है नवीकरणीय ऊर्जा

**प्रह्लाद जोशी**

भारत का 2070 तक नेट -जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विस्तार और एकीकरण पर केंद्रित है जो सतत विकास पथ के प्रति देश की प्रतिबद्धता का प्रमुख घटक है। तेजी से बढ़ती आबादी के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में भारत कार्बन उत्सर्जन कम करते हुए बढ़ती ऊर्जा खपत की मांग पूरा करने की संयुक्त चुनौती का सामना कर रहा है। इन कारकों को संतुलित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा सबसे व्यवहार्य समाधान को दर्शाती है। विश्व में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वाले देशों में से एक होने के बावजूद भारत न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ ऊर्जा के मुद्दे की वकालत कर रहा है बल्कि अन्य देशों को भी इस मुहिम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है।

ग्लासगो में कॉप26 में अपनी घोषणा में जलवायु परिवर्तन से निपटने के भारत के संकल्प पर जोर दिया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचामृत पहल के तहत पांच प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए। उनमें नवीकरणीय ऊर्जा महत्वपूर्ण घटक है। देश ने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता हासिल करने और उसी वर्ष तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने का संकल्प लिया है जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 58 प्रतिशत और पवन ऊर्जा का योगदान लगभग 20 प्रतिशत है। ये लक्ष्य 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को अनुमानित एक अरब टन तक कम करने और अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता में 45 प्रतिशत की कमी करने के भारत के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप हैं।

नवीकरणीय ऊर्जा ऐसा क्षेत्र है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 10 वर्षों में परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर प्रधानमंत्री के विशेष ध्यान ने भारत को वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में चौथे, पवन स्थापित क्षमता में चौथे और सौर क्षमता में पांचवें स्थान पर लाने में मदद की है। सौर ऊर्जा क्षमता में भारत 2014 तक केवल 12.5 गीगावॉट तक पहुंच पाया था लेकिन अब लगभग 89 गीगावॉट हासिल रहा है, जो केवल 10 वर्षों में 30 गुना से अधिक हो गई है। यहां तक कि पवन स्थापित क्षमता में भी 10 वर्षों में 2.2 गुना वृद्धि हुई है जो 21 गीगावॉट से बढ़कर 47 गीगावॉट हो गई है।

वहनीयता के मामले में ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्रों के टैरिफ में 76 प्रतिशत की कमी आई है जो 2010.11 के टैरिफ 10.95 रुपये की तुलना में घटकर 2023.24 के दौरान 2.60 रुपये हो गया। प्रधानमंत्री ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और हमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में दिशा दिखाई है, जिससे अब देश को काफी लाभ मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का विकास एवं क्रियान्वयन मिशन मोड में किया गया है। देश में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 200 गीगावॉट का लगभग 55 प्रतिशत सौर ऊर्जा से आता है। लगभग 30 प्रतिशत का एक और बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा से आता है।

भारत ने सौर मॉड्यूल के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन; पीएलआईद्ध योजना जैसे कार्यक्रम भी लागू किए हैं। घरेलू सेल उत्पादन के लिए प्रोत्साहन भारत में हरित विकास के लिए वरदान साबित हुआ है, जिससे इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। इसके साथ हीए ग्रीन हाइड्रोजन में ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (साइट) कार्यक्रम के लिए रणनीतिक उपाय इलेक्ट्रोलाइज़र के विनिर्माण और हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। भारत की हरित हाइड्रोजन की विकास गाथा प्रेरणादायक है। भारत ने कोविड से निपटने हेतु अपनी स्वयं की वैक्सीन का उत्पादन करके जो हासिल किया।



# राशिफल

**मेषः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंहः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**कन्याः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृश्चिकः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**धनुः-**महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

# नव्य-भव्य भारत के शिल्पकार नरेन्द्र मोदी

**बृजनन्दन राजू**

दुनिया भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। वह ऋद्धि-सिद्धि के जनक हैं। विश्वकर्मा के गुणों को अपने जीवन में धारण करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नव्य, भव्य व दिव्य भारत का शिल्पकार कहा जाय तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। इस बार नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर के दिन ही शिल्प कलाधिपति विश्वकर्मा की जयंती है। विश्वकर्मा जयंती को उत्पादन-वृद्धि और समृद्धि के लिए एक संकल्प दिवस के रूप में समाज मनाता है। मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। राजनीति में मोदी जैसे व्यक्तित्व बिरले होते हैं क्योंकि उनके व्यवहार और कृतित्व में अंतर नहीं है। यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता भारत ही नहीं विश्व में दिनोंदिन बढ़ रही है। मोदी युग में ही भाजपा विश्व की सबसे पार्टी बनी। लगातार तीसरी बार उनके नेतृत्व में केन्द्र में सरकार बनना उनकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा प्रमाण है। यही कारण है कि इस दौर में उनके समकक्ष भारत क्या दुनिया में कोई राजनेता खड़ा दिखाई नहीं देता है। मोदी ने देश से मुस्लिम तुष्टीकरण और वंशवादी राजनीति को खत्म करने का कार्य किया है। वे स्वच्छता, सेवा व सामाजिक समरसता के



अग्रदूत हैं। उन्होंने स्वच्छता को जन आन्दोलन बनाने का काम किया। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से घर-घर शौचालय का निर्माण व गरीबों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं शुरू की हैं। आजादी के बाद किसी सरकार ने कारीगरों की सुध नहीं ली थी। कारीगरों की कला को सम्मान दिलाने और उनके उत्थान के लिए मोदी ने विश्वकर्मा योजना प्रारम्भ की।

**राजनीति में प्रायः फिसलन का खतरा अधिक रहता है। इसलिए नेताओं में प्रायः संस्कारों में गिरावट एवं व्यक्तिगत दुर्बलताओं को प्रोत्साहन अधिक मिलता है किन्तु मोदी के जीवन में देखेंगे तो हिन्दू आदर्शों और संस्कृति के प्रति वह अटूट श्रद्धा व सम्मान का भाव रखते हैं। हिन्दू समाज को जिस भव्य दिव्य राममंदिर की शताब्दियों से प्रतीक्षा थी उस स्थल पर आज भव्य मंदिर का निर्माण पूर्णता की ओर है। अबूधाबी में नरेन्द्र मोदी के हाथों हिन्दू मंदिर का उद्घाटन भारत के सामर्थ्य का परिचायक है। नरेन्द्र मोदी विश्व में हिन्दुत्व की विजय पताका को फहराने का काम कर रहे हैं। भारतीय इतिहास, दर्शन, समाजनीति, अर्थनीति, राजनीति व संगठन शास्त्र पर उनकी अच्छी पकड़ है। संघ का स्वयंसेवक और प्रचारक कैसा होता है, लोग नरेन्द्र मोदी का आचरण देखकर सहज अनुमान लगा सकते हैं। राजनीति में कद व पद के साथ-साथ प्रचार का भी बड़ा महत्व होता है किन्तु यदि प्रचार नेताओं के जीवन व आचरण से मेल नहीं खाता तो इससे लाभ के बजाय हानि होने की संभावना अधिक रहती है।**

राजनीति में प्रायः फिसलन का खतरा अधिक रहता है। इसलिए नेताओं में प्रायः संस्कारों में गिरावट एवं व्यक्तिगत दुर्बलताओं को प्रोत्साहन अधिक मिलता है किन्तु मोदी के जीवन में देखेंगे तो हिन्दू आदर्शों और संस्कृति के प्रति वह अटूट श्रद्धा व सम्मान का भाव रखते हैं। हिन्दू समाज को जिस भव्य दिव्य राममंदिर की शताब्दियों से प्रतीक्षा थी उस स्थल पर आज भव्य मंदिर का निर्माण पूर्णता की ओर है। अबूधाबी में नरेन्द्र मोदी के हाथों हिन्दू मंदिर का उद्घाटन भारत के सामर्थ्य का परिचायक है। नरेन्द्र मोदी विश्व में हिन्दुत्व की विजय पताका को फहराने का काम कर रहे हैं। भारतीय इतिहास, दर्शन, समाजनीति, अर्थनीति, राजनीति व संगठन शास्त्र पर उनकी अच्छी पकड़ है। संघ का स्वयंसेवक और प्रचारक कैसा होता है, लोग नरेन्द्र मोदी का आचरण देखकर सहज अनुमान लगा सकते हैं। राजनीति में कद व पद के साथ-साथ प्रचार का भी बड़ा महत्व होता है किन्तु यदि प्रचार नेताओं के जीवन व आचरण से मेल नहीं खाता तो इससे लाभ के बजाय हानि होने की संभावना अधिक रहती है। नरेन्द्र मोदी अपनी राजनैतिक प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। उनकी कथनी व करनी में कोई भेद नहीं है। कार्य के प्रति निष्ठा और परिश्रम की पराकाष्ठा के साथ-साथ चुनौतियों को अवसर के रूप में लेना उनकी फितरत है। यही कारण रहा कि विपक्ष ने जब भी उनके ऊपर कोई आरोप लगाया उन्होंने उसे हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। मोदी ने विश्व में भारत की साख बढ़ायी है। बहुत से ऐसे देशों में भी वह गये जहां अभी तक भारत का कोई प्रधानमंत्री गया ही नहीं था। उन देशों में जाकर मोदी भारत के संबंधों को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इस समय पूरी दुनिया की निगाहें भारत की ओर हैं। रूस-यूक्रन युद्ध पर अमेरिका ने कहा कि भारत चाहे तो युद्ध रुक सकता है। अमेरिका ने ऐसे ही नहीं कहा है। भारत शांति वार्ता की मध्यस्थता करे, यह रूस व यूक्रेन दोनों देश चाहते हैं। भारत की यह साख व विश्व के अन्य देशों का विश्ववास जीतने का काम मोदी ने किया है। पहले कश्मीर में सरेआम तिरंगा जलाया जाता था और सैनिकों पर पत्थरबाजी होती थी। आज कश्मीर में तिरंगा लहराया जा रहा है। तीन तलाक, एनआरसी और जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म कर केन्द्र शासित प्रदेश बनाना आसान काम नहीं था। आज पूरा देश जब पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी समारोह के माध्यम से उनके किये गये कार्यों का पुण्यस्मरण कर रहा है तो नरेन्द्र मोदी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, विन्ध्याचल कारिडोर, चारधाम परियोजना के साथ-साथ देश के अनेक तीर्थस्थलों का जीर्णोमंदिर कर सांस्कृतिक उत्थान कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जिस एकात्ममानववाद की बात की थी उस परिकल्पना को साकार करने का काम मोदी कर रहे हैं। उज्जवला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, अन्त्योदय अन्न योजना और किसान सम्मान निधि जैसे तमाम सरकारी योजनाओं के माध्यम से नरेन्द्र मोदी ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर को उठाने का काम किया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# साल बीतने को,नहीं चालू हो सका कूड़ा संग्रहण केंद्र

- आरआरसी सेंटर चालू करने में रुचि नहीं ले रहे अफसर

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**घरों से** निकलने वाले कूड़ा का स्थायी समाधान हो सके। इसके लिए रिसोर्स रिकवरी सेंटर ( आर आर सी ) बनाए गए है। इसके पूरे होने के बाद में लोगों में आशा जगी कि उन्हें जगह-जगह पड़े कूड़े से निजात मिल सकेगी। क्योंकि इसके शुरू होने के बाद में कूड़ा कर्मचारियों द्वारा रोजाना घरों से एकत्र किया जाएगा। और आरआरसी पर उनका निस्तारण होगा। गांव की सुंदरता उसकी स्वच्छता पर निर्भर करती है। इसको ध्यान में रखते हुए शासन ने कूड़ा निस्तारण के लिए योजना बनाई। जिसके तहत ग्राम पंचायत पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए रिसोर्स रिकवरी सेंटर यानी आरआरसी का निर्माण किया। ताकि गांव के कूड़ा को एक जगह पर एकत्र किया जाए और उसका निस्तारण किया जा सके। कस्वा के पास ही आरआरसी सेंटर पूरी तरह से बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन आलाधिकारी उसे चालू करने में रुचि नही ले रहे है। लगभग एक बर्ष पूर्ण होने को है। उसके संचालन का अभी कोई पता नही है। जिससे कूड़े से निजात मिल सके। कस्वा में कई जगह कूड़े के गड्ढे बनाये गए है। जिनमें कचरा एकत्रित किया जाए लेकिन कचरा पात्र बनाकर सिर्फ सरकारी धन को निकाल लिया गया। उसके बाद उस पर कोई कार्यवाही नही की गई। ग्रामीणों ने बताया कि वह कचरे की समस्या को लेकर काफी परेशान है। यदि कचरा पात्र ही साफ होते रहे तो गंदगी का सामना नही करना पड़े। एडीओ पंचायत लक्ष्मीराज यादव ने बताया कि जल्द ही सेंटर को चालू कराने के हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जब तक इस मुहिम में ग्रामीण नही जुड़ेंगे तब तक इसे सफल नही बनाया जा सकता है ।ग्रामीणों से लगातार घर- घर जाकर संपर्क किया जा रहा है।



कस्बा में तैयार आरआरसी सेंटर — समृद्धि न्यूज

### इस प्रकार होगा आरआरसी का संचालन

आरआरसी केंद्रों के संचालन के लिए घर-घर से कूड़ा एकत्र किया जाएगा। उसके बाद में केंद्र पर कूड़ा अलग-अलग किया जाता है। जिससे लोहा, प्लास्टिक समेत अन्य कूड़ा अलग कर दिया जाता है। लोहा, प्लास्टिक को रिसाइकिल किया जाता है। जिस कूड़े से वर्मी कंपोस्ट के लिए भेज दिया जाता है।

# मेरे सरकार की आमद मरहबा...

- इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर धूमधाम से निकला जूलूस
- हिंदू समाज के लोगों ने भी जूलूस का जगह-जगह किया स्वागत

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर धूमधाम के साथ मुस्लिम समाज के लोगों ने जूलुस निकाला। यह जुलूस अन्नपूर्णा नगर में स्थित मस्जिद से शुरू होकर सभी प्रमुख मार्गो से होते हुए मण्डी बाजार में स्थित जामा मस्जिद पर समापन हुआ। जूलूस में शामिल ऊंट व घोडे विशेष आकर्षण का केन्द्र बने रहे। जूलूस का जगह-जगह पर हिंदू समाज के लोगों ने भी स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसडीएम, सीओ व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश को लेकर रविवार की रात में सभी मस्जिदों को बिजली की से सजाया गया। इसके अलावा कस्बे के गांधी चैराहे पर भव्य गेट बना गया था। सजावट को देखने के लिए देर रात तक मुस्लिम समाज के लोगों की जगह-जगह पर भारी भीड़ लगी रही। कस्बे के आजाद नगर मोहल्ला स्थित सद्दाम के प्रतिष्ठान के सामने काबा मस्जिद का प्रतिरूप आकर्षक ढंग से सजाया गया। सोमवार की दोपहर 11 बजे से जूलूस की शुरूआत हुई। जूलूस में शामिल मुस्लिम समाज के लोग अपने हाथों में झंडे लेकर चल रहे है। डीजे की धुनो पर युवा थिकर रहे थे। जुलूस का पुराने डाकघर के निकट नवदुर्गा सेवा समिति के अध्यक्ष विमलेन्द्र सिंह बघेल, महासचिव प्रभात वर्मा लालू, संरक्षक दिलीप अवस्थी, मुनेश राठौर, अनूप विश्नोई, शिवकुमार सहित तमाम पदाधिकारियों ने जूलूस में शामिल हाजी खलील वारसी, राहत हुसैन, जहिर, अकबर खान, उमर, अमानउल्ला, शानू वारसी, बिट्टू, खलीरकुल, इकबाल सहित कई लोगों को साल उठाकर सम्मानित किया। इसके अलावा शास्त्री नगर वार्ड के सभासद अंशू गुप्ता ने जूलूस में शामिल लोगों को जलपान कराया। इसके अलावा कस्बे के क्रांति चैराहे पर व गांधी चैराहे पर भी जूलूस का स्वागत किया गया।





## खबरें चलते-चलते

### सपा पूर्व विधायक में जुलूस में शामिल होकर जश्ने ईद मिलादुन्नबी की शुभकामनाएं दी

**छिबरामऊ कन्नौज।** नगर छिबरामऊ में निकाले गए जुलूस में शामिल हुए सभी मोमीन भाईयो को जश्ने ईद मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद। पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने सभी को बधाई दी और कहा ये पर्व एकता से मानने का है हमारे देश में ये ही तो हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल है इस मौके पर राशिद फारुकी आरिफ हाफिज जी हंसीव मंसूरीमौलाना मुस्तकीम, राशिद फारूकी,अंकुर यादव अहसन हाफिज, हाफिज आरिफ, मौलाना अजमल, कारी साहब, मुख्तियार,शहवाज मंसूरी, विवेक यादव डॉ सुमित यादव मैजूद रहे। पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने सभी को बधाई दी और कहा ये पर्व एकता से मानने का है हमारे देश में ये ही तो हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल है इस मौके पर राशिद फारुकी आरिफ हाफिज हंसीव मंसूरीमौलाना मुस्तकीम, राशिद फारूकी,अंकुर यादव अहसन हाफिज, हाफिज आरिफ, मौलाना अजमल, कारी साहब, मुख्तियार,शहवाज मंसूरी, विवेक यादव डॉ सुमित यादव मैजूद रहे।

### ईद मिलाद-उन-नबी पर निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** ईद मिलाद-उन-नबी पर्व पर नगर व गांवों से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया कई दिन पहले से त्योहार मनाने के लिए लोग जुटे रहे। सोमवार को ईद मिलाद-उन-नबी पर्व मनाने को लेकर मुस्लिम बच्चे व बड़े सभी लोग सुबह से तैयार हों गय थे दोपहर में क्षेत्र के गांव भुडहा से मुस्लिम लोग डीजे की धुन में जुलूस को लेकर समधन होते हुए गुरसहायगंज के लिए रवाना हो गए इसी तरह ग्राम मलिकपुर, समधन के कादर खान नगर व दारासराय में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने जुलूस में शामिल होकर गुरसहायगंज रवाना हो गए इसी दौरान जुलूस में जा रहे लोगों को राहत पहुंचाने के लिए दारासराय में लंगर का वितरण कार्यक्रम किया इस अवसर पर हाफिज मुजफ्फर रज़ा, मुनव्वर खां,हाजी उमर खां, हाफिज अरफात, मोहम्मद रज़ा हाजी उमर खां, आसिफ हैदरी,आमिर हैदर,उमर हैदरी आदि मौजूद रहे।

### मृतक किसान के परिजनों को जल्द मिलेगा मुआवजा

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** मकान का अचानक छज्जा टूटकर गिरने से किसान की दर्दनाक मौत पर छिबरामऊ नायाब तहसीलदार भरत सिंह मौर्या ने कहा कि राजस्व टीम के द्वारा जांच रिपोर्ट सौंपने के वाद शासन को भेजी जायेगी और मृतक किसान बृजेन्द्र सिंह पाल के परिजनों को किसान बीमा के तहत मुआवजा दिलाया जायेगा।

### अज्ञात वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**तिर्वा।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती अज्ञात वृद्ध की सोमवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर तिर्वा कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी है। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने में जुटी हुई है। रविवार की दोपहर मेडिकल कॉलेज परिसर में एक वृद्ध बेहोशी हालत में पड़ा था। जिसको राहगीरों ने मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करा दिया था। यहां उसका उपचार चल रहा था। सोमवार की दोपहर अज्ञात वृद्ध ने दम तोड़ दिया। इसपर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने उसके शव को मोर्चरी में रखवा दिया। मामले में तिर्वा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराई जा रही है।

### युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम मौरा निवासी दिनेश कुमार पुत्र बड़े लाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 04 सितंबर को वह अपने घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के ही सुनील, सीम, कन्हैया, सोनू, आगऊ आए और रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# मकान की दीवार का अचानक छज्जा गिरने से किसान की मौत, एक घायल

- तमियामऊ गांव से कस्बा समधन में भैंस खरीदनें के लिए देखने आए थे किसान
- मृतक किसान के भाई ने घटना के संबन्ध में समधन पुलिस चौकी पर दिया शिकायती पत्र

समधन, समृद्धि न्यूज़

**मकान की** दीवार के ऊपर जर्जर छज्जा अचानक टूटकर किसान के ऊपर गिरने से वह बुरी तरह घायल हो गया जबकि साथ में दूसरा युवक मामूली रुप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में दोनों को गुरसहायगंज एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां किसान ने दम तोड दिया। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव तमियामऊ निवासी बृजेन्द्र सिंह पाल 50 वर्ष पुत्र प्यारेलाल पाल अपने चचेरे भाई प्रवीन कुमार पाल उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र घनश्याम पाल के साथ सोमवार दोपहर करीब दो बजे समधन के मोहल्ला आजाद नगर निवासी शराफत ऊर्फ राजू के घर पर भैंस खरीदने के लिये देखने आये थे तभी घर से बाहर दरवाजे से निकल रहे थे अचानक मकान की दीवार पर जर्जर छज्जा टूटकर किसान बृजेन्द्र सिंह पाल व चचेरे भाई प्रवीन कुमार के ऊपर गिर गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गये आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने गुरसहायगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान किसान बृजेन्द्र सिंह पाल ने दम तोड दिया जबकि मृतक के चचेरे भाई प्रवीन कुमार का उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी पाकर समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह मौके पर पहुंचकर जिले के आला अफसरों को जानकारी दी जिस पर छिबरामऊ नायाब तहसीलदार भरत सिंह मौर्या राजस्व निरीक्षक प्रेमकृष्ण मिश्रा लेखपाल अतुल कुमार लेखपाल कुलदीप कुमार ने घटना की पूरी जानकारी की। वाद मे गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे ने परिजनों के शिकायतीपत्र पर शव का पंचनामा भरने के निर्देश चौकी प्रभारी को दिये गये इसके बाद चौकी प्रभारी ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये कन्नौज भेज दिया।




# जलालाबाद में निकला जुलूस-ए- मोहम्मदी, उमड़ी भीड़



जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

कस्बा जलालाबाद में भी रजा-ए मुस्तफा कमेटी के द्वारा जुलूस- ए- मोहम्मदी इमाम चौक से निकाला गया। जुलुस जीटी रोड होते हुए सराय मोहल्ला, सदर बाजार, टिकुरियन मोहल्ला से जीटी रोड होते हुए गुरसहायगंज के लिए जुलूस निकाला। जुलूस में नबी की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा की सदायें गूंजी। इस मौके पर मो. तालिब, नियाज़ अहमद, शाकिब, तुफैल, उवैश, कमरे आलम, आरिफ, आदिल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जलालाबाद हनुमान मंदिर में भव्य श्रृंगार एवं जवाबी कीर्तन आज



- भव्य आरती के बाद होगा विशाल जवावी कीर्तन

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**कस्बा में** जीटी रोड़ पर स्थित प्रसिद्ध श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल के पावन पर्व पर भव्य श्रंगार एवं भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर श्री बजरंग सेवा समिति की ओर से कई दिनों से भव्य तैयारियां की जा रही है। भव्य आरती के बाद मंदिर के प्रांगण में विशाल जवावी कीतर्न का मुकाबला होगा। मुकाबले में कीतर्नकार मुकेश मृदुल ( जालौन) इनके जबाब में दुर्गेश नंदनी ( हमीरपुर ) के बीच जवरदस्त मुकावला होगा। यह जानकारी श्री बजरंग सेवा समिति के सदस्यों ने दी। बाबा के दरबार में श्री बजरंग सेवा समिति के द्वारा हर वर्ष बुढ़वा मंगल पर भव्य आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे राम आएंगे

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

## गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ

जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए भारतीय किसान यूनियन अवधेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक तथा भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य नेहा त्रिपाठी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार द्विवेदी पंकज मिश्रा अशोक कुमार तिवारी ने भगवान श्री गणेश जी की आरती उतारी उसके बाद अतिथि के रूप में पधारे सभी महानुभावों को प्रतीक चिन्ह के रूप में श्री गणेश भगवान की प्रतिमा वह अंग वस्त्र जय बालाजी सेवा समिति के सभी पदाधिकारी व अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने भेंट किये तथा सभी अतिथियों ने कार्यक्रम को अगली बार और भव्यता के साथ संचालित करने के लिए सहयोग देने की बात कही

कहा हम लोगों की जहां भी जरूरत पड़ेगी हर तरह से सहयोग करने के लिए तैयार हैं उसके बाद छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा को बिखरते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मचा दी शंकर जी के रूप में सजी यशिका रानी तिवारी ने भोले तेरी भांग की घुटाई मार गई नामक भक्ति गीत पर अपना नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को भाव विभोर कर दिया तथा मानवी मिश्रा ने अपना एक भक्ति गीत अयोध्या आए मेरे प्यारे राम बोलो जय जय श्री राम नामक भजन पर अपना नृत्य प्रस्तुत करते हुए छोटी सी बच्ची ने सभी दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया तथा तली की गदगदड़ से सारा पंडाल गूंज उठा उसके बाद राधा रानी गोरी गोरी चेहरा फुल सौ खिलो नामक भजन पर अपनी प्रस्तुति देती माही वह यशिका रानी तिवारी ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरी उसके बाद काली का अखाड़ा नौ देवियों के साथ राक्षसों का संगार करती हुई मां काली का अखाड़ा प्रस्तुत किया गया जिसमें काली के रूप में सजे यश कुमार तिवारी ने काली का रूप धारण किया तथा नौ देवियों के रूप में सजी बेबो परी तनु अननया आदि ने सारा वातावरण भक्ति में कर दिया तथा दर्शकों ने मां काली का खप्पर भारा कार्यक्रम की शोभा देखते बन रही थी सारा पंडाल दशकों से भरा हुआ था भीड़ उठने का नाम नहीं ले रही थी सभी दर्शक गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ नामक नारों के साथ कार्यक्रम की सुंदरता देखते बन रही थी जय बालाजी सेवा समिति के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को भी प्रतीक चिन्ह वह अंग वस्त्र भेंट किए गए तथा कल होने वाले विशाल भंडारे के लिए सभी को तन मन धन से लगकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कहां गया प्रसाद का वितरण समिति के सदस्य राजू गुप्ता द्वारा कराया गया कार्यक्रम का संचालन दशरथ श्रीवास्तव द्वारा किया गया बाहर से आए हुए सभी दर्शकों वह अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने कल विशाल भंडारे में सम्मिलित होने के लिए आग्रह किया इस अवसर पर पंकज मिश्रा मनु गुप्ता हरिओम मिश्रा राजू गुप्ता मीना मिश्रा गीता कश्यप प्रीति सक्सेना अनामिका अग्रवाल हिरदेश अग्रवाल पवन गुप्ता अशोक कुमार तिवारी शिवानी अरोरा शीला गुप्ता प्रवेश दीक्षित यश तिवारी इस स्पर्श तिवारी बंटू श्रीवास्तव अनामिका तिवारी यशिका रानी तिवारी मानवी मिश्रा रति मिश्रा रजनी सक्सेना पप्पू शर्मा अतुल कश्यप गंगाराम गुप्ता जीतू शर्मा जितेंद्र कुमार पांडे पवन लाला गुप्ता आशु ऋषि आशीष अवनीश शिवम शर्मा प्रतीक सक्सेना प्रवेश सक्सेना प्रत्येक सक्सेना ऋषभ का विशेष सहयोग रहा।

# पैगंबर हजरत मोहम्मद की यौमे विलादत पर परंपरागत रूप से निकला जुलूसे मोहम्मदी

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

- मोहम्मद की खुशबू ऐ फैली
- नारा ए तकबीर अल्लाह हो अकबर के गगन भेदी नारे गंजे
- सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए

**शहर के** मदरसा दारुल उलूम गौसिया से मोहल्ला सैयद बाडा होते हुए मोहल्ला ऊंचा मरहूम हांजी अमाउल्लाह खान उर्फ़ चउआ के मकान से प्रारंभ हुआ जुलु से मोहम्मदी का जुलूसे बड़ी धूमधाम से होते हुए मोहल्ला जेर किला से होते हुए लाहौरी टोला अस्पताल रोड से मुख बाजार के लिए रवाना हुआ शहर की सभी मस्जिदों के पेश इमाम उलेमा इकराम हाफिज जुलूस कमेटियों के साथ जुलूसे मोहम्मदी निकल गया जुलूसे मोहम्मदी में उलमा इकराम सहित सभी हफीज मौलाना जुलूस के साथ आगे आगे अपनी लाइन बनाकर चल रहे थे उसी के पीछे जनता चल रही थी जुलूस के आगे कस्बा इंचार्ज राम मनोज दुबे भारी पुलिस बल के साथ चल रहे थे फोर्स के काफी इंतजाम किया गया आने जाने वालों वाहनों को इधर-उधर गलियों में से निकल गया जिससे जुलूसे मोहम्मदी को किसी तरह से कोई दिक्कत परेशानी ना हो कस्बा इंचार्ज राम मनोज द्विवेदी भारी पुलिस बल के साथ आगे आगे लोगों से अपील करते हुए वाहनों को इधर-उधर गलियों से निकल रहे थे जुलूस मोहम्मदी की सदारत काजी ए शहर हजरत मौलाना मुस्तकीम अहमद कादरी ने की जुलूसे मोहम्मदी के मुख बाजार में जगह-जगह पंडाल लगाकर लोगों ने मिठाई की बोतले फूल मालाओं से स्वागत किया समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद उमर फारूक बंटी की तरफ से पंडाल लगाकर लोगों को जुलूसे ए मोहम्मदी में फूलों से स्वागत किया और मिठाई ब पानी की बोतल वितरित कराई गई जुलूसे मोहम्मदी में नारे तकबीर अल्लाह हो अकबर या रसूल अल्लाह के नारे गुज रहे जुलूसे मोहम्मदी में काफिले के पीछे डीजे झांकियां के रूप में जुलूसे ए मोहम्मदी के नारे और डीजे बजाते रहे जैसे ही शहर की जामा मस्जिद के पास जुलूस पहुंचा फिर वहां पर पंडाल में सलामी दरूद पढ़ी गई और हाफिज अएसन ने तकरीर की और बाद में सलाम पेश कर मूल्क के लिए सलामती की दुआ की उसके बाद मोहम्मदी जुलूसे आगे बढ़कर कोतवाली होते हुए पश्चिमी बाईपास पर समापन किया गया पश्चिमी बाईपास पर पंडाल में अलग-अलग उलेमाओं ने तकरीर ब आम जनता को हुजूर के जीवन पर प्रकाश डाला और जनता को बताया की उनकी नेकियां और अच्छाइयों के बारे में जानकारी दी गई मोहम्मदी में शहर में मोहब्बत की खुशबू फैली नारा तकबीर अल्लाह हो अकबर के जैसे नारे गूंजते रहे हजारों लोगों ने ईद मिलादुन्नबी का जश्न जोश खरोश से मनाया जुलूस में विश्व शांति की सामूहिक दुआ की गई परमागत रूप निकलने वाला जुलूस ए मोहम्मदी आज पैगंबर यह इस्लाम हज़रत मोहम्मद स, अ,व, की पवित्र में यौमे पैदाइश साला गिराह परमागत अनुसार ईद ए मिलाद दुनबी का मनाया गया जामा मस्जिद के सामने अंजुमन मुस्लिम कमेटी के द्वारा स्वागत किया गया हाफिज अहसन ने पैगंबर हज़रत मुहम्मद स, अ,व, मानवता के कल्याण के लिए बेमिसाल कार्य किए पैगंबर साहब को सभी धर्म और वर्ग के लोगों दिल से मानते हैं आज ईद मिलादुन्नबी का आयोजन करने का मकसद यही है कि प्यारे नबी पाक स,अ, व, दुनिया को अमन एकता हमदर्दी भाईचारे का पैगाम दिया है और इस पैगाम को घर-घर पहुंचने के लिए बुजुर्गो की रिवायत के मुताबिक ईद मिलादुन्नबी का जैस हर साल भारत सहित जोश व खरोस के साथ सारी दुनिया में मनाया जाता है उन्होंने कहा कि इस्लाम अमन एकता भाईचारे का मजहब है और मुसलमान दुनिया में अमन और खुशहाली चाहता है इसीलिए अपनी खुशी का इजहार करने के लिए हम सब छिबरामऊ के पास शिंदे भी प्यारे नबी स,अ,व, की यौमे पैदाइश पर मिलजुल कर जश्न मना कर अमन एकता भाईचारे का पैगाम देते आ रहे हैं जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया नौजवान मरहबा या मुस्तफा के नारे लगाते हुए नजर आए पश्चिमी बाईपास पर जुलूस का समापन हुआ सलातो अस्सलाम के साथ हुआ समापन स्तर पर उपस्थित लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए हजरत मौलाना मुस्तकीम अहमद कादरी ने कहा कि भारत के करोड़ों अमन पसंद इंसान भी मुसलमान के साथ ईद मिलादुन्नबी का जश्न इसलिए मानते हैं कि पैगंबर इस्लाम हज़रत मोहम्मद स,अ,व, से सारी दुनिया के लोग की तरह भारतवासी भी सच्ची अकीकत और मोहब्बत करते हैं जिसका मुजाहिद करने के लिए सर्व धर्म एकता की मिसाल के रूप में यह जुलूस का हर साल निकल जाते हैं और सारे जमाने में मोहम्मद की खुश हुए फैलाई जाती है जिससे नफरत के सौदागरों के बदबू के कारोबार नेरतो नाबूद हो जाते हैं सभी उलेमाओं ने ने विश्व शांति और देश की तरक्की विकास अम्मा अमन कायम रखने के लिए सामूहिक दुआएं मांगी सभी को दुआ करते हुए हजरत मौलाना मुस्तकीम अहमद कादरी ने कहा कि ऐ परवर दिगार हम तेरे मोहताज हैं प्यार हबीब पाक स,अ,व, के सदके प्रोफाइल हमारी दुआएं हिलते जाएं कबूल फरमा हम सब पर रहम करम फजल फार्मा इस पर हजारों लोगों ने अमीन कहकर हुजूर पाक स,अ,व, की गुलामी को तस्लीम किया इस मौके पर सभी को लंगर ए आम का तवारुक भी तकसीम किया गया मोहम्मदी जुलूस के दौरान हाफिज एहतिशाम कारी समसुल कमर मौलाना जहल हक उमर फारूक उर्फ बंटी आसिफ इकबाल सभासद जैनुल खान सोनू खान जामा मस्जिद के मुतवाली वसीम कुरैशी नवाजिश अंसारी जावेद अंसारी जाहिद चिश्ती हाजी रिंकू बबलू खान भूरा मिनी खान हयात खान इब्राहिम खान मोहम्मद कामरान निजाम दुकानदार हाफिज रानू डॉक्टर तारिक आमिर खान अल्फेज खान रईस खान अयान खान अकमल अजमल चांद पेंटर वसीम पेंटर सोनू फैयाज अहमद शहजाद अहमद इरशाद आढती जामा मस्जिद के पूर्व मुतवाली सहवाज मंसूरी मदरसा गुलशन रजा प्रधानाचार्य कुमेल इदरीसी राजू मास्टर अफजल कुरैशी हाजी अतीक ठेकेदार फैसल खान उर्फ राजा इशाक जमील उर्फ आशू के सहित हजारों की संख्या में मौजूद रहे।












# सभी बीडीओ अपने क्षेत्र की व्यवस्था हेतु जिम्मेदार होंगे: डीएम

- स्वच्छता ही सेवा है, विषयक पर जिलाधिकारी ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कलेक्ट्रेट सभागार** में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में च्च्स्वच्छता ही सेवा हैं-2024ज्ज विषयक पर बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। अनुमान है कि 48 घंटे पश्चात गंगा नदी का जलस्तर बढ़ेगा। बाढ़ पीड़ितों का राहत सामग्री का सतत वितरण जारी रहना चाहिए। रोग प्रभावित क्षेत्रों में दवा वितरण का काम जारी रखें। गांवों में सफाई करायें व निरीक्षण भी करें। कल आयुष कैम्प अपराह्न 2:00 बजे से लगेगा। आगामी समय में प्रभारी मंत्री के आगमन व निरीक्षण के समय संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि की उपस्थिति अवश्यंभावी है। सभी बीडीओ अपने क्षेत्र की व्यवस्था हेतु जिम्मेदार होंगे। जिला चिकित्सालय का निरीक्षण होगा। इससे पूर्व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सफाई अभियान होगा। ग्रामीण क्षेत्रों के सफाईकर्मी अपना क्षेत्र साफ रखना सुनिश्चित करें। स्वच्छता अभियान का शुभारंभ सांसद और विधायक करेंगे। स्वच्छता अभियान की कमान ईओ नगर पालिका फर्रुखाबाद संभालेंगे। सफाई अभियान में वार्ड मेम्बर भी उपस्थित रहेंगे। सफाई अभियान में शुभारंभ एमएलसी द्वारा भी किया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अपात्र व्यक्ति से सरकारी आवास जांचोपरान्त खाली करायें। सभी बीडीओ व डीपीआरओ विकास सफाई व निर्माण कार्यों पर समुचित ध्यान देना सुनिश्चित करें। ताकि प्रदेश स्तर पर जनपत की रैंक सुधरे। स्वच्छता अभियान का शुभारंभ प्रातः 8 बजे से अम्बेडकर मूर्ति स्थल से होगा। कल गंगा का जलस्तर बढ़ने पर सभी अधिकारी सचेत रहकर कार्य करें। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

# नायब तहसीलदार ने ट्रैक्टर से बाढ़ प्रभावित गांवों का किया भ्रमण

- पीड़ितों की मांग पर राशन बांटने व नाव लगाने के दिये आदेश

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** नायब तहसीलदार ने ट्रैक्टर से क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन बाढ़ प्रभावित गांवों का भ्रमण कर वहां के ग्रामीणों से वार्ता की। उन्हें भरोसा दिलाया कि बाढ़ के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसलिए भयभीत होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने पीड़ितों की मांग पर राशन बांटने व नाव लगाने के आदेश दिए है। नायब तहसीलदार मनीष वर्मा सोमवार दोपहर शाहपुर गंगपुर पहुंचे। उन्होंने ग्राम प्रधान व बाढ़ पीड़ितों से समस्याओं के बारे में जानकारी की। इसके बाद वह बाढ़ प्रभावित गांव हमीरपुर मजरा जात, गढ़ी, पथरामई व शाहपुर गंगपुर में ट्रैक्टर पर बैठकर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि इकलहरा-शाहपुर मार्ग कटने से ग्रामीणों की मांग पर गांव शाहपुर गंगपुर के ग्रामीणों के लिए एक नाव मुहैया करायी जाएगी। इन नावों को चलाने के लिए परिपक्व व्यक्तियों को तैनात किया जाएगा। इनका जो पारिश्रमिक होगा वो प्रशासन देगा। लोगों को मंगलवार से पॉलिथीन, खाद्य सामग्री बगैरह मुहैया कराने के आदेश दिए।



लोगों को पीने हेतु स्वच्छ पानी मिले इसके लिए टैंकर का बंदोबस्त किया जा रहा है। प्रशासन पूरी मुस्तैदी से बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए लगा हुआ है। उन्होंने तटवर्ती गांवों के पशु मालिकों को सुरक्षित जगह पर मवेशियों को जाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को प्रत्येक गांव में कैम्प लगाकर दवाई वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को डूबी फसलों की लिस्ट बनाकर किसानों को मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। नायब तहसीलदार मनीष वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों के लिए नाव का प्रबंध कर दिया गया है। जल्द ही नाव गांव में भेज दी जाएगी। जो ग्रामीण बाढ़ में फंस गए हैं। उन्हें भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया जाएगा।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद घर लौट रहे लोगों पर समुदाय विशेष ने की पत्थरबाजी

- पत्थरबाजों द्वारा इस्लाम जिंदाबाद, पाकिस्तान जिंदाबाद के लगाए गए नारे
- सूचना के बावजूद भी नहीं पहुंची पुलिस, उपद्रवियों के हौसले बुलंद

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शमशाबाद** नगर को कभी गंगा जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता था। यहां कभी दोनों समुदाय के लोग समाज में भाईचारे का जिम्मा संभालते हुए एक दूसरे के त्योहारों में शरीक ही नहीं होते, बल्कि एक दूजे को बधाई देते थे, लेकिन कुछ अराजकतत्वों की अराजकता के चलते अब शमशाबाद में भी गंगा जमुनी तहजीब की सभ्यता तार-तार होती नजर आ रही है। धार्मिक त्योहारों पर एक दूजे को बधाई देने की बजाए अब पत्थरबाजी की घटनाएं सामने आने लगी हैं। मामला उस वक्त सामने आया जब सोमवार को शमशाबाद नगर के ही आधा दर्जन लोग जो गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए ढाई घाट शमशाबाद गए हुए थे। विसर्जन के बाद जब उक्त लोग ब्लॉक रोड से वापस लौट रहे थे अचानक खड़े ज्ञात-अज्ञात सहित आधा सैकड़ा लोगों ने पत्थरबाजी करते हुए जमकर ईट पत्थर चलाएं। साथ ही इस्लाम जिंदाबाद तथा पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये तथा नगर की पौराणिक सभ्यता तार-तार करने की कोशिश की। उधर पत्थरबाजी की घटना का विरोध करने पर आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। बताते है अराजकतत्वों द्वारा पत्थरबाजी का दौर काफी देर तक चलता रहा। लोग भय के माहौल में जान बचाकर इधर उधर भागते रहे। शिकायत के अनुसार आरोपी दबंग हैं और उससे पूर्व में भी इस तरह की घटना को अंजाम दे चुके हैं। घटना के संबंध में आक्रोशित लोगों ने अराजकतत्वों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर दी, लेकिन अफसोस काफी देर इंतजार करने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। पीड़ित सनी पुत्र रविन्द्र कुमार, आर्यन पुत्र ग्रीशचंद्र ने बताया कि पत्थरबाजी की घटनाओं को अंजाम देने वाले लोगों में यूनिस तथा यूनीस के दो पुत्रों रेहान, उमर, सुनील तथा सुनील के पुत्रों में बिलाल, आरिफ, मोहसिन अंसारी तथा हुसैन सहित आधा सैकड़ा ज्ञात-अज्ञात लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर दी।


पत्थरबाजी करते विशेष समुदाय के लोग — समृद्धि न्यूज

# ई-रिक्शा को खड़ा कर युवक ने बूढ़ी गंगा में लगायी छलांग

- सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, तलाशी जारी

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**कंपिल** की तरफ से ई-रिक्शा लेकर आया युवक ई-रिक्शा को खड़ा कर बूढ़ी गंगा में कूद गया। जिससे वह पानी में डूब गया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। स्वजनों ने मौके पर पहुंच युवक की पहचान की। युवक की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार कंपिल अटैना मार्ग पर गांव राईपुर चिनहटपुर के निकट पुलिया पर सोमवार देर शाम एक ई-रिक्शा चालक आया। उसने ई-रिक्शा को पुलिया पर खड़ा कर दिया। पुलिया पर बैठे ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते तब तक उसने बूढ़ी गंगा में छलांग लगा दी। काफी समय तक युवक के बाहर न निकलने पर ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों ने उसे काफी खोजने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। अंधेरा होने के कारण ग्रामीण युवक की पहचान नहीं कर सके। पुलिस ने युवक की पहचान कराने की कोशिश की। कुछ समय बाद घटनास्थल पहुंचे स्वजनों ने युवक की पहचान दुर्वेश माथुर पुत्र बालकराम निवासी मांझगांव पूर्व कंपिल के रूप में की। युवक की पत्नी राखी बिलखने लगी। युवक की शादी तीन वर्ष पूर्व हुयी थी। युवक के एक पुत्र वशु है। थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्या ने बताया युवक की तलाश की जा रही है।

## खबरें चलते-चलते

### खेत में मगरमच्छ निकलने से ग्रामीण हलकान

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** खेतों में मगरमच्छ निकलने से गांवों में हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस व वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची टीम ने मगरमच्छ को पकड़कर गंगा में छोड़ दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जानकरी के अनुसार क्षेत्र के गांव कमलाईपुर निवासी मोनू ने रविवार देर रात घर जाते समय गांव शंकरपुर मार्ग पर धान के खेतों में घुसते हुए एक मगरमच्छ को देखा। युवक ने मामले की सूचना ग्रामीणों को दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों ने मामले की सूचना 112 नंबर पुलिस व वन विभाग की टीम को दी। कुछ समय बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के रेंजर राजेश, दारोगा महेश यादव व सिपाही शिवेंद्र तोमर ने टीम के साथ ग्रामीणों के सहयोग से मगरमच्छ को पकड़ लिया। टीम ने मगरमच्छ को पकड़कर गंगा में छोड़ दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### दो बंद मकानों का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने दो बंद मकानों का ताला तोड़कर हजारों की नकदी व सामान चोरी कर लिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरपुर बरझाला निवासी कुलवीर पुत्र कैलाश चंद्र गंगवार मकान में ताला लगाकर गुड़गांव दिल्ली में नौकरी करने गए हैं। बीती रात्रि बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने घर के अंदर प्रवेश किया तथा कमरों के ताले तोड़कर सामान चोरी कर ले गये। वहीं दूसरा मकान विमला देवी पत्नी छोटेलाल के बंद मकान का ताला तोड़कर बक्से में रखे सोने चांदी के जेवरात के अलावा 15 हजार की नकदी पार कर ले गये। जिसकी सूचना गृह स्वामी को दी गई। मौके पर आकर देखा, तो कमरे के ताले टूट पड़े थे। अटैची व बक्सा का ताला टूटा था तथा सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा जल्द घटना का खुलासा करने की बात कही।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने गोली मारकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गृहकलेश से परेशान अधेड़ ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम दानमंडी निवासी युवक अक्षय दीक्षित पुत्र विनोद दीक्षित उम्र 40 वर्ष ने सोमवार को गृहकलेश से परेशान होकर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गंभीर रूप से घायल युवक अक्षय दीक्षित को भाई अवनीश दीक्षित व चचेरे भाई अनुराग दीक्षित ने जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस सूचना भेज दी। चचेरे भाई अनुराग दीक्षित ने बताया ताऊ के लड़के अक्षय ने खुद को गोली मार ली है। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने जांच पड़ताल की।

### गणेश विसर्जन के बाद हुआ भंडारे का आयोजन

**कायमगज, समृद्धि न्यूज।** श्रीगणेश महोत्सव के पावन पर्व पर पुरानी गल्ला मंडी जटवारा रोड पर श्री गणेश पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम द्वारा गणेश जी को भोग लगाकर तत्पश्चात कन्या भोज कराकर भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद लिया। इस अवसर पर रोहित गुप्ता, विशाल गुप्ता, हर्षित गुप्ता, हिमांशु शर्मा, रोहित मिश्रा, आशु सक्सेना, अन्नू गुप्ता, सुमित शाक्य, गोविंद गुप्ता, सागर गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, पारस गुप्ता, पप्पू गुप्ता, वैभव पाल, प्रियंक दुबे, आयुष गुप्ता, नैतिक राठौर, गोपाल गुप्ता अटल, सत्य प्रकाश गुप्ता, सत्यांश पांडे, प्रवेश गंगवार, अक्षत गंगवार, मैगी कौशल, विकास कौशल, रोहित मिश्रा, भूरे भाई, रामू, ध्रुव, दीपक बाथम, प्रियांशु बाथम व अमन वर्मा आदि कमेटी की सदस्य व भक्तगण सेवा भाव में लग रहे।

# चोरी की घटना को अंजाम देकर भाग रहे चोर को दबोचा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम रमापुर जसू निवासी किशन पाल पुत्र माखनलाल ने खुशीराम पुत्र रामसेवक निबासी चाचूपुर जटपुरा पहाड़पुर के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 16 सितंबर की रात्रि 1 बजे के करीब अज्ञात चोर घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद जब दरवाजे से निकले शक होने पर एक व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़ लिया गया, जबकि दो अज्ञात चोर फरार हो गए। पकड़े गए युवक के पास जामा तलाशी में आधार मिला। जिसमें खुशीराम पुत्र रामसेवक निवासी चाचूपुर जटपुरा पहाड़पुर अंकित था। पीड़ित ने अज्ञात सहित तीन लोगों के खिलाफशमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर ग्राम प्रधान अनुज कुमार राजपूत ने बताया पकड़े गए आरोपी के पास एक झोला मिला।



जिसमें नट बोल्ट खोलने के उपकरण, एक बेलचा बरामद हुआ। झोले में कपड़े रखे हुए थे। इसके अलावा झाड़ियों में एक मोपेड भी खड़ी पाई गई। उन्होंने बताया घटना की सूचना 112 नंबर पर कॉल कर रात्रि में ही पुलिस को दी गई थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया पुलिस आरोपी को साथ ले गई। साथ ही झाड़ियों में खड़ी मोपेड को भी कब्जे में ले लिया गया। ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए आरोपी को शमसाबाद थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# हुजूर की योमे पैदाइश पर शान से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**कस्बे में** धूमधाम से हुजूर की योमे पैदाइश पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इस मौके पर नारे तकबीर अल्लाह हूं अकबर नारे रिसालत या रसूल अल्लाह देखो मेरे नबी की शान बच्चा बच्चा है कुर्बान, सरकार की आमद मरहबा दिलदार की आमद मरहबा आदि सदाओं से गूंजा कस्बा नवाबगंज। जुलूस-ए-मोहम्मदी पर अकीदतमंदों की खासी भीड़ रही। थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ जुलूस की व्यवस्था संभाली।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के गांव नया गनीपुर, सिरमौर बांगर, जाफर नगर, बबना, चंदनी तथा कस्बा नवाबगंज सहित आसपास के तमाम मुस्लिम ग्रामों से आज हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की योमे पैदाइश पर बीते कल से ही सभी गांव में मस्जिदों की सजावट तथा झंडा शरीफ के कार्यक्रम का दौर शुरू हो गया था। सोमवार सुबह से ही सभी गांवों में अकीदतमंद हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की योमे पैदाइश की खुशी में जुलूस-ए-मोहम्मदी का कस्बे में आगाज किया। जिसमें सभी गांव से अलग-अलग जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाले गए। जो कस्बा नवाबगंज के चौराहे पर एकत्रित होकर हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में कसीदे पढ़े गए। जिसमें सभी मस्जिदों के पेशे इमाम ने अपने नातिया कलाम तथा अन्य कलामों हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के शान में नातिया कलाम पेश किए। वहीं कस्बा नवाबगंज में जैसे ही जुलूस-ए-मोहम्मदी निकला, तो धर्म को मानने वाले शिवराम सिंह आर्य ने अपने दरवाजे पर बाहर निकल कर माइक से सभी अकीदतमंदों को शुभकामनाएं दें तथा जुलूस-ए-मोहम्मदी की सराहना की। आगे निकटतम भविष्य में जुलूस-ए-मोहम्मदी को और ज्यादा बढ़ाने की दुआएं दी। वहीं सुबह से ही नवागंतुक थाना अध्यक्ष बलराज भाटी भारी पुलिस बल के साथ गांव सिरमौर तथा नयागनीपुर से पुलिस बल लेकर सभी अकीदतमंदों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहे। इस मौके पर जाफर नगर के पेश इमाम नजमुल कादरी, चंदनी के पेश इमाम मौलाना आरिफ खान, मौलाना अकरम खान, जुलूस-ए-मोहम्मदी के सदर अली मोहम्मद खान, नया गनीपुर के मौलाना मोहम्मद आरिफ खान के अलावा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, साबिर खान, वारिस खान, अरशद खान, बरतल से मोहम्मद आरिफ मौजूद रहे।

वहीं सुरक्षा की दृष्टि से थाना अध्यक्ष बलराज भाटी, दरोगा इंद्रजीत सिंह, दरोगा संतोष कुमार सहित समस्त पुलिस बल भीड़ में मौजूद रहा तथा सुरक्षा व्यवस्था संभाली।


नातिया कलाम पेश करते मस्जिद के पेश इमाम — समृद्धि न्यूज

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत से मचा कोहराम

- ठेकेदार मित्र काम की देखरेख के लिए ले गया था गंजडुडवारा
- परिजनों ने उसके मित्र पर लगाया पुत्र की हत्या करने का आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने ठेकेदार के भाई पर लगाया करने का आरोप लगाया है। मृतक का पोस्टमार्टम कराने के लिए कायमगंज पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजम खाँ टंकी रोड निवासी रोहित उर्फ नन्हू पुत्र राकेश कश्यप को बीते दिन हेमन्त श्रीवास्तव निवासी सुदामापुरी गंजडुडवारा अपने साथ लेकर गया था। वह वहां पर विद्युत पोल पर काम कर रहे मजदूरों की देखरेख के लिए गया था। बीती रात्रि हेमन्त श्रीवास्तव ने अपने साथी रोहित उर्फ नन्हू के साथ होटल पर चिकन खाया। उसके बाद दोनों शराब पीकर रुम पर लेटने चले गये। सुबह रोहित उर्फ नन्हू के पेट मे दर्द होने लगा। जिस पर हेमन्त उसे लेकर सुदामापुरी के एख हॉस्पिटल में लेकर गया। वहाँ डाक्टर ने एक बोतल चढ़ा दी और वापस रूम पर भेज दिया। दोबारा से नन्हू की हालत बिगड़ने पर हेमन्त ने अलीगंज सीएचसी में ले जाकर भर्ती कराया। चार पहिया वाहन से हेमन्त नन्हूं के घर आया और उसकी मां रीनादेवी, पिता को गाड़ी में बैठालकर अलीगंज सीएचसी ले गया, लेकिन तब तक वहाँ उसकी मौत हो चुकी थी। हेमन्त उसके शव को कायमगंज के मोहल्ला काजम खाँ लेकर आया। वहीं मृतक के भाई राहुल ने ठेकेदार नितिन के भाई हेमन्त पर गम्भीर आरोप लगाये। पोस्टमार्टम कराने के लिए मृतक के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी रीना देवी, भाई राहुल सहित दो बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**गणेश विसर्जन** | **गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी के गूंजे उद्घोष**

# चार स्थानों से निकाली गयीं गणेश विसर्जन यात्रायें

**नवाबगंज/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गणेश** विसर्जन यात्राओं का क्रम जारी है। सोमवार को भी कई स्थानों से विसर्जन यात्रायें निकाली गयीं। विसर्जन यात्रा से पूर्व गणपति को 56 भाग लगाया गया। उत्साही भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया, अगली वर्ष तू जल्दी आ के, उद्घोष किये।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के मंझना रोड पर गणेश पांडाल में सोमवार को गणेश विसर्जन यात्रा से पहले गणपति महाराज को प्रसन्न करने के लिए 56 भोग लगाया गया। वहीं कस्बे में थाने के सामने हनुमान मंदिर चिकन वाली गली के पास गणपति महाराज समेत कई स्थानों से विसर्जन यात्रायें निकाली गयीं। श्रद्धालुओं ने गणपति महाराज की विधि विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें 56 भोग लगाकर ट्रैक्टर पर विराजमान किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गणेश विसर्जन यात्रा शुरु की। जिसमें सैकड़ों की संख्या में नाचते गाते भक्त शामिल हुए। भक्तों ने रास्ते भर जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। इस दौरान महिलाएं व युवतियां भी विसर्जन यात्रा में शामिल हुईं। रास्ते भर भक्तगण ढोल नगाड़ों की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे और गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आ के नारे लगा रहे थे। रास्ते भर भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया गया। इस मौके पर मंझना रोड पर स्थित मूर्ति के संयोजक अरविंद प्रताप, शेषदीप, अंकित कुमार, दुष्यंत कश्यप, संजीव कश्यप, नीलेश गंगवार, गुड्डू सक्सेना, मुकेश कश्यप, बिंदा प्रसाद, कस्बे के चौराहे पर गणेश पंडाल से संयोजक विनोद गुप्ता, विनय सक्सेना, योगेंद्र सिंह राठौड़, विजय प्रताप, वहीं कस्बा चिकन वाली गली से पप्पू राठौर, अजीत यादव, कस्बा के हनुमान मंदिर से कमल भारद्वाज, आदेश राठौर, विनीत भारद्वाज, रामजी लाल, संतोष गुप्ता, पवन कश्यप सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं फर्रुखाबाद में मोहल्ला कादरीगेट बालाजी वाली गली में 10वें विशाल गणेश महोत्सव का आयोजन हुआ। कमेटी के सदस्य देवेश मिश्रा, आशीष बाजपेयी, जापान बाजपेयी, डॉ0 आशीष शुक्ला, राघव शुक्ला, रनवीर सिंह, सोहन लाल मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, शिवाशूं, कृष्णम, डल्ले मिश्रा आदि सभी सदस्य मौजूद रहे। यजमान राजा मिश्रा ने सभी कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न कराये।



गणेश विसर्जन यात्रा में शामिल भक्तगण — समृद्धि न्यूज

# शान ओ शौकत से निकाला गया जुलूस-ए मोहम्मदी

**खुशियां मनाओ गलियां सजाओ हुज़ूर आ रहे हैं**

**मोहम्मदाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**कस्बा** मोहम्मदाबाद में जामा मस्जिद नूरी से सुबह जुलूस-ए मोहम्मदी निकाला गया। जो शिवाजी नगर से होते हुए इमाम चौक पहुंचा वहां से आजाद नगर के लिए रवाना हुआ। संकिसा रोड से होते हुए बेवर रोड से कोतवाली मोहम्मदाबाद के सामने से होते हुए जामा मस्जिद नूरी पहुंचा। जहां मस्जिद के इमाम ने पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम के एवं में पैदाइश के बारे में बताया कि इस्लाम धर्म के संस्थापक तथा पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला वसल्लम का दिन है। जिसे तमाम पहले वतन वी दुनिया के मुसलमान बड़ी ही शानो शौकत से मानते हैं और इस दिन का बेसब्री से इंतजार करते हैं और बताया कि हमारे हुजूर मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला वसल्लम ने दुनिया में सबसे पहले विधवा औरत हजरत खदीजा रहमतुल्ला अलैह से शादी की थी और दुनिया को बताया की विधवा औरतों को भी जीने का हक है। जिसे लेकर एक पैगाम भी जारी किया था और नारी सम्मान को लेकर उन्होंने सबसे पहले यह पहल शुरू की थी। उनके जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताये रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। जुलूस में मस्जिद कमेटी से अध्यक्ष नूर अहमद खान, कोषाध्यक्ष अकबर मंसूरी, मेंबर रफीक अहमद, मोहम्मद इस्लाम शाह, उमर खान, मस्जिद के मौजिम सिराजुद्दीन सिद्दीकी तथा कोतवाली प्रभारी मनोज भाटी, कस्बा इंचार्च महेंद्र सिंह की उपस्थित मे संपन्न हुआ।

वहीं कमालगंज में मोहम्मद सल्लल्लाहो वाले वसल्लम के जन्म दिवस पर रामलीला ग्राउंड से डीजे की धुन पर अल्लाह हू अकबर के नारे लगाते हुए जुलूस निकाला गया। जुलूस में ग्राम जरारी, भडौसा, ईसेपुर, जहांगीरपुर, निनौरा श्रृंखलापुर, पतोंजा, सदरियापुर, जीरागौर, नौगमा, नगला दाऊद, शेखपुर, अमानाबाद सहित तमाम गांव के लोग जुलूस में शामिल हुए। जुलूस का समापन कस्बे में बनी गल्ला मंडी पर हुआ। जगह-जगह पानी, मिठाई, पूड़ी सब्जी के स्टाल लगाये गये। पुलिस प्रशासन ने बड़ी ही मुस्तैदी से जुलूस को संपन्न कराया। पिछली वर्ष की अपेक्षा इस बार जुलूस में भीड़ ज्यादा दिखाई दी। जुलूस में मौलाना मुबीन नूरी, शेखपुर सज्जादा नसीन, अजीजुल हक, ग़ालिब मियां, कारी अकरम रजा, राशिद जमाल सिद्दीकी भोजपुर विधानसभा प्रभारी, गलीब मियां भी मौजूद रहे। इस मौके पर एसडीएम सदर रजनीकांत, सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय, थानाध्यक्ष रणविजय सिंह मौजूद रहे।



जुलूस-ए मोहम्मदी में मौजूद मुस्लिम समाज के लोग — समृद्धि न्यूज



मोहम्मदी के जुलूस में शामिल सज्जादानशी गालिब मियां आदि — समृद्धि न्यूज

## आज नगर में निकलेगी विश्वकर्मा शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

कोकाश पांचाल ब्राम्हण समिति बढ़पुर द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी 17 सितम्बर को भगवान विश्वकर्मा की पूजा एवं शोभायात्रा का आयोजन होगा। शोभायात्रा रेलवे रोड स्थित अनंत होटल से शुरु होकर चौक, घुमना, लालगेट होते हुए बढ़पुर स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर समापन होगा। हवन पूजन, भण्डारा, वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा होगा। यह जानकारी अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा ने दी है।

## खबरें एक नजर में

### स्टेट बैंक पेंशनर्स एसो0 द्वारा बुजुर्गों को किया गया सम्मानित





कार्यक्रम में सम्मानित होते सेवानिवृत्त — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया पेंशनर्स एसोसिएशन ने नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक नाड़ी विशेषज्ञ डॉ0 अविनाश कुलश्रेष्ठ को शाल ओड़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री विजय अवस्थी ने कहा समाज के विधा विशेषज्ञ हमारी धरोहर हैं तथा उनके सम्मान से हमें प्रेरणा मिलती है। जोगराज मोहल्ले में आयोजित समारोह में स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त वरिष्ठ साथी सुरेश अग्रवाल, दिनेश चन्द्र दुबे, विपिन चन्द्र पाल अग्निहोत्री, नरेश गुप्ता, राधेश्याम राठौर, आनन्द प्रकाश मिश्रा, जय कुमार डावाणी, कमल कुमार दुबे, मदन गोपाल तिवारी को भी माला पहनाकर व शाल ओड़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिव विलास त्रिवेदी ने ष्जो भी घटता है घटनाक्रम रचता स्वयं विधाता है गीत प्रस्तुत किया। उमेश गुप्ता ने भी एक राष्ट्रीय गीत गाया। इस दौरान राजू टंडन, रत्नेश चन्द्र शुक्ला, मुकेश सिंह, सचिन राठौर ने सहयोग किया।

### मुस्लिम जकात फाउंडेशन ने 26 महिलाओं को वितरित की सिलाई मशीनें



कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते मौलाना — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फतेहगढ़ के भूसा मंडी में मज़हर मुहम्मद खां के आवास पर जलसा सीरतुन्नबी में मौलाना अबुल रब कासमी ने कहा कि मुहम्मद साहब के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू गरीबों और कमजोरों की मदद करना है। उनके जन्मदिन पर बेसहारा महिलाओं को सिलाई मशीन देकर उन्हें स्वतंत्रता पूर्वक रोज़गार से जोड़ना बड़ा काम है। जो मुस्लिम ज़कात फाउंडेशन फतेहगढ़ के समूह द्वारा किया जा रहा है। कोषाध्यक्ष ने मशीनों का धन कैसे जुटाया विस्तार से बताया। अध्यक्ष मज़हर मुहम्मद खां ने बताया कि छात्रों की सहायता करना, बीमारों और कमजोरों की मदद करना व रोजगार में सहयोग करना फाउंडेशन का उद्देश्य है। सम्पन्न लोग अपनी जकात मुस्लिम ज़कात फाउंडेशन फतेहगढ़ को दे सकते हैं। 26 महिलाओ को मशीनें वितरित की गई। फाउंडेशन ने प्रोफेसर मुजम्मिल सिद्दीकी को हलीम पीजी कालेज कानपुर के प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त होने व मुहम्मद खालिद डा0 मोहसिन के भतीजे के इंजीनियर में अद्वितीय सफलता पर सम्मानित किया। इस दौरान हाजी अल्लादीन, फुरकान अहमद, सभासद नौशाद मंसूरी, हाजी नोशाद अहमद, असद उल्लाह खां आदि उपस्थित रहे।

### एचटी लाइन का करंट लगने से राजमिस्त्री गंभीर रूप से झुलसा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजमिस्त्री निर्माण कार्य के लिए छत पर खड़े होकर प्लानिंग कर रहा था, तभी अचानक एचटी लाइन में उसका हाथ छू गया। जिससे वह गंभीर रुप से झुलस गया। परिजनों ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जानकरी के अनुसार जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम जेवर असदुल्लापुर निवासी राजमिस्त्री सुनील कुमार पुत्र लाखन सिंह उम्र 40 वर्ष गांव में ही निर्माण कार्य करने गया था। मकान निर्माण कार्य को लेकर राजमिस्त्री छत पर खड़े होकर प्लानिंग कर रहा था, तभी उसका हाईटेंशन लाइन में हाथ छू गया। एचटी लाइन का करंट लगने से राजमिस्त्री सुनील कुमार पुत्र लाखन सिंह गंभीर रूप से झुलस गया। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पर पहुंची राजमिस्त्री की पत्नी ने परिजनों के साथ पति को डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर प्रवीन कुमार ने गंभीर रूप से झुलसे राजमिस्त्री सुनील को भर्ती कर उपचार किया।

# साहित्यकारों ने डा. ब्रह्मदत्त अवस्थी को श्रद्धासुमन किये अर्पित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**हिंदी साहित्य** भारती की तरफ से राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रखर प्रवक्ता, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, साहित्यकार डा0 ब्रह्मदत्त अवस्थी के निधन पर डा0 प्रभात अवस्थी के आवास पर साहित्यकारों ने मृत आत्मा के लिए श्रद्धांजलि सभा कर व्यक्तित्व एवम् कृतत्व पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने डा0 अवस्थी के कार्यो और समाज के लिए उनके योगदान को सराहा। डा0 अवस्थी एक अच्छे शिक्षक, प्रखर हिंदूवादी नेता एवं एक अच्छे साहित्यकार थे। उनके साहित्य और विचारों ने समाज को प्रेरणा दी। डा0 रामबाबू रत्नेश ने कहा अवस्थी कुशल व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। भारती मिश्रा ने कहा ब्रह्मदत्त अवस्थी सनातन धर्म व सनातनी संस्कृति के न केवल प्रबल समर्थक थे, अपितु रक्षक भी थे। भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हम सब ने उनकी छत्रछाया में बैठकर अपनी संस्कृति को समझा है। अमृतपुर से आए डा0 पी0डी0 शुक्ला ने कहा अमृतपुर तहसील के नगलाहूशा में जन्मे ब्रह्मदत्त अवस्थी ने विभिन्न प्रकार से समाज को दिशा दी। उनके निधन से फर्रुखाबाद के साथ साथ अमृतपुर क्षेत्र (गंगापार) की अपूर्णीय क्षति है। इस मौके पर आचार्य रामबाबू रत्नेश, प्रभात अवस्थी, भारती मिश्रा, डा0 पी0डी0 शुक्ला, श्रीनिवास मिश्रा, सरस्वती वर्मा, आलोक बिहारी शुक्ला, भूपेंद्र प्रताप सिंह, प्रेमसागर चौहान, अर्चना चौहान, राममुरारी शुक्ला, आदेश गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।



श्रद्धांजलि सभा में मौजूद साहित्यकार — समृद्धि न्यूज

## श्री सिद्धिविनायक कमेटी के बैनर तले हुआ मटकी फोड़ कार्यक्रम

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर में स्थित गुमटी महादेव मंदिर जहां सुबह 10 बजे के करीब श्री सिद्धिविनायक कमेटी के अध्यक्ष जोगराज राजपूत के नेतृत्व में मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद विसर्जन यात्रा को पूजा अर्चना के बाद निकाला गया। विभिन्न मांगों से होती हुई विसर्जन यात्रा गंगा रोड शमशाबाद पहुंची। जहां कमेटी के सदस्यों ने सभी का अभिनंदन किया। बताते है यहां 21 फिट से भी ज्यादा की ऊंचाई पर टांगी गई मटकी फोड़ का कार्यक्रम गाजे बाजे के साथ आयोजित हुआ। मटकी फोड़ कार्यक्रम देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ लगी हुई थी।11 बजे के करीब मटकी फोड़ कार्यक्रम आरंभ हुआ। मटकी फोड़ कार्यक्रम के लिए मोहल्ला चौहट्टा से दो टीमों का आवागमन हुआ। बताते हैं प्रथम टीम रणधीर यादव की थी, जबकि द्वितीय टीम योगेश यादव की थी। योगेश यादव की टीम ने 21 फिट की ऊंचाई पर टांगी गई मटकी को फोड़ दिया। मटकी फूटने के बाद हर तरफ खुशियों का नजारा देखा जा रहा था। लोग विजेता टीम को बधाई दे रहे थे। बताते है इनाम की राशि 2100 रूपये की थी। जो विजेता टीम को सौंप दी गई। कुछ समाजसेवी जनप्रतिनिधियों ने भी विजेता टीम पर इनामों की बारिश की। किसी ने 500 रूपये तो किसी ने 1100 रूपये और किसी ने 2100 रूपये, इस तरह हजारों रुपए की धनराशि विजेता टीम को उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर श्री सिद्धिविनायक कमेटी के नगर अध्यक्ष जोगराज राजपूत, कोषाध्यक्ष आशुतोष राजपूत, महामंत्री सुमित सैनी, रामू गुप्ता, व्यवस्थापक राजू गुप्ता, संयोजक राम अवतार कश्यप, अभिषेक संरक्षक, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शीशम बाग शक्ति केंद्र पर बनाये गये ऑन लाइन भाजपा के सदस्य



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा फतेहगढ़ मण्डल द्वारा शीशमबाग शक्ति केन्द्र पर नगरमंत्री सुनिल गुप्ता के आवास पर सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत सदस्य बनाये गये। साथ ही विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाना है। इसके लिए सदस्य बनाते समय प्रत्येक सदस्य को योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाये और उनके लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया जाये। बड़ी संख्या में ऑन लाइन सदस्य बनाये गये। इस मौके पर हिमांशु गुप्ता, अश्नील दिवाकर, संजीव गुप्ता, रमला राठौर, विजय गुप्ता, आशु राठौर, विनीत गुप्ता, सनोज बाथम, सर्वेश कुमार, शिवराम सिंह, विजय पांडेय, तनु कुशवाह, श्रीकृष्ण बाथम, हर्षित गुप्ता, योगेश कुमार, विनायक, नारायण मिश्रा, आकाश, निशान्त आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानाचार्यों की समस्याओं को लेकर आंदोलन की बनी रणनीति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय संरक्षक बृजेश शर्मा के लखनऊ आवास पर परिषद को मजबूती प्रदान किए जाने के संबंध में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अग्निहोत्री सहित परिषद के पदाधिकारियों ने प्रांतीय संरक्षक से भेंटकर वार्ता की। परिषद के संघर्ष की रूपरेखा पर चर्चा हुई। परिषद पदाधिकारियों ने आपसी विचार विमर्श के बाद यह तय किया कि प्रधानाचार्यों की ज्वलंत समस्याओं के संबंध में जनपद स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों में 15 अक्टूबर से 20 अक्टूबर के मध्य धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालयों पर 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर के मध्य धरना प्रायोजित होगे। नवंबर के मध्य में शिक्षा निदेशक माध्यमिक लखनऊ के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश के समस्त जनपदों में 15 अक्टूबर तक सघन सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। नवंबर एवं दिसंबर माह में जिला सम्मेलन प्रायोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक बृजेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अग्निहोत्री, प्रांतीय संयोजक डॉ0 हरिनारायण उपाध्याय, प्रदेश महामंत्री डॉ0 संदीप चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 गिरीश मिश्रा, राम उजागर शुक्ला, योगेश कुमार यादव आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# मोदी के जन्मदिन पर 2 अक्टूबर तक चलाया जायेगा सेवा पखवाड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आवास विकास** स्थित भाजपा कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा चलाये जाने को लेकर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रुप में मनाया जायेगा। इसी के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को जनता तक पहुंचाना है और विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता के प्रति संदेश देना है। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में मण्डल स्तर पर कार्यक्रम में भाग लेगें। जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान को सफल बनाना है। इसके लिए कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग लें। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, अभिषेक त्रिवेदी, कृष्ण मुरारी राजपूत, अभिषेक बाथम, अभिषेक बाजपेयी, संजीव गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद भाजपा नेता — समृद्धि न्यूज

## परमार्थ संस्थान द्वारा बाढ़ पीड़ितों को वितरित किया गया भोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गंगा किनारे** गांवों में बाढ का पानी आने पर परमार्थ संस्थान की टीम सक्रिय हुई और कटरी के इलाकों में लगातार फूडवैन से भोजन वितरित किया गया। बाढ़ का प्रकोप कटरी क्षेत्र में जारी है। ऐसे में ग्रामीणों तक खाने पीने की परेशानी हो रही है। परमार्थ संस्था द्वारा फूड वैन के द्वारा कटरी क्षेत्र के ग्रामीणों तक भोजन वितरित किया जा रहा है। जिलाधिकारी से मुलाकात कर ग्रामीणों की सेवा करने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। पिछले वर्ष बाढ़ का प्रकोप ज्यादा विकराल था। डीएम से बात करने के बाद अंकित साध, सनी साध के साथ बाढ मे सहयोग देने हेतु विस्तृत वार्ता हुई। इस बार संस्थान की लोगों को जरुरत है तो ऐसे में संस्थान ने तय किया हाथ आगे बढ़ाकर जरुरत मंदों को भोजन कराया जाये। केशव भान साध के इस प्रयास के चलते परमार्थ संस्था द्वारा बाढ़ पीड़ितों को फूड वैन ले जाकर भोजन कराया जा रहा है।



बाढ़ पीड़ितों को भोजन वितरित करती फूड वैन — समृद्धि न्यूज

## मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर सेवा समिति ने मरीजों को वितरित किये फल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सेवा समिति** फर्रुखाबाद के द्वारा मुस्लिम समाज के संस्थापक हज़रत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के मौके पर डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मरीजों को दूध, ब्रेड एवं बिस्किट, फल आदि वितरित किये गये। सेवा समिति पिछले कई वर्षों से कार्यक्रम करती चली आ रही है। उनका मकसद है कि मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर लोगों तक अच्छाइयों को पहुंचाना है। मुख्य चिकित्साधीक्षक अशोक प्रिदर्शी ने संस्था को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम प्रेरणा दायक है। संस्थापक फरियाब खान ने कहा कि लगातार कई सालों से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। मोहम्मद साहब की जिंदगी का मक़सद ही लोगों की मदद करना और फ़ायदा पहुंचाना है जो की मैं व मेरी टीम हमेशा करती रहेंगी। इस मौके पर सलीम राजा, अनवर पठान, डा0 शकील अहमद, हिलाल शफीकी, शकील अनवर, तालिब मंसूरी, अमन सलमानी, आदिल हुसैन, अमन खान, हमराज मीर खां, तस्लीम ख़ान आदि लोग मौजूद रहे।





फल वितरण करते संस्था के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# रामलीला कमेटी ने पत्रिका का किया विमोचन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**श्रीराम लीला** कमेटी द्वारा पत्रिका का विमोचन किया गया। प्रस्तावित व्यय लगभग 10 लाख रुपये का दिखाया गया। कोषाध्यक्ष चमन टंडन ने बताया कि विगत वर्ष के आय व्यय का विस्तृत विवरण है और प्रयास किया गया है प्रत्येक सहयोग को इस पत्रिका में दर्शाया गया है। पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष रवीश द्विवेदी ने बताया कि विगत वर्ष कमेटी ने रामजन्मभूमि पर स्थापना दिवस पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। रामनवमी पर भी भव्य कार्यक्रम हुआ। इस बार भी कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने का कार्यक्रम है। समस्त कार्यक्रम पत्रिका में छापे गए हैं। हमारा प्रयास है कि प्रभु श्री राम के चरित्र को हमे अपनी भावी पीढ़ियों के समक्ष अच्छे ढंग से प्रस्तुत कर सकें। महामंत्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि हमारी पारदर्शिता के कारण ही हमे भारी जनसहयोग मिल रहा है। भरत मिलाप राजगद्दी एव अन्य कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था भोलेपुर हनुमानजी मन्दिर, भरतमिलाप में मुन्ना लाल वार्ष्णेय और राजगद्दी में पंकज अग्रवाल करते हैं। जनसहयोग से कमेटी के कार्यक्रम स्तर में सुधार हुआ है। विजय दशमी का कार्यक्रम परेड ग्राउंड पर ही होगा। विगत वर्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी अनुमति दिलवाई थी। डॉ0 रजनी सरीन भी सहयोग कर रही है। इस अवसर पर रवीश द्विवेदी, पंकज अग्रवाल, चमन टण्डन, अरविन्द बाजपेयी, विजय यादव, बलराम यादव, मनीष अग्रवाल, संजय रस्तोगी, मुन्ना लाल वार्ष्णेय, भूपेन्द्र प्रताप सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।





पत्रिका विमोचन करते राम लीला परिषद के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पड्डार-नागसेनी विधानसभा क्षेत्र में विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा

# जम्मू में जड़ से खत्म होगा आतंकवाद

एजेंसी

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जब तक केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार है, कोई भी ताकत जम्मू क्षेत्र में नब्बे के दशक की तरह के आतंकवाद को पुनर्जीवित नहीं कर सकती।

श्री शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार



> हम आतंकवाद को जमीन से कई फुट नीचे धकेल देंगे, ताकि वह फिर से न पनपे

आतंकवाद को इस हद तक खत्म कर देगी कि वह फिर से कभी नहीं पनप सके। श्री शाह ने किश्तवाड़ क्षेत्र के पड्डार-नागसेनी विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा, राष्ट्र-विरोधी और शांति-विरोधी तत्व जम्मू क्षेत्र में 90 के दशक जैसा माहौल वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम आतंकवाद को जमीन से कई फुट नीचे धकेल देंगे, ताकि वह फिर से न पनपे। छह सितंबर के बाद से अपने दूसरे दौरे पर जम्मू पहुंचे श्री शाह ने कहा कि ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) और विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को नवीनतम हथियारों और शक्तियों से लैस किया गया है। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शांति भंग करने के लिए यहां आने वाले घुसपैठियों को पहाड़ों में ही दफनाया जाए और उन्हें अंदरूनी इलाकों में प्रवेश न करने दिया जाए। किसी को भी आतंकवाद के लिए भारतीय धरती का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा, यह अनुच्छेद भारत के इतिहास का पुराना अध्याय बन गया है। उन्होंने कहा, मैं नेकां-कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि आप अनुच्छेद 370 को कैसे वापस ला सकते हैं। मैं स्पष्ट कर दूं कि न तो आतंकवाद और न ही अनुच्छेद 370 वापस आएगा।

**शाह ने डॉ. फारूक अब्दुल्ला पर बोला तीखा हमला**

उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के प्रमुख डॉ. फारूक अब्दुल्ला पर तीखा हमला करते हुए कहा, जब किश्तवाड़ में खून-खराबा अपने चरम पर था, तब वह कहां थे। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, अगर वह यहां आते हैं तो उनसे पूछा जाना चाहिए। लेकिन मुझे पता है कि वह उस समय कहां थे। वह लंदन के समुद्र तटों पर मौज-मस्ती कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नेकां-कांग्रेस गठबंधन ने हमेशा से ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद के लिए आधार तैयार किया है। उन्होंने कहा, इन पार्टियों ने महाराजा हरि सिंह को जम्मू-कश्मीर से खदेड़ दिया। बाद में, केवल उनका पार्थिव शरीर ही जम्मू-कश्मीर लौट सका। ये पार्टियां 1990 में कश्मीरी पंडितों के सामूहिक पलायन के लिए भी जिम्मेदार हैं।

## बांग्लादेश में दो पूर्व मंत्री समेत चार गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश अवामी लीग के नेताओं की धरपकड़ जारी है। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने कल रात राजधानी से पूर्व संस्कृति मंत्री असदुज्जमां नूर और पूर्व नागरिक उड्डयन और पर्यटन राज्यमंत्री महबूब अली को गिरफ्तार कर लिया। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार (अंग्रेजी संस्करण) प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, रविवार रात असदुज्जमां नूर को बेली रोड से और महबूब को सेगुनबागीचा इलाके से गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रेजाउल करीम मलिक ने कहा कि असदुज्जमां नूर को मीरपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के एक मामले में रात करीब 11:00 बजे गिरफ्तार किया गया। उन्हें आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि असदुज्जमां ने 2001 से संसद में अवामी लीग का प्रतिनिधित्व किया। हाल ही में 12वें संसदीय चुनाव में उन्हें निलफामारी-2 के लिए संसद सदस्य के रूप में चुना गया।

# साक्षी मलिक व गीता फोगाट ने की कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग की घोषणा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान साक्षी मलिक और गीता फोगाट ने सोमवार को कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) के गठन की घोषणा की।

साक्षी ने एक्स पर घोषणा की, हमारे गाँव और समुदायों ने हमें पाला-पोसा, लेकिन पूरे राष्ट्र ने हमें चैंपियन बनाने में एकजुट होकर मदद की। तिरंगे के लिए लड़ने से बड़ा कोई सम्मान नहीं हो सकता है, और आपके प्यार और प्रेरणा से यह संभव हो सका। हम आपके प्रति आभारी हैं और अपने सार्वजनिक एवं निजी सहयोगियों के भी योगदान के लिए धन्यवाद करते हैं। हम विशेष रूप से सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए आभारी हैं। उन्होंने आगे कहा, आपके विश्वास का एकमात्र उत्तर यही है कि हम अपनी खेल प्रतिभा, अनुभव, दृढ़ता और सफलता को खेल



की सेवा में समर्पित करें। हम तीनों ने इसीलिए कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) का गठन किया है। डब्ल्यूसीएसएल, एक विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय लीग है, जो हमारे पहलवानों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर वैश्विक खेल में अपनी पहचान बनाने के लिए कौशल और ताकत प्रदान करेगी।

यह एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी, विशेषज्ञों द्वारा संचालित वातावरण में सर्वश्रेष्ठ समर्थन प्रणालियों के साथ किया जाएगा। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत के भी लीग में भाग लेने की बात कही जा रही है। साक्षी ने कहा, हमें खुशी है कि अमन हमारे विज़न को शेयर करते हैं और इस यात्रा में हमारे साथ जुड़े हैं।

अमन ने कहा है कि यह लीग एक बहुत प्रशंसनीय पहल है जो भारतीय कुश्ती के लिए बहुत फायदेमंद होगी, इसलिए मैं इसका हिस्सा बनना चाहता हूँ और पूरी तरह से इसका समर्थन करता हूँ। हम भारतीय कुश्ती के इस चमकते सितारे के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। साक्षी ने आगे लिखा, कुश्ती में भारतीय खेलों की सबसे प्रेरक कहानियों में से कुछ की वीरता, गौरव और समुदाय की भावना निहित है। डब्ल्यूसीएसएल के माध्यम से हम उन कहानियों को भी जीवंत करेंगे! हालांकि डब्ल्यूसीएसएल का ध्यान कुश्ती पर है, लेकिन यह हमारी भारतीय खेलों में निरंतर उच्च प्रदर्शन की संस्कृति को विकसित करने और हर भारतीय को खेल की खुशी का अनुभव कराने की तीव्र इच्छा से प्रेरित है।

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित की

एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंका ने बुधवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में ओशादा फर्नांडो की वापसी हुई है, जबकि निशान मदुश्का टीम में जगह बनाने से चूक गए हैं। ओशादा 18 महीने की अनुपस्थिति के बाद श्रीलंका की टीम में वापस आ रहे हैं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने ए टीम के साथ अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद वापसी की है, जो अभी दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर रही है।

दो मैचों की श्रृंखला के पहले अनौपचारिक टेस्ट में, ओशादा ने 122 और 80 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन किया, जिससे श्रीलंका की ए टीम जीत गई। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका की हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान, मदुश्का ने दो टेस्ट में 4, 0, 7 और 13 के स्कोर बनाए। खराब फॉर्म के कारण उन्हें तीसरे टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया। भले ही ओशादा टीम में वापस आ गए हैं, लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो सकता है। न्यूजीलैंड सीरीज में श्रीलंका के लिए प्लेइंग इलेवन में दिमुथ करुणारत्ने, निसांका, कुसल मेंडिस, दिनेश चांदीमल, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डी सिल्वा और कामिंडू मेंडिस सभी अपनी जगह बनाए रखने की संभावना रखते हैं।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में इंग्लैंड के कप्तान होंगे ब्रूक**



**लंदन।** हैरी ब्रूक अपने करियर में पहली बार इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे, उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए कप्तान बनाया गया है। जोस बटलर के पांच मैचों की सीरीज से बाहर होने के बाद ब्रूक को कप्तान बनाया गया है। बटलर, जिन्हें टी20आई के लिए भी नहीं चुना गया था, अपनी पिंडली की चोट से उबर रहे हैं जो उन्हें पहले लगी थी। बटलर की चोट ने लियाम लिविंगस्टोन के लिए भी वनडे टीम में वापसी के दरवाजे खोल दिए हैं, जिन्हें पहले नजरअंदाज किया गया था। इस तेजतर्रार ऑलराउंडर को मौजूदा टी20आई सीरीज में अब तक पांच विकेट चटकाने और दूसरे टी20आई में सिर्फ 47 गेंदों पर 87 रन बनाने का इनाम मिला है। बटलर, जो जुलाई के अंत में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से नहीं खेले हैं, अब नवंबर में कैरिबियन दौरे के लिए टीम में वापसी का लक्ष्य रखेंगे। ब्रूक, जिन्होंने 2018 में अंडर-19 विश्व कप में इंग्लैंड की कप्तानी की थी, हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ओली पोप के डिप्टी थे, जहां बेन स्टोक्स अनुपस्थित थे।

## शंघाई में तूफान बेबिनका की दस्तक, फ्लाइट्स रद्द रेलगाड़ी, स्कूल-कॉलेज बंद

**बीजिंग।** चीन के सबसे बड़े औद्योगिक शहर शंघाई में इस साल का 13वां तूफान बेबिनका दस्तक दे चुका है । आज सुबह साढ़े सात बजे चली तेज हवा से कई जगह पुराने वृक्ष उखड़ गए। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इसका प्रभाव पुडोंग जिले के लिंगांग क्षेत्र में नजर आया। हवाई, रेल और बस सेवा को रद्द कर दिया गया। स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी कर दी गई है। शंघाई केंद्रीय मौसम विज्ञान वेधशाला का कहना है कि बेबिनका 75 वर्ष के इतिहास में शंघाई में आया सबसे शक्तिशाली तूफान है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, शनिवार रात को आए तूफान के आज पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत के किदोंग के उत्तर और पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के निंगबो के दक्षिण के इलाकों के बीच टकराने की आशंका है। रविवार रात आठ बजे शंघाई के दोनों हवाई अड्डों से उड़ानें रद्द कर दी गईं।

# यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले अपराधी जाएंगे जेल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल हादसों के पीछे साजिश की चर्चा के बीच आज रोष जताते हुए कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले एक एक अपराधी को पकड़ कर कानून के हवाले किया जाएगा।

श्री वैष्णव ने रेल हादसों के पीछे साजिश होने को लेकर पहली बार ऐसी कठोर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवालों के जवाब में कहा, मैं उन्हें स्पष्ट रूप से चेतावनी देता हूं। हम ऐसा करने वाले एक-एक को पकड़ेंगे, एक-एक के पीछे जाएंगे। किसी भी हालत में जो देश के दो करोड़ यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं, जिम्मेदारी के साथ उनकी सुरक्षा करेंगे। किसी को भी यात्रियों की सुरक्षा के साथ खेलने नहीं देंगे। हमें इतना चौकन्ना रहना है कि इस तरह के



हर प्रयास को विफल कर सकें। उल्लेखनीय है कि इन दिनों रेलवे ट्रैक पर साजिश के तहत कई तरह की चीजें रखे जाने की रिपोर्टें आ रही हैं। इसे लेकर रेल मंत्री ने ऐसी साजिश रचने वालों को चेताया है। श्री वैष्णव ने कहा आज से दस साल पहले देश में हर साल 171 रेल दुर्घटनाएं होती थीं लेकिन आज यह आंकड़ा घट कर 40 तक आ गया है। उन्होंने कहा कि अभी भी दिन रात मेहनत करके ढांचागत बदलाव करने पर फोकस है जिससे कि दुर्घटनाओं की संख्या 40 से भी कम करें। आने वाले दिनों में हम और जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे। यात्रियों की सुरक्षा को और सुनिश्चित करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### आईपीओ लाने के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल

**मुंबई।** मुंबई स्थित फैबटेक टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने सोमवार को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष कंपनी के दाखिल डीआरएचपी के मुताबिक 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ पूरी तरह से 1.20 करोड़ इक्विटी शेयरों का नया इश्यू है। इस आईपीओ में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण भी शामिल है। इसके अलावा इसमें कर्मचारी आरक्षण हिस्से में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को छूट दी जा रही है। फैबटेक टेक्नोलॉजीज लिमिटेड इस आईपीओ से प्राप्त 120 करोड़ रुपये का उपयोग कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए करेगी। कंपनी प्री-आईपीओ राउंड के जरिए 10 करोड़ रुपये तक जुटा सकती है। अगर ऐसा प्लेसमेंट पूरा हो जाता है, तो नए इश्यू का आकार कम हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुंबई स्थित कंपनी फैबटेक टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कई तरह के ग्राहकों के लिए चुनिंदा फार्मास्युटिकल उपकरणों की डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, खरीद, स्थापना और परीक्षण सहित व्यापक स्टार्ट-टू-फिनिश समाधान प्रदान करती है। कंपनी का नेतृत्व आसिफ अहसान खान, हेमंत मोहन अनावकर और आरिफ अहसान खान करते हैं।

### चुनाव से पहले नकदी, ड्रग्स, शराब और केरोसिन जब्त

**पुंछ।** जिला चुनाव अधिकारी पुंछ विकास कुंडल के तत्वावधान में जिला चुनाव अधिकारियों ने पुंछ जिले में नकदी, ड्रग्स, शराब और केरोसिन की बड़ी मात्रा में जब्ती की है। ये उपाय चल रहे विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अवैध तरीकों पर अंकुश लगाने के लिए ईसीआई के कठोर प्रयासों का हिस्सा हैं।

इसके अतिरिक्त जिला पुलिस ने भांग के बागानों को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है जो एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। अभियान के दौरान डीईए ने 2,82,090 रुपये नकद, 90,000 रुपये की कीमत की 12.28 ग्राम हेरोइन, 80,000 रुपये की कीमत की 261 बोतल शराब और 380 लीटर केरोसिन और कच्चा माल जब्त किया। वहीं एक अलग अभियान में पुंछ जिला पुलिस ने फ्लाइंग स्क्वॉड के सहयोग से सुरनकोट, पुंछ और मेंढर में 43 स्थानों पर भांग के पौधों को नष्ट करने का अभियान चलाया जिसके परिणामस्वरूप 342 किलोग्राम भांग नष्ट की गई जिसकी कीमत 23.4 लाख है।

### श्रीलंका में प्रधानमंत्री का पद मिल सकता है महिला को

**कोलंबो।** नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) सांसद विजेता हेराथ ने आज संकेत दिया कि एनपीपी सरकार में प्रधानमंत्री एक महिला हो सकती हैं। श्रीलंका के अखबार डेली मिरर की खबर के अनुसार उन्होंने यह दृष्टिकोण मिनुवांगोडा में एक बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि 21 सितंबर को जीत के बाद संविधान के अनुच्छेद 47.3 के तहत राष्ट्रपति के पास निहित शक्तियों के साथ नया मंत्रिमंडल गठित किया जाएगा। इसके बाद संसद भंग कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी खेमा सवाल करता है कि अगर अनुरा कुमार राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो एनपीपी सरकार कैसे चला सकती है? हेराथ ने कहा कि अनुरा के राष्ट्रपति बनने के बाद लक्ष्मण निपुनाराची नए सांसद के रूप में शपथ लेंगे। लक्ष्मण कोलंबो जिले में अधिमान्य वोटों की सूची में आगे हैं। उन्होंने कहा कि हम चार सदस्यों का एक मंत्रिमंडल गठित कर सकते हैं। हेराथ ने कहा कि स्विट्जरलैंड में केवल सात सदस्यीय मंत्रिमंडल है। चार सदस्यीय मंत्रिमंडल संसदीय चुनाव के बाद नए मंत्रिमंडल के गठन होने तक दो महीने तक चल सकता है। उन्होंने कहा कि संसद में पार्टी का प्रतिनिधित्व करने के लिए डॉक्टर, इंजीनियर और वकील जैसे कई पेशेवर हैं। उन्होंने कहा, क्या आपमें से कोई हरिनी अमरसूर्या को सांसद बनने से पहले जानता था? अब पूरा देश उन्हें जानता है।

### मैकडॉनल्ड्स ने लॉन्च किया गॉमे बर्गर्स का 'सिग्नेचर कलेक्शन'

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मैकडॉनल्ड्स इंडिया-नॉर्थ एंड ईस्ट ने गॉमे बर्गर्स के लाइनअप के रूप में नया 'सिग्नेचर कलेक्शन' पेश करने का एलान किया है। इस सिग्नेचर कलेक्शन का उद्देश्य मैकडॉनल्ड्स के आइकॉनिक मेन्यू में खास व्यंजन को जोड़ते हुए बढ़ते प्रीमियम सेगमेंट में अपनी मौजूदगी बढ़ाना है। इसके माध्यम से क्विक सर्विस रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में क्वालिटी और फ्लेवर को लेकर नए मानक स्थापित किए जाएंगे।

लॉन्च से ठीक पहले मैकडॉनल्ड्स ने 'इमेजिंड इन एआई' कैंपेन शुरू किया है, जिसका लक्ष्य एआई टेक्नोलॉजी का लाभ उठाते हुए ग्राहकों को एक आकर्षक अनुभव देना है, जहां वे 'सिग्नेचर कलेक्शन' को इमेजिन कर सकते हैं। इस कैंपेन के तहत यूजर्स से मिले इनपुट को एआई-जनरेटेड विजुअल्स के साथ मिलाकर ग्राहकों को ब्रांड के संग एक बेहतरीन अनुभव दिया जाएगा, साथ ही उन्हें सिग्नेचर कलेक्शन रिवार्ड कार्ड बेनिफिट पाने का मौका भी मिलेगा। नए सिग्नेचर कलेक्शन की लॉन्चिंग के मौके पर मैकडॉनल्ड्स इंडिया - नॉर्थ एंड ईस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने कहा, 'हमने गॉमे बर्गर्स के सिग्नेचर कलेक्शन के लिए कुछ खास इनग्रेडिएंट्स को चुना है, जिससे बेहतरीन स्वाद का अनुभव होगा। हर बर्गर को खास अनुभव देने के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाएगा, जहां हर बाइट के साथ रोम-रोम खिल उठेगा। इस कलेक्शन के माध्यम से डाइनिंग एक्सपीरियंस को नई ऊंचाई मिलेगी, जिसमें गॉमे की क्वालिटी और मैकडॉनल्ड्स के पसंदीदा फ्लेवर्स का साथ मिलेगा।

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग दोनों तरफ से खुला

**जम्मू।** जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग सोमवार को दोनों तरफ से खुला है। आज हाईवे पर दोनों तरफ से छोटे वाहन चल रहे हैं। इसके साथ आज बड़े वाहनों को भी हाईवे पर चलने की अनुमति दी जा रही है। ऐसा यातायात पुलिस की एडवाइजरी में कहा गया है। यातायात कंट्रोल यूनिट रामबन से मिली जानकारी के अनुसार छोटे और बड़े वाहनों को सुबह से ही हाईवे पर छोड़ा जा रहा है। कुछ एक स्थानों पर जाम लग रहा है क्योंकि राजमार्ग पर बड़े वाहनों के खराब होने की भी सूचना है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि जहां भी सिंगल वे हो वहां ओवरटेक न करें। अगर लोगों को जाम से बचना है तो वह कतारों में चलें और नियमों का भी सख्ती से पालन करें।

### पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप पलामू सेंट्रल जेल शिफ्ट

**पलामू।** रांची के होटवार जेल में बंद नक्सली संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को पलामू जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। जेल में बंद रहते हुए पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप कई लोगों से लेवी मांग रहा था, जिसके बाद जेल प्रशासन ने उसे पलामू जेल में शिफ्ट करने का निर्णय लिया । उल्लेखनीय है कि पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआइए ने 21 मई 2023 को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर विमान से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया गया था। दिनेश गोप के खिलाफ झारखण्ड, बिहार और ओड़िसा में हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआइ के लिए धन जुटाने से संबंधित 102 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पलामू सेंट्रल जेल के जेलर प्रमोद कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि भारी सुरक्षा के बीच सोमवार शाम दिनेश गोप को पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया।

# कल होंगी दो खगोलीय घटनाएं, सुबह उपछाया चंद्रग्रहण व शाम को सुपरमून

एजेंसी

**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए बुधवार, 18 सितंबर का दिन खास होने जा रहा है। इस दिन चंद्रमा से जुड़ी दो खगोलीय घटनाएं दिखने जा रही हैं। सुबह 6 बजकर 11 मिनिट पर पश्चिम में अस्त होता हुआ चंद्रमा कुछ मिनट के लिए उपछाया ग्रहण के साए में रहेगा तो वहीं शाम को पूर्व में उदित होकर यह सुपरमून के रूप में ज्यादा बड़ा और चमकीला नजर आएगा।

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने सोमवार को इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को देश एवं मध्य प्रदेश के पश्चिमी भागों में सुबह जब चंद्रमा पश्चिम में अस्त होने वाला होगा, तब वह कुछ मिनट के लिए वह उपछाया ग्रहण के साये में रहेगा। चंद्रमा और सूर्य के बीच पृथ्वी के आ जाने से चंद्रमा इस समय पृथ्वी की उपछाया वाले भाग में होगा, जिससे उसकी चमक में मामूली कमी आएगी। खाली आंखों से देखने पर तो इसे महसूस नहीं किया जा सकता लेकिन टेलिस्कोप से इसे देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के उज्जैन, देवास, इंदौर, रतलाम, धार, बड़वानी, झाबुआ, खरगौन, नीमच आदि जिलों में कुछ मिनट तक उपछाया चंद्रग्रहण की यह खगोलीय घटना होगी।

> खगोल विज्ञान में इसे कार्नमून तथा हार्वेस्ट मून भी नाम दिया गया

प्रदेश के बाकी भागों में सुबह सूर्य उदित हो जाने और चंद्रमा के अस्त हो जाने से इसे नहीं देखा जा सकेगा। सारिका ने बताया कि शाम को पूर्व में जब चंद्रमा उदित होगा, तब पृथ्वी से इसकी दूरी कम होकर मात्र तीन लाख 57 हजार 286 किलोमीटर रह जाएगी। पृथ्वी के पास आ जाने के कारण चंद्रमा अपेक्षाकृत बड़ा और अधिक चमकीला दिखेगा और सुपरमून कहलाएगा। खगोल विज्ञान में इसे कार्नमून तथा हार्वेस्ट मून भी नाम दिया गया है। इसे पूरे देश में देखा जा सकेगा।

## एलआईसी ने अगली पीढ़ी के डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए इंफोसिस को चुना

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अगली पीढ़ी के डिजिटल प्लेटफॉर्म (मंच) के लिए सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी इंफोसिस को चुना है। इस समझौते के तहत इंफोसिस एलआईसी को ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर अनुभवों और डेटा आधारित वैयक्तिकरण सुविधाएं प्रदान करेगा। इंफोसिस ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में यह जानकारी दी है। कंपनी ने बताया कि देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी के साथ इंफोसिस ने सहयोग का समझौता किया है, ताकि एलआईसी डीआईवीई नामक अपनी डिजिटल रूपांतरण पहल को आगे बढ़ा सके। इंफोसिस के मुताबिक इस समझौते के तहत वो एलआईसी के साथ मिलकर डिजिटल इनोवेशन एंड वैल्यू एन्हांसमेंट नामक अपनी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पहल को आगे बढ़ाया है। कंपनी ने बताया कि एलआईसी ने बैंकिंग, वित्तीय और बीमा क्षेत्रों में इंफोसिस की गहन विशेषज्ञता और अनुभव को देखते हुए उस चुना है।

# धामी सरकार प्रतिमाह सौ यूनिट तक विद्युत खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत देगी सब्सिडी

> सीएम ने प्रदेशवासियों को जन्मदिवस के अवसर पर दी अनेक सौगात

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार राज्य में प्रतिमाह 100 यूनिट तक विद्युत खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी देगी। उच्च हिमालयी क्षेत्रों के लिए यह मानक 200 यूनिट तक रहेगा। यह सुविधा 01 किलोवाट तक विद्युत भार वाले उपभोक्ताओं को मिलेगी। इस योजना से 11 लाख 50 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अपने जन्मदिवस के अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को अनेक सौगात दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पिटकुल की एडीबी वित्त पोषित 05 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन 05 परियोजनाओं में 220 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन सेलाकुई और संबंधित लाइन के निर्माण कार्य, 132 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन आराघर एवं संबंधित लाइन के निर्माण कार्य, 132 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन लोहाघाट एवं संबंधित लाइन के निर्माण कार्य, 132 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन धौलाखेड़ा और संबंधित लाइन के निर्माण कार्य और 132 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन खटीमा द्वितीय और संबंधित लाइन के निर्माण कार्य शामिल हैं।



**मुख्यमंत्री ने 101 लाभार्थियों को सौंपी चाबी**

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत निर्मित लक्ष्मी आवास योजना शिकारपुर, रुड़की, हरिद्वार के भवनों के 101 लाभार्थियों को कब्जा पत्र और चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड के सतत विकास के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। आज विद्युत की जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, इनसे राज्य में विद्युत की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था में और सुधार होगा। इससे राज्य में उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ ही रोजगार में भी वृद्धि होगी। इससे राज्य की आर्थिकी को और मजबूत आधार मिलेगा। स्मार्ट मीटरों से ऊर्जा आपूर्ति प्रणाली सुदृढ़ होगी और आम जनता की बिलिंग सबंधी समस्याएं भी दूर होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रही है।कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को कई सौगात दी हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी आज पीएमएवाई के 26 लाख लाभार्थियों के गृह प्रवेश समारोह में लेंगे भाग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को ओडिशा की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री वहां 'सुभद्रा'- सबसे बड़ी, एकल महिला-केंद्रित योजना का शुभारंभ करने के अलावा देश भर के पीएमएवाई के 26 लाख लाभार्थियों के गृह प्रवेश समारोह में भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार प्रधानमंत्री 17 सितंबर को सुबह करीब 11.15 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) शहरी के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। इसके बाद दोपहर लगभग 12 बजे, वह ओडिशा के भुवनेश्वर में 3800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे।प्रधानमंत्री भुवनेश्वर में ओडिशा सरकार की प्रमुख योजना 'सुभद्रा' का शुभारंभ करेंगे। यह सबसे



बड़ी, एकल महिला-केंद्रित योजना है और इसमें एक करोड़ से अधिक महिलाओं को शामिल करने की उम्मीद है। इस योजना के तहत, 21-60 वर्ष की आयु के सभी पात्र लाभार्थियों को 2024-25 से 2028-29 के बीच 5 वर्षों की अवधि में 50,000 रुपये मिलेंगे। दो समान किस्तों में प्रति वर्ष 10,000 रुपये की राशि सीधे लाभार्थी के आधार-सक्षम और डीबीटी-सक्षम बैंक खाते में जमा की जाएगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर, प्रधानमंत्री 10 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में धन हस्तांतरण की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री भुवनेश्वर में 2800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। ये रेल परियोजनाएं ओडिशा में रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ाएंगी और क्षेत्र में विकास एवं कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी। वह 1000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री लगभग 14 राज्यों के पीएमएवाई-जी के तहत लगभग 13 लाख लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त जारी करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान देश भर के पीएमएवाई (ग्रामीण और शहरी) के 26 लाख लाभार्थियों के लिए गृह प्रवेश समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री पीएमएवाई (ग्रामीण और शहरी) लाभार्थियों को उनके घर की चाबियां सौंपेंगे। वह पीएमएवाई-जी के लिए अतिरिक्त घरों के सर्वेक्षण के लिए आवास 2024 ऐप भी लॉन्च करेंगे।

## भोपाल के पास मिसरोद-मंडीदीप के बीच पार्सल ट्रेन के चार डिब्बे पटरी से उतरे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के पास मिसरोद-मंडीदीप रेलवे स्टेशन के बीच सोमवार को एक मालगाड़ी के चार पहिए पटरी से उतर गए।भोपाल से रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और पहियों को वापस पटरी पर लाने के काम में जुट गई है। बताया जा रहा है कि पहियों को ट्रैक पर लाने में 8 से 10 घंटे लग सकते हैं। हालांकि, यातायात पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि भोपाल से सोमवार को दोपहर 12.45 बजे मालगाड़ी इटारसी के लिए रवाना हुई थी। इस वक्त मिसरोद और मंडीदीप के बीच इंजीनियरिंग विभाग का कासन (ट्रेन की स्पीड नापना) चल रहा है। मालगाड़ी कासन की जगह पर ही मालगाड़ी डिरेल हो गई। गाड़ी की चार बोगी के पहिए पटरी से नीचे उतर गए। पहिए उतरने की वजह साफ नहीं हुई है, लेकिन रेलवे की टीम पहियों को पटरी पर लाने के काम में जुटी हुई है।

# लॉमेन ने यूपी के सुल्तानपुर में खोला अपना पहला स्टोर



समृद्धि न्यूज

**सुल्तानपुर ।** केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड (केकेसीएल) के प्रतिष्ठित मेंस फैशन ब्रैंड लॉमेन ने आज उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में अपने पहले स्टोर का शुभारंभ किया। इसी के साथ, ब्रैंड ने उत्तर प्रदेश के बाजार में अपनी उपस्थिति और मजबूत करने की योजना पर प्रकाश डाला। लॉमेन की योजना उत्तर प्रदेश के प्रमुख बाजारों में और 40 नए स्टोर्स खोलने की है।

लॉमेन ने उत्तर प्रदेश के फैशनेबल पुरुषों की स्मार्ट, स्टाइलिश और आरामदायक कपड़े पहनने की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए तेजी से यह विस्तार करने की योजना बनाई है। पुरुषों के सबसे बड़े एवं शानदार स्टोर के साथ शहर में अपने प्रवेश के साथ, लॉमेन ट्रेंडी एवं इन-वोग कलेक्शंस लेकर आएगा। यह स्टोर 850 वर्गफीट के क्षेत्र में फैला हुआ है और श्रेणी में सबसे बेहतरीन ट्रेंडिंग डिज़ाइन्स और नए ज़माने के फैब्रिक्स पेश करता है। यह पुरुषों के कैजुअल, दफ्तर तथा पार्टियों में पहनने वाले कपड़ों का स्टैंडर्ड बढ़ाता है। हर उपभोक्ता के लिए परफेक्ट, यह स्टोर पुरुषों को उनके वार्डरोब के लिए तरह-तरह के परिधान पेश करता है। यहाँ ग्राहकों के लिए सुबह से लेकर रात तक पूरे दिन अलग-अलग अवसरों के लिए फैशनेबल कपड़े मौजूद हैं।